सूर्योदय 6:17 सूर्यास्त 6:37

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10.0 न्यू | 20.0 अधि |
| धर्मशाला | 12.0 न्यू | 22.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75,273 |
| निफ्टी | 23,306 |
| सोना 1,46,200 | चांदी 2,35,350 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 27 मार्च 2026 | 14 चैत्र, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 87, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### मणिपुर में उग्रवादियों की आर्मी पोस्ट पर फायरिंग

**एजेंसी, इंफाल।** मणिपुर में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने फूल्हांग में आर्मी पोस्ट पर फायरिंग की। घटना बुधवार रात 11:40 बजे की है। इंडियन आर्मी और सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) की 58वीं बटालियन ने जवाबी फायरिंग की। करीब 30 मिनट तक गोलीबारी चली। गुरुवार सुबह सेना ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। इससे पहले, मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पटसोई पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले पटसोई इलाके से यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया, और इंफाल पश्चिम जिले में अवैध रूप से बनाए गए छह बंकरों को ध्वस्त कर दिया। (अनंत ज्ञान)

### जोधपुर में आईएसआईएस का हैंडलर गिरफ्तार

**एजेंसी, जोधपुर।** जोधपुर में आतंकी संगठन से आईएसआईएस से जुड़े हैंडलर को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी युवक के फोन से आईएसआईएस से जुड़े संदिग्ध वीडियो बरामद हुए हैं, जिन्हें वह सोशल मीडिया ग्रुप में शेयर कर युवाओं का ब्रेनवॉश कर कट्टरपंथी विचारधारा से जोड़ता था। वह पहले से जेल में बंद आईएसआईएस से जुड़े अन्य लोगों के संपर्क में भी था। पुलिस ने दो संदिग्धों को भी पकड़ा है। दरअसल, कुछ दिन पहले आंध्र प्रदेश की विजयवाड़ा पुलिस ने आईएसआईएस कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़े एक युवक को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ में जोधपुर के नई सड़क इलाके में रहने वाले जीशान (19) का नाम सामने आया था। (अनंत ज्ञान)

### प. बंगाल में एसआईआर में हटाए 13 लाख नाम

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) की पहली सप्लीमेंट्री लिस्ट में 13 लाख नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं। इसके साथ ही राज्य में कुल हटाए गए वोटरों की संख्या करीब 76 लाख हो गई है। चुनाव आयोग के एक अधिकारी के मुताबिक, 'अंडर एडजुडिकेशन' में रखे गए करीब 60 लाख वोटरों में से 32 लाख नाम की चांज हो चुकी है। इनमें करीब 40% वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं। वहीं, अभी भी करीब 28 लाख मामले पेंडिंग हैं, जिन पर फैसला होना बाकी है। इन मामलों की सुनवाई राज्य में तैनात 705 न्यायिक अधिकारी कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### केदारनाथ-बद्रीनाथ में बिना लिमिट के दर्शन

**एजेंसी, देहरादून।** चारधाम यात्रा शुरू होने से ठीक पहले उत्तराखंड सरकार ने 'कैपिंग' यानी रोजाना श्रद्धालुओं की संख्या तय करने की व्यवस्था खत्म कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने साफ कहा- अब किसी भी श्रद्धालु को दर्शन से नहीं रोका जाएगा, चाहे संख्या कितनी भी हो। यह फैसला तीर्थ पुरोहितों के विरोध के बाद लिया गया है। उत्तराखंड में 19 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है। अब तक करीब 10 लाख श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- मशरूम खेती से अंजू ने लिखी आत्मनिर्भरता की कहानी -पेज 4
- क्रॉस कंट्री दौड़ से दिया नशा मुक्ति का संदेश -पेज 9
- 5.34 करोड़ की लागत से ठोडो ग्राउंड के पास बनेंगी दो नई पार्किंग -पेज 12

## सीएम सुक्खू ने सरकारी आवास में प्रदेशवासियों के साथ मनाया जन्मदिन




ओक ओवर में प्रदेशवासियों के साथ जन्मदिवस मनाते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

### चिनार का पौधा रोपा; 62 किलो का काटा केक, ड्रोन से हुई पुष्प वर्षा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का 62वां जन्मदिवस वीरवार को राजधानी शिमला में बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों, जनप्रतिनिधियों, पार्टी कार्यकर्ताओं तथा अधिकारियों और कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के सरकारी आवास 'ओक ओवर' पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ, दीर्घायु जीवन की कामना की। पूरे माहौल में उत्सव और आत्मीयता की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

जन्मदिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए चिनार का पौधा रोपित किया। उनकी पत्नी एवं देहरा से विधायक कमलेश ठाकुर सहित परिवार के अन्य सदस्य भी इस मौके पर उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अपने जन्मदिन पर करीब 62 किलोग्राम का केक काटा। इस दौरान उन पर ड्रोन से पुष्प वर्षा की गई।

वहीं, सुबह मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश सचिवालय कर्मचारियों द्वारा आयोजित मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो सचिवालय से आरंभ होकर मालरोड स्थित चर्च के समीप संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का बजट जनकल्याण और समावेशी विकास पर केंद्रित है। उन्होंने राज्य की समृद्धि और सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि आने वाले समय में और बेहतर निर्णय लेकर प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने 'सेवा परमो धर्मः' के भाव से कार्य करते हुए हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की बात कही और आरडीजी बंद किए जाने पर चिंता भी व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हिमाचल प्रदेश देश को प्रतिवर्ष लगभग 90 हजार करोड़ रुपए की पारिस्थितिक सेवाएं प्रदान करता है और प्रदेश सरकार अपने अधिकारों के लिए हर मंच पर आवाज उठा रही है। साथ ही उन्होंने वित्तीय अनुशासन और पुरानी पेंशन योजना बहाली जैसे निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनका सकारात्मक असर शीघ्र देखने को मिलेगा।

इस अवसर पर 18 महिला लाभार्थियों को आवास निर्माण हेतु आर्थिक सहायता की पहली किस्त के रूप में एक-एक लाख रुपए भी वितरित किए गए। वहीं, युवा कांग्रेस द्वारा इंदिरा गांधी खेल परिसर में रक्तदान शिविर और बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसने आयोजन को और अधिक जनभागीदारी से भर दिया।

# भारत के लिए खुला 'होर्मुज'

## ईरान ने मित्र देशों के जहाजों को गुजरने की दी इजाजत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने वीरवार को कहा कि उन्होंने भारत समेत कई अन्य मित्र देशों के जहाजों को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने की अनुमति दे दी है। मुंबई में ईरान के महावाणिज्य दूतावास ने एक पोस्ट में बताया कि ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि, 'हमने चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान जैसे मित्र देशों के लिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने की अनुमति दे दी है। ईरान की तरफ से यह ऐलान संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की उन टिप्पणियों के बाद आया है, जिसमें उन्होंने होर्मुज को खोलने की बात कही थी।

इससे पहले 25 मार्च को, न्यूयॉर्क में ईरानी मिशन ने कहा था कि वे होर्मुज से उन जहाजों को गुजरने की अनुमति देंगे जिन्हें उसने 'गैर-शत्रुतापूर्ण जहाज' कहा। मिशन ने एक्स पर एक पोस्ट में एलान किया था कि, 'गैर-शत्रुतापूर्ण जहाज—जिनमें अन्य देशों से संबंधित या उनसे जुड़े जहाज भी शामिल हैं—स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से सुरक्षित मार्ग का लाभ उठा सकते हैं; बशर्ते कि वे ईरान के खिलाफ आक्रामकता की किसी भी कार्रवाई में न तो हिस्सा लें और न ही उसका समर्थन करें, और घोषित सुरक्षा व संरक्षा नियमों का पूरी तरह से पालन करें।' (अनंत ज्ञान)




### होर्मुज का खुला रहना भारत के लिए फायदेमंद

**होर्मुज** का खुलना भारत के लिए जरूरी और फायदेमंद है, क्योंकि इस रूट के जरिए मध्य-पूर्व से रोज 2.5-2.7 मिलियन बैरल से अधिक कच्चा तेल और लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस भारत आता है। इनकी स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित हो, इसलिए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का खुला रहना जरूरी है। कई दिनों से एलपीजी की किल्लत को लेकर चर्चा चल रही थी। हालांकि सरकार ने स्थिति को नियंत्रण में बताया। मगर अब जब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खुल जाएगा, तो भारत में तेल-गैस की आपूर्ति सामान्य तरीके से हो सकेगी। इससे एलपीजी वितरण भी बेहतर होगा और ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी की अटकलों पर विराम लगेगा।

### ईरान ने बाब-अल-मंदेब को बंद करने की दी चेतावनी

**एजेंसी, तेहरान।** अमेरिका द्वारा ईरान के खार्ग द्वीप पर जमीनी हमला (ग्राउंड इनवेजन) करने पर जवाब में ईरान ने बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को बंद करने की चेतावनी दी है। बाब-अल-मंदेब रेड सी का एंट्री प्वाइंट है। यह रेड सी को अरब सागर से जोड़ता है। स्वेज नहर तक जाने वाले जहाज इसी रास्ते से गुजरते हैं। दुनिया के करीब 12 प्रतिशत तेल की सप्लाई यहीं से गुजरती है। यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शिपिंग रूट है। बाब-अल-मंदेब अफ्रीकी देश जिबूती में मौजूद अमेरिकी मिलिट्री बेस इस स्ट्रेट से सिर्फ 30 किमी दूर है। अगर बाब-अल-मंदेब में भी रुकावट आती है, तो मिडिल ईस्ट में चल रहा संघर्ष और बढ़ सकता है।

### इसराइल ने कहा होर्मुज बंद करने वाला ईरानी कमांडर मारा

**तेल अवीवी।** इसराइल ने ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना चीफ अलिरेजा तंगसीरी को मारने का दावा किया है। इसराइल के रक्षा मंत्री काट्ज ने कहा कि ईरान के बंदर अब्बास इलाके में हुई एयरस्ट्राइक में तंगसीरी मारे गए। इसराइली अधिकारियों के मुताबिक, तंगसीरी वही कमांडर थे जिन्होंने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने की प्लानिंग की थी। हालांकि ईरान ने अभी तक तंगसीरी के मौत की पुष्टि नहीं की है।

# आंध्र प्रदेश में डंपर से टकराकर बस में लगी आग, 13 जिंदा जले

## 22 लोग घायल, आग पर 3 घंटे में पाया काबू



**एजेंसी, मरकापुरम**

आंध्र प्रदेश के मरकापुरम जिले में रायवरम के पास वीरवार को एक सड़क हादसा हुआ। एक प्राइवेट ट्रैवल बस और डंपर में टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बस में आग लग गई। बस में सवार 13 यात्री जिंदा जल गए। हालांकि पहले पुलिस की तरफ से पहले 14 मौतों की जानकारी दी गई थी। बाद में सीएम ऑफिस ने मौत का आंकड़े में आफिशियल कंफर्मेशन दिया। अधिकारियों ने बताया कि हरिकृष्णा ट्रैवल्स की बस तेलंगाना के निर्मल से नेल्लोर जा रही थी।

हादसा सुबह 6:00 बजे के करीब हुआ। आग पर करीब तीन घंटे में काबू पाया गया। मरकापुरम के एसपी वी हर्षवर्धन राजू ने कहा, डंपर ड्राइवर समेत 22 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 35 यात्री सवार थे। घटना की पूरी जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने लोगों की मौत पर दुख जताया है। (अनंत ज्ञान)

### पीएम ने जताया शोक, मृतकों के परिजनों को मिलेंगे दो-दो लाख

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के मार्कपुरम जिले में हुए भीषण बस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए व घायलों के लिए 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में केंद्र सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है।

# धर्मशाला में फिर लगेंगे चौके और छक्के

## बीसीसीआई ने आईपीएल के तीन मैच करवाने का किया ऐलान

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में एक बार फिर चौकों और छक्कों की बरसात देखने को मिलने वाली है। बीसीसीआई द्वारा जारी आईपीएल-2026 के दूसरे शेड्यूल के अनुसार, आगामी मई महीने में धर्मशाला के इस मैदान पर कुल तीन मुकाबले खेले जाएंगे।

धर्मशाला में मैचों का सिलसिला 11 मई सोमवार को शुरू होगा, जब पंजाब किंग्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। इसके ठीक तीन दिन बाद 14 मई यानी वीरवार को मुंबई इंडियंस की टीम यहां पंजाब को चुनौती देने पहुंचेगी। इन दोनों मुकाबलों का समय शाम साढ़े सात बजे रखा गया है। वहीं, 17 मई को होने वाला मुकाबला सबसे खास माना जा रहा है, क्योंकि उस दिन रविवार को दोपहर साढ़े तीन बजे पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आरसीबी के बीच भिड़ंत होगी। किंग कोहली और पंजाब के शेरों के बीच होने वाली इस टक्कर को देखने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसकों के उमड़ने की संभावना है। इससे पहले भी धर्मशाला में आईपीएल के 2010 से लेकर 2013 तक सफल आयोजन किए जा चुके हैं।



◆ 11 मई को पंजाब और दिल्ली के बीच होगा पहला मुकाबला

इसके बाद एक बार फिर से 2023 में पंजाब किंग्स ने धर्मशाला को अपना होम ग्रांउड बनाया था, जिसके बाद से भी लगातार बेहतरीन आयोजन धर्मशाला में हो रहे हैं। हालांकि इस बीच पिछले सीजन में धर्मशाला में होने वाला एक महत्वपूर्ण आईपीएल मैच ऑपरेशन सिंदूर के चलते रद्द भी करना पड़ा था।

# पंडोह डैम के समीप बस और कार की टक्कर, दो की मौत

अनंत ज्ञान

**पंडोह।** चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय मार्ग पर पंडोह के पास कार और बस की भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का उपचार जोनल अस्पताल मंडी में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वीरवार सुबह करीब 9 बजे एक निजी बस कुल्लू की ओर जा रही थी, तभी सामने से आ रही कार उससे टकरा गई।

◆ दो गंभीर रूप से घायल, अस्पताल में उपचाराधीन

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में शशांक शर्मा (23) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल गायत्री (22) ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे। घायलों में दीक्षा चौहान और कश्मीर सिंह शामिल हैं।



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहन। अनंत ज्ञान

स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार तेज रफ्तार में थी और अनियंत्रित होकर बस से टकराई। बस चालक ने वाहन को बचाने का प्रयास किया, लेकिन सड़क किनारे खड़ी एक अन्य कार के कारण बस को अधिक किनारे नहीं कर सका। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी मंडी ने हादसे की पुष्टि की है।

# बांग्लादेश में नदी में गिरी बस, 26 लोगों की मौत

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश के राजबाड़ी जिले में हुए बस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। यह हादसा तब हुआ जब यात्रियों से भरी बस दाउलतदिया घाट पर फेरी (बड़ी नाव) में चढ़ते समय पद्मा नदी में गिर गई। फायर सर्विस के मुताबिक, 23 शव बस के अंदर से निकाले गए, जिनमें 11 महिलाएं, 7 पुरुष और 5 बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा 8 लोगों को जिंदा बचाया गया था, लेकिन उनमें से 3 लोगों की बाद में अस्पताल में मौत हो गई। कुछ लोगों की तलाश जारी है। बस में करीब 40 लोग सवार थे। हादसा बुधवार रात को हुआ। तब सिर्फ 2 लोगों की मौत की खबर आई थी। बांग्लादेश में बसों और गाड़ियों को नदी पार कराने के लिए फेरी का इस्तेमाल होता है। यह एक बड़ी नाव या जहाज जैसा होता है। प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली और जांच के आदेश दिए। (अनंत ज्ञान)

◆ बस को बड़ी नाव में चढ़ाते समय हुआ यह हादसा

# होटल-रेस्टोरेंट बिल में अलग से नहीं जोड़ सकेंगे एलपीजी चार्ज

## केंद्र सरकार की चेतावनी- ऐसा किया तो होगी सख्त कार्रवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

होटल-रेस्टोरेंट ग्राहकों से एलपीजी चार्ज' नहीं ले सकेंगे। केंद्र सरकार ने कहा कि रेस्टोरेंट अपने बिल में खाने की कीमत के अलावा केवल सरकारी टैक्स जोड़ सकेंगे। एलपीजी संकट के बीच सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी ने कहा कि होटल-रेस्टोरेंट को अपनी सभी इनपुट कॉस्ट को मेन्यू में दी गई कीमतों में ही शामिल करना होगा। अगर कोई रेस्टोरेंट गैस की बढ़ती कीमतों या किसी अन्य ऑपरेशनल खर्च का हवाला देकर बिल में अलग से चार्ज जोड़ता है, तो यह नियमों का उल्लंघन माना जाएगा। दरअसल, बेंगलुरु के एक कैफे ने नींबू पानी के बिल पर 5% 'गैस क्राइसिस चार्ज' लगाया था। ग्राहक ने दो मिंट लेमोनेड ऑर्डर किए, जिनकी कुल कीमत 358 रुपए थी। कैफे ने 17.90 रुपए (5%) डिस्काउंट दिया, फिर जीएसटी के साथ 5% यानी 17.01 रुपए 'गैस क्राइसिस चार्ज' जोड़ा। इससे कुल बिल 374 रुपए हो गया था। (अनंत ज्ञान)

◆ एक कैफे में 5% गैस क्राइसिस चार्ज वसूलने का मामला आया था सामने

### नायरा ने पेट्रोल 5, डीजल 3 रुपए किया महंगा

**एजेंसी नई दिल्ली।** ईरान जंग के बीच नायरा एनर्जी का पेट्रोल 5 प्रति लीटर और डीजल में 3 महंगा रुपए हो गया है। अब भोपाल में पेट्रोल की कीमत 111.72 रुपए और डीजल 94.88 रुपए पर पहुंच गया है। नायरा एनर्जी की ओर से की गई यह बढ़ोतरी अलग-अलग राज्यों में वहां के लोकल टैक्स और वैट के हिसाब से अलग-अलग हो सकती है। कुछ राज्यों में पेट्रोल की कीमतों में ₹5.30 प्रति लीटर तक का इजाफा देखा गया है।

**तेल संकट** राज्यों में एलपीजी और पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर होगी चर्चा

# यूएस-ईरान जंग पर पीएम आज करेंगे मुख्यमंत्रियों से बात

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी मुख्यमंत्रियों से बात करेंगे। इसमें यूएस-ईरान जंग के बाद बिगड़े हालात पर चर्चा हो सकती है। पश्चिम बंगाल-तमिलनाडु समेत 5 चुनावी राज्यों के सीएम बैठक में शामिल नहीं होंगे। मोदी ने 24 मार्च को राज्यसभा में कहा था कि ईरान जंग जारी रही तो इसके दुष्परिणाम होंगे। आने वाला समय देश की कोरोनाकाल जैसी परीक्षा लेने वाला है। केंद्र-राज्य को मिलकर काम करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम एशिया के हालात पर राज्यसभा में 21 मिनट बोले थे।



उन्होंने कहा कि अमेरिका-इसराइल की ईरान से जंग जारी रही तो इसके दुष्परिणाम होंगे। आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें राज्यों का सहयोग जरूरी है। टीम इंडिया की तरह काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस-तेल, फर्टिलाइजर्स जैसे जरूरी सामान की सप्लाई पर असर पड़ा है। (अनंत ज्ञान)

### देश के पास 60 दिन का तेल और गैस का पर्याप्त भंडार: केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वीरवार को कहा कि देश के पास करीब 60 दिनों का पर्याप्त ईंधन भंडार है। पेट्रोल, डीजल या घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की कोई कमी नहीं है। सरकार ने ईंधन की कमी की खबरों को अफवाह बताकर लोगों से भरोसा न करने को कहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि भारत में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति पूरी तरह से सुरक्षित और नियंत्रण में है। सभी खुदरा ईंधन आउटलेट्स पर पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है। देश में कहीं भी पेट्रोल-डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। मंत्रालय ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे जान-बूझकर चलाए जा रहे एक शरारतपूर्ण और सुनियोजित दुष्प्रचार अभियान से गुमराह न हों, जिसका उद्देश्य बेवजह घबराहट फैलाना है। मंत्रालय ने कहा कि देशभर में 1 लाख से ज्यादा रिटेल ईंधन आउटलेट खुले हैं और बिना किसी रुकावट के ईंधन दे रहे हैं।

### अप्रैल महीने में रूस से 6 करोड़ बैरल कच्चा तेल खरीदेंगे भारतीय रिफाइनर्स

**मिडिल** ईस्ट में जारी यूएस, इसराइल-ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल की सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित हुई है। इस संकट से निपटने के लिए भारतीय रिफाइनर्स ने रूस से भारी मात्रा में तेल खरीदने का फैसला किया है। जानकारी के मुताबिक, अप्रैल महीने की डिलीवरी के लिए भारत ने रूस से लगभग 60 मिलियन यानी 6 करोड़ बैरल कच्चे तेल का सौदा किया है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के प्रभावित होने के बाद भारत को सऊदी अरब और इराक से होने वाली सप्लाई में दिक्कत आ रही थी। इस कमी को पूरा करने के लिए भारत अब फिर से रूसी तेल पर भरोसा जता रहा है। डेटा इंटेलिजेंस फर्म केपलर के मुताबिक, अप्रैल के लिए रूस से की गई यह खरीदारी फरवरी के मुकाबले दोगुने से भी ज्यादा है। मिडिल ईस्ट में तनाव के कारण सप्लाई रुकने से भारतीय कंपनियां अब उन रास्तों को तलाश रही हैं, जहां से तेल की सप्लाई बिना किसी रुकावट के हो सके।

# विजय कुमार ने पुलिस शूटिंग में जीता कांस्य

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट शूटिंग प्रतियोगिता 2025-2026 में हिमाचल प्रदेश पुलिस के उप-पुलिस अधीक्षक विजय कुमार ने व्यक्तिगत श्रेणी में कांस्य पदक हासिल कर प्रदेश और पुलिस विभाग का नाम रोशन किया है।

यह प्रतियोगिता 22 से 30 मार्च 2026 तक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के ग्रुप सेंटर, गुरुग्राम में आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर की विभिन्न पुलिस बलों के श्रेष्ठ निशानेबाज भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पिस्टल/रिवॉल्वर इवेंट 50 यार्ड प्रोन (एसएनएपी) में बिना सहारे (अनस्पोर्टिड ऑन एल्बो विद् डबल हैंड ग्रिप श्रेणी) में विजय कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। उन्होंने विभिन्न राज्यों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के अनुभवी प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ते हुए अपनी सटीकता, धैर्य और निरंतरता का बेहतरीन परिचय दिया। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी विजय कुमार ने इंदौर में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस शूटिंग (स्पोर्ट्स) प्रतियोगिता में दो व्यक्तिगत कांस्य पदक जीते थे।

अंतरराष्ट्रीय स्तर के पिस्टल निशानेबाज के रूप में वे राष्ट्रमंडल, एशियाई और ओलंपिक प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं तथा ओलंपिक पदक विजेता भी हैं। उनकी निरंतर उपलब्धियां न केवल हिमाचल प्रदेश पुलिस बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय हैं और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई हैं।

# कालीबाड़ी मंदिर में अष्टमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिमला के कालीबाड़ी स्थित प्राचीन और आस्था के केंद्र मंदिर में गुरुवार को अष्टमी के पावन मौके पर मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। सुबह होते ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्तों की लंबी कतारें दूर तक नजर आईं, जहां हर कोई माता के दरबार में शीश नवाकर अपनी मुरादें और दुआएं लेकर पहुंचा। पूरा वातावरण भक्तिमय रस में डूबा हुआ दिखाई दिया, जहां हर तरफ 'जय माता दी' के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही।

अष्टमी के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। लोगों में यह गहरा अकीदा है कि कालीबाड़ी मंदिर में सच्चे दिल से मांगी गई हर मन्नत जरूर पूरी होती है। इसी यकीन के साथ लोग अपने परिवारों सहित मंदिर पहुंचे और माता के चरणों में अपनी अरदास पेश की। कई श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर माता की आराधना की और प्रसाद चढ़ाकर अपने जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के पुजारी शंभू भट्टाचार्य ने बताया कि अष्टमी के दिन हर वर्ष की तरह इस बार भी भारी भीड़ देखने को मिली। उन्होंने कहा कि सुबह से लेकर देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और मंदिर परिसर में निरंतर रौनक बनी रही। पुजारी ने यह भी बताया कि श्रद्धालुओं ने बड़े ही अनुशासन और शांतिपूर्ण तरीके से माता के दर्शन किए, जिससे पूरे माहौल में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का एहसास हुआ।

उन्होंने आगे कहा कि आज का नजारा देखते ही बनता था, जहां भक्ति, उल्लास और श्रद्धा का खूबसूरत संगम दिखाई दिया। इस अवसर पर बुजुर्ग, महिलाएं और युवा पूरे जोश और अकीदत के साथ माता के जयकारे लगाते नजर आए। मंदिर परिसर में ऐसा रूहानी माहौल बना रहा कि हर आने वाला श्रद्धालु खुद को एक अलग ही सुकून और आध्यात्मिक अनुभूति से भरता हुआ महसूस कर रहा था।



माता के दर्शनों के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़। अनंत ज्ञान

# कोटखाई क्षेत्र में आज बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लि. के अंतर्गत विद्युत उपमंडल कोटखाई द्वारा जारी सूचना के अनुसार 27 मार्च को कोटखाई, क्यारी तथा बाघी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति निर्धारित समय के लिए बाधित रहेगी। यह अवरोध प्रातः 10 बजे से सायं 7बजे तक 66/22 केवी ग्रिड उपकेंद्र हुल्ली तथा 22 केवी नियंत्रण उपकेंद्र कोटखाई में आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते किया जाएगा। इस दौरान कोटखाई, गुम्मा, महासू, पडारा सहित क्यारी और बाघी उपमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी, जिससे आम जनजीवन पर अस्थायी असर पड़ सकता है। विद्युत विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यह कार्य आवश्यक रखरखाव के तहत किया जा रहा है, ताकि भविष्य में विद्युत आपूर्ति को और अधिक सुचारु बनाया जा सके।

# शहीदों के सम्मान में स्वच्छता की मिसाल



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शहीदों के सम्मान में मेरा भारत मेरी जिम्मेदारी पहल के तहत शिमला में एक प्रभावशाली स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया, जिसमें मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा खेल एवं सांस्कृतिक संघ के स्वयंसेवकों ने मिलकर सक्रिय भागीदारी निभाई।

इस अभियान के दौरान रिज मैदान से जाखू हनुमान मंदिर तक पूरे मार्ग पर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक योगदान दिया। अभियान के दौरान करीब 120 किलोग्राम प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया, जिसमें सिंगल यूज़ प्लास्टिक की मात्रा अधिक रही। स्वयंसेवकों ने न केवल सफाई कार्य किया बल्कि आम लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन चुका है और इसके उपयोग को कम करना अत्यंत आवश्यक है। स्वच्छ और हरित शिमला की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान ने समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया और इसे शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया।

# सीएम के जन्मदिवस पर युवा कांग्रेस का रक्तदान शिविर

## युवाओं ने दिखाया सेवा भाव, खेल परिसर विस्तार की उठी मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के 62वें जन्मदिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा शिमला स्थित इंदिरा गांधी राज्य खेल परिसर में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री स्वयं कार्यक्रम में पहुंचे और रक्तदान करने वाले युवाओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी, सांसद अनुराग शर्मा, विधायक हरीश जनार्था, विधायक सुरेश कुमार तथा महाधिवक्ता अनूप रतन भी मौजूद रहे।

युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में लगभग 93 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर सामाजिक सरोकार का उदाहरण पेश किया। मुख्यमंत्री ने युवाओं के इस सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और इससे जरूरतमंदों को जीवनदान मिलता है। उन्होंने युवाओं से इसी प्रकार समाज सेवा में आगे आने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस ने खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार की मांग भी उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए खेल परिसर से सटी लगभग 10 बीघा भूमि को खेल विभाग को हस्तांतरित करने की मांग की, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया और प्रदेश के विकास के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।




रक्तदान शिविर में युवाओं का उत्साह बढ़ाते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

# राम नवमी पर जालंधर में दिखी आस्था की झलक

## राज्यपाल ने शोभा यात्रा में लिया भाग



राम नवमी पर शोभायात्रा में पहुंचे राज्यपाल कविंद्र गुप्ता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पंजाब के एक दिवसीय दौरे के दौरान राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने जालंधर स्थित प्रसिद्ध शक्ति पीठ देवी तालाब मंदिर में आयोजित राम नवमी शोभा यात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। राज्यपाल की उपस्थिति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया।

राज्यपाल ने कहा कि राम नवमी जैसे पावन पर्व भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं को संजोए रखने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सौहार्द, भाईचारे और एकता की भावना को सुदृढ़ करते हैं। भगवान राम की शिक्षाएं आज भी लोगों को धर्म, सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं, जो वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने शोभा यात्रा के अनुशासित एवं श्रद्धापूर्ण आयोजन के लिए आयोजकों और श्रद्धालुओं की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में सामूहिक जिम्मेदारी और भक्ति का भाव विकसित होता है। इस अवसर पर चरणजीत सिंह चन्नी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, मंदिर समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# विकास और बजट पर सियासी संग्राम दावों और हकीकत के बीच टकराव

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा नेता एवं विधायक रणधीर शर्मा ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बयानों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में विकास के नाम पर केवल श्रेय लेने की राजनीति हो रही है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात चिंताजनक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन योजनाओं को मंत्री अपनी उपलब्धि बता रहे हैं, वे अधिकांशतः केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित हैं। उन्होंने कहा कि यदि मंत्री वास्तव में प्रयासरत होते, तो राजस्व घाटा अनुदान जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी ठोस पहल दिखाई देती। रणधीर शर्मा ने इसे सरकार का दोहरा रवैया बताते हुए कहा कि जनता को भ्रमित करने के लिए तथ्यों को तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है।

◆ **केंद्र की योजनाओं पर श्रेय की राजनीति, विकास कार्यों पर उठे सवाल**

रणधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत बजट को दिशाहीन करार देते हुए कहा कि यह आर्थिक दस्तावेज कम और राजनीतिक भाषण अधिक प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि बजट का बड़ा हिस्सा वेतन, पेंशन, ब्याज और ऋण अदायगी में खर्च हो रहा है, जिससे विकास कार्यों के लिए बहुत सीमित संसाधन बचते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आर्थिक मोर्चे पर पूरी तरह विफल रही है और लगातार बढ़ते करों के बावजूद राजस्व में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो रही, जिससे प्रदेश की वित्तीय स्थिति और अधिक दबाव में आ गई है।

**प्रदेश पर बढ़ रहा कर्ज का बोझ**

**रणधीर** शर्मा ने कहा कि प्रदेश पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है और यह आंकड़ा एक लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच चुका है, जो आने वाले समय में गंभीर आर्थिक संकट का संकेत है। उन्होंने यह भी कहा कि बजट में 80 फीसदी खर्च तय, 20 फीसदी विकास, बजट पर गंभीर सवाल।निवेश, उद्योग और रोजगार सृजन को लेकर कोई ठोस योजना नजर नहीं आती, जबकि पूर्व में की गई घोषणाएं भी अधूरी पड़ी हैं। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नीतियों में समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो हिमाचल को इसके दूरगामी और गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

# विधानसभा अध्यक्ष ने सीएम सुक्खू को जन्मदिवस पर दी शुभकामनाएं



मुख्यमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते विधानसभा अध्यक्ष। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को उनके 62वें जन्मदिवस के अवसर पर आज उनके सरकारी निवास ओक ओवर में शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी रहा। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए प्रदेश के विकास एवं जनकल्याण के लिए उनके नेतृत्व की सराहना की।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को नई दिशा मिली है और सरकार जनहित से जुड़े निर्णयों को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में भी प्रदेश इसी तरह प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा और आमजन को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने युवाओं संग मनाया जन्मदिन, बढ़ाया उत्साह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) शिमला के ब्लड बैंक से आई चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रक्त संग्रहण की पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से संचालित किया गया, जिससे बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर ने आईजीएमसी की टीम के समर्पण और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सेवा और मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं।

इस दौरान एक भावनात्मक और प्रेरणादायक क्षण तब देखने को मिला जब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रक्तदाताओं और युवा कार्यकर्ताओं के साथ अपना जन्मदिन मनाया और केक काटा। उन्होंने युवाओं के साथ संवाद कर उनके इस सामाजिक योगदान की सराहना की और कहा कि रक्तदान जैसे कार्य समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित युवाओं को इसी प्रकार समाज सेवा में सक्रिय रहने का आह्वान किया, जिससे वातावरण में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ।



सीएम सुक्खू कार्यकर्ताओं के साथ जन्मदिन का केक काटते हुए।

**तफ्तीश** | सीएम के प्रधान मीडिया सलाहकार के बेटे के अपहरण मामले में खुलासा

# तीन-चार महीने से रची जा रही थी साजिश, पुलिस ने सभी आरोपी दबोचे

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार के बेटे के अपहरण और फिरौती की साजिश से जुड़ा मामला अब एक बड़े खुलासे के साथ सामने आया है, जिसने पूरे प्रदेश में हलचल मचा दी है। पुलिस की तफ्तीश में यह बात उजागर हुई है कि यह कोई अचानक अंजाम दी गई वारदात नहीं थी, बल्कि इसे बेहद सुनियोजित तरीके से तीन से चार महीनों तक अंजाम देने की तैयारी की जा रही थी। कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाले इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है, जिससे एक बड़ी वारदात होने से पहले ही टल गई।



अनंत ज्ञान फॉलोअप

जानकारी के अनुसार इस संगीन साजिश की परतें तब खुलनी शुरू हुईं जब पहले आरोपी मनीष वर्मा उर्फ मोनू को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपने अन्य साथियों के नाम उजागर किए, जिनमें टशी छेरिंग नेगी, राजेंद्र कुमार उर्फ राजू और मनमोहन चौहान उर्फ अनु शामिल हैं। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि सभी आरोपी एक ही मकसद के तहत एकजुट हुए थे और उन्होंने अपहरण के बाद मोटी फिरौती वसूलने की मंशा से यह पूरा प्लान तैयार किया था।

घटना वाले दिन, यानी 20 मार्च को सभी आरोपी एक ही वाहन में सवार होकर तारापुर इलाके में पहुंचे थे, जहां उन्होंने इस वारदात को अंजाम देने की कोशिश की। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और लोकेशन ट्रैकिंग के जरिए आरोपियों की मौजूदगी को घटनास्थल के आसपास प्रमाणित किया। इसके बाद पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए राजेन्द्र कुमार को मशोबरा के पास से और मनमोहन चौहान को ठियोग स्थित ट्रक यूनियन के समीप से गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले तीन अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जा चुका था, जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर भेजा गया।

**कानून के साथ खिलवाड़ करने वाले को नहीं बख्शेंगे : एसपी**

**इस** पूरे मामले पर एसपी शिमला गौरव सिंह ने सख्त लहजे में कहा कि कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस की सतर्कता और मुस्तैदी के चलते एक बड़ी आपराधिक वारदात को समय रहते नाकाम कर दिया गया। उन्होंने यह भी दोहराया कि ऐसे मामलों में सख्त से सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि समाज में अमन-ओ-अमान कायम रखा जा सके और लोगों का भरोसा कानून पर बरकरार रहे।

# महागौरी के जयकारों से गूंजा एसएसबी दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र कुसुम्पटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के कुसुम्पटी स्थित सशस्त्र सीमा बल दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र में गुरुवार को अष्टमी के पावन अवसर पर मां महागौरी की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ अनुष्ठानिक यज्ञ की पूर्णाहुति की गई। इस धार्मिक आयोजन में कन्या पूजन भी संपन्न हुआ, जिसमें श्रद्धा और आस्था का विशेष संगम देखने को मिला। प्रशिक्षण केंद्र के कमान अधिकारी उप कमांडेंट (संचार) अजय शर्मा ने इस अवसर पर राष्ट्र की उन्नति, संदीक्षा सदस्याओं, जवानों, प्रशिक्षुओं तथा उनके परिवारजनों की सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य के लिए मां भगवती से मंगल कामना की।

सर्वार्थ सिद्धि, ऋद्धि-सिद्धि और रवि योग के शुभ संयोग के बीच पूरा प्रशिक्षण परिसर महागौरी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। मंदिर में विराजमान माता रानी को भोग अर्पित करने के उपरांत हर वर्ष की भांति इस बार भी भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षण परिसर के आसपास के सैकड़ों श्रद्धालुओं और पूजा साधकों ने परिवार सहित प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# कबड्डी टूर्नामेंट में बीबीएमबी बना विजेता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो शिमला।** सतलुज जल विद्युत निगम द्वारा रामपुर एचपीएस में आयोजित 25वें अंतर-सीपीएसयू कबड्डी टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन हुआ, जिसमें बीबीएमबी की टीम विजेता बनकर उभरी। एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक भूपेंद्र गुप्ता ने विजेता टीम को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन कर्मचारियों में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को सुदृढ़ करते हैं। टूर्नामेंट के समापन समारोह में निदेशक (कार्मिक) अजय कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए विजेता एवं उप-विजेता टीमों को ट्रॉफी, पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान किए। फाइनल मुकाबले में बीबीएमबी ने एसजेवीएन को पराजित कर खिताब अपने नाम किया, जबकि पीजीसीआईएल ने द्वितीय उप-विजेता स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर अजय कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि एसजेवीएन सदैव खेलों के प्रोत्साहन के लिए प्रतिबद्ध रहा है, क्योंकि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि मानसिक संतुलन और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन भारत सरकार की 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' जैसी पहलों को मजबूती प्रदान करते हैं। टूर्नामेंट में बीबीएमबी के आकाश को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट', एसजेवीएन के विक्रम शर्मा को 'सर्वश्रेष्ठ रेडर' तथा बीबीएमबी के सुरेंदर सिंह को 'सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर' का सम्मान दिया गया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में विद्युत मंत्रालय, सीईए, बीबीएमबी, एनएचपीसी, पीजीसीआईएल, आरईसी, टीएचडीसी सहित मेजबान एसजेवीएन की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान रामपुर, नाथपा झाकड़ी तथा एलएचईपी परियोजनाओं के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।




सम्मानित खिलाड़ी मुख्यातिथि एवं एसजेवीएन के अधिकारी के साथ।

# ज्वालामुखी में श्रद्धालुओं से भरा ट्रक पलटा, 25 घायल



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो। धर्मशाला/ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी-देहरा मार्ग पर धवाला के तीखे मोड़ पर वीरवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया। पंजाब के मलोट, जिला मुक्तसर से आए श्रद्धालुओं से भरे एक ट्रक के पलटने से करीब 25 श्रद्धालु घायल हो गए, जिनमें से 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, ट्रक में करीब 40 श्रद्धालु सवार थे, जो ज्वालामुखी स्थित ऊषा देवी धर्मशाला में नवरात्रों के दौरान लंगर सेवा कर वापस लौट रहे थे। ट्रक में श्रद्धालुओं के साथ लंगर का राशन भी रखा हुआ था। हादसे के समय ट्रक में सवार राम कुमार ने बताया कि सभी श्रद्धालु मलोट (जिला मुक्तसर, पंजाब) से ज्वालामुखी में हर वर्ष की तरह इस बार भी लंगर सेवा के लिए आए थे और सेवा समाप्त कर वापस लौट रहे थे। धवाला के पास तीखे मोड़ पर अचानक ट्रक अनियंत्रित हो गया और पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को ट्रक से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को सिविल अस्पताल देहरा पहुंचाया गया। कुछ घायलों को निजी वाहनों की सहायता से भी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# सीएम सुक्खू ने आरडीजी को बताया जनता का अधिकार, फिर उठाई आवाज

## जन्मदिवस पर सचिवालय पदयात्रा के दौरान कर्मचारियों से संवाद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर सचिवालय में आयोजित जागरूकता पदयात्रा के दौरान कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए उनसे वेतन स्थगन के मुद्दे पर सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश इस समय वित्तीय चुनौतियों से गुजर रहा है, लेकिन सरकार इन परिस्थितियों से पार पाने के लिए प्रतिबद्ध है।



मुख्यमंत्री अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ अपने जन्म दिवस के मौके पर। अनंत ज्ञान

मुख्यमंत्री ने सचिवालय से पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो रिज मैदान के समीप संपन्न हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार का बजट जनकल्याण केंद्रित है और आने वाले समय में प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए और ठोस फैसले लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) बंद होने के कारण वेतन में देरी की स्थिति बनी है, ऐसे में कर्मचारियों का सहयोग बेहद आवश्यक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार वित्तीय अनुशासन को मजबूत करने के लिए लगातार कदम उठा रही है और इसके सकारात्मक परिणाम जल्द सामने आएंगे। उन्होंने यह भी दोहराया कि सरकार सेवा परमो धर्मः की भावना से कार्य कर रही है, ताकि हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। इस अवसर पर उन्होंने निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की 18 महिला लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में एक-एक लाख रुपये की सहायता भी प्रदान की।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने वर्ष 1952 से मिल रही आरडीजी के बंद होने पर चिंता जताते हुए कहा कि यह किसी प्रकार की सहायता नहीं बल्कि प्रदेश की जनता का अधिकार है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देश को प्रतिवर्ष लगभग 90 हजार करोड़ रुपये की पारिस्थितिक सेवाएं प्रदान करता है, ऐसे में राज्य के अधिकारों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न मंचों पर इस मुद्दे को मजबूती से उठा रही है और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेगी। साथ ही, कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने को सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया।

# मुख्यमंत्री सुक्खू को जयराम ठाकुर ने दी जन्मदिवस की शुभकामनाएं



सीएम सुक्खू को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते जयराम ठाकुर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को जन्मदिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। इस पावन अवसर पर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर जनसेवा के मार्ग पर अग्रसर रहने की कामना प्रभु श्रीराम से की गई।

प्रदेशवासियों के कल्याण एवं समृद्धि के लिए उनके नेतृत्व में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए यह विश्वास व्यक्त किया गया कि उनका मार्गदर्शन हिमाचल को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

जन्मदिवस के इस विशेष अवसर पर उनके उज्ज्वल भविष्य और सतत प्रगति के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त की गईं। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी मुख्यमंत्री सुक्खू को जन्मदिन की बधाई देने उनके आवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना करते हुए प्रदेश के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संदेश दिया।

# नाटी की तान पर झूमे सीएम सुक्खू

## 62वें जन्मदिन पर सादगी और उल्लास का संगम, हरित पहल का दिया संदेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार को अपने 62वें जन्मदिवस को बेहद सादगी और उत्साह के साथ शिमला स्थित सरकारी आवास ओकओवर में मनाया। इस अवसर पर समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी और पारंपरिक नाटी की मधुर तान पर मुख्यमंत्री स्वयं भी झूमते नजर आए। समारोह के दौरान ड्रोन के माध्यम से पुष्प वर्षा ने माहौल को और भी उल्लासमय बना दिया, जिससे पूरा ओकओवर परिसर उत्सव के रंग में रंग गया।

मुख्यमंत्री ने अपनी धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर और समर्थकों के साथ 62 किलोग्राम का चार मंजिला केक काटा। इस अवसर पर उन्होंने चिनार का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने का संदेश भी दिया। सुबह से देर शाम तक बधाई देने वालों का तांता लगा रहा, जिसमें कांग्रेस नेताओं, मंत्रियों, विधायकों सहित आम जनता ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की।



ओकओवर में जन्मदिवस समारोह के दौरान सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति को लेकर भी महत्वपूर्ण संकेत दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कुछ कठिन लेकिन आवश्यक फैसले लिए जाएंगे, जिससे राज्य की वित्तीय स्थिति में सुधार होगा और भविष्य में बिजली दरों को और सस्ता करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही, उन्होंने निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड की महिला लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उनके घर बनाने के सपने को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाया।

# 59 की उम्र में परवीन बनी मिसेज हिमाचल 'स्पेशल कैटेगरी' विजेता

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर टीहरा (हमीरपुर)।** कहते हैं कि सपनों को पूरा करने की कोई उम्र नहीं होती, और इस बात को सच कर दिखाया है हमीरपुर जिले के सुजानपुर टीहरा की परवीन मोहिनी ने। 59 वर्ष की आयु में परवीन मोहिनी ने 'मिसेज हिमाचल 2026' प्रतियोगिता में भाग लेकर न केवल अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, बल्कि 'स्पेशल कैटेगरी' का क्राउन भी अपने नाम किया। उनकी यह उपलब्धि आज प्रदेश की तमाम महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।सफलता का श्रेय परिवार और बेटी को दिया



परवीन मोहिनी ने अपनी इस शानदार जीत का श्रेय अपने परिवार और अपनी बेटी को दिया है। दिलचस्प बात यह है कि उनकी बेटी ने साल 2025 में 'मिसेज हिमाचल' का खिताब जीता था। अपनी बेटी की राह पर चलते हुए परवीन मोहिनी ने यह साबित कर दिया कि हौसला हो तो किसी भी पड़ाव पर सफलता हासिल की जा सकती है।

'मेरी बेटी मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा रही है। पिछले साल उसे ताज पहनते देख मेरा आत्मविश्वास बढ़ा और आज परिवार के सहयोग से मैंने यह मुकाम हासिल किया।'

# हिमकेयर को घोटाला कहना बेशर्मी : जयराम ठाकुर

◆ **सरकार अपनी नाकामियां छुपाने के लिए योजनाओं को बना रही निशाना**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की सियासत में स्वास्थ्य योजनाओं को लेकर आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिमकेयर योजना को घोटाला बताए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे बेशर्मी करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह योजना लाखों जरूरतमंद लोगों के लिए जीवनरेखा साबित हुई है, जिसने गरीब और असहाय वर्ग को उपचार का साहस दिया। उनके अनुसार ऐसी जनहितकारी योजना पर सवाल उठाना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि जनता की भावनाओं के साथ अन्याय भी है।



जयराम ठाकुर ने अपने बयान में कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में हिमकेयर और आयुष्मान जैसी योजनाओं के तहत साढ़े पांच लाख से अधिक लोगों का उपचार किया गया, जिस पर 500 करोड़ रुपये से ज्यादा व्यय हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार जनकल्याण की बजाय राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से काम कर रही है और पूर्व सरकार की सफल योजनाओं को बंद करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उनका कहना था कि सरकार के पास अपनी उपलब्धियों के नाम पर ठोस कुछ नहीं है, इसलिए पुरानी योजनाओं को विवादों में घसीटा जा रहा है।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर भी निशाना साधते हुए कहा कि सदन में खर्च के आंकड़ों को लेकर बार-बार विरोधाभासी बयान दिए जा रहे हैं, जिससे स्थिति और स्पष्ट होने की बजाय और उलझ रही है। ठाकुर ने सवाल उठाया कि हिमकेयर का कुल बकाया कितना है और लोगों को उपचार में आ रही दिक्कतों का जिम्मेदार कौन है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विकास की नई लकीर खींचने के बजाय पुरानी योजनाओं को समाप्त करने में अपनी ऊर्जा खर्च कर रही है, जिसका जवाब प्रदेश की जनता आने वाले समय में जरूर देगी।

# असम चुनाव के लिए मंत्री अनिरुद्ध पर्यवेक्षक नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह को आगामी असम विधानसभा चुनाव 2026 के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने चुनावों के मद्देनज़र अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षकों की नियुक्ति को मंजूरी दी है, जिसके तहत कुल छह नेताओं को यह जिम्मेदारी दी गई है। इनमें हिमाचल से मंत्री अनिरुद्ध सिंह का नाम भी शामिल है, जो चुनावी प्रक्रिया और संगठनात्मक गतिविधियों की निगरानी करेंगे। पार्टी द्वारा नियुक्त ये पर्यवेक्षक राज्य में चुनावी रणनीति को मजबूती देने, कार्यकर्ताओं के समन्वय को बेहतर बनाने और जमीनी स्तर पर पार्टी की स्थिति का आकलन करने में अहम भूमिका निभाएंगे। असम में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं, ऐसे में कांग्रेस ने अनुभवी नेताओं को जिम्मेदारी देकर चुनावी तैयारी को धार देने का प्रयास किया है।

# हिमाचल में एलपीजी संकट गहराया, भारी बुकिंग से बढ़ी चिंता

## कमर्शियल सिलेंडरों की कमी से होटल कारोबार प्रभावित, मार्च के पहले पखवाड़े में 6.45 लाख तक पहुंची बुकिंग

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में एलपीजी गैस को लेकर एक गंभीर स्थिति बनती नजर आ रही है, जहां एक ओर घरेलू सिलेंडरों की बुकिंग में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है, वहीं दूसरी ओर कमर्शियल सिलेंडरों की कमी ने होटल और ढाबा कारोबार को संकट में डाल दिया है। आधुनिक रसोई व्यवस्था के बीच अब कई स्थानों पर पारंपरिक चूल्हों की वापसी हो रही है, जो हालात की गंभीरता को दर्शाती है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में मार्च के पहले 15 दिनों के दौरान एलपीजी बुकिंग बढ़कर लगभग 6.45 लाख तक पहुंच गई, जो फरवरी के मुकाबले 30 से 35 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, इस दौरान आपूर्ति केवल करीब 3.16 लाख सिलेंडरों की ही हो सकी, जिससे मांग और आपूर्ति के बीच 3 लाख से अधिक का बड़ा अंतर पैदा हो गया है। यह अंतर बाजार में बढ़ते दबाव और वितरण व्यवस्था की चुनौतियों को स्पष्ट करता है।



सुंदरनगर में खाली गैस के सिलेंडरों के साथ लाइनों में खड़े लोग। अनंत ज्ञान

कमर्शियल सिलेंडरों की कमी का सीधा असर होटल उद्योग पर पड़ा है। शिमला सहित कई पर्यटन स्थलों पर होटल संचालकों को मजबूरन लकड़ी के चूल्हों का सहारा लेना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, कई होटलों ने अपने मेन्यू में भी बदलाव करते हुए ऐसे व्यंजन हटा दिए हैं, जिन्हें पकाने में अधिक समय और गैस की जरूरत होती है। इससे न केवल कारोबार प्रभावित हुआ है, बल्कि पर्यटकों की संख्या में भी गिरावट देखने को मिल रही है।

एलपीजी सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों ने भी आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। प्रदेश में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 1000 रुपये के पार पहुंच चुकी है, जबकि कमर्शियल सिलेंडर 2000 रुपये से अधिक में मिल रहा है। हालांकि उपभोक्ताओं को कुछ सब्सिडी दी जा रही है, लेकिन डिलीवरी शुल्क और अन्य खर्चों के कारण कुल लागत और अधिक बढ़ जाती है, जिससे आम आदमी का बजट प्रभावित हो रहा है।

# गारंटियों से टैक्स तक, महंगाई के बोझ में पिसती जनता: अनुराग

◆ **कहा-डीजल पर वैट के बाद अब सेस की तैयारी, जनता की जेब पर सीधा असर**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि 2022 में बड़ी-बड़ी गारंटियों के सहारे सत्ता में आई सरकार अब जनता पर लगातार करों का बोझ डाल रही है। उन्होंने कहा कि एक भी प्रमुख गारंटी अब तक पूरी नहीं हुई, जबकि महंगाई और टैक्स के जरिए आम लोगों को आर्थिक दबाव में धकेला जा रहा है। ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा कि राहत का वादा करने वाली सरकार अब टैक्स वसूली की सरकार बन गई है।



उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले डीजल पर वैट बढ़ाकर इसे ₹10.40 प्रति लीटर तक पहुंचाया और अब पेट्रोल-डीजल पर अतिरिक्त सेस लगाने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के इस बयान पर भी उन्होंने सवाल उठाया कि सेस अभी लागू नहीं हुआ है। ठाकुर ने कहा कि जब सरकार की मंशा स्पष्ट है तो यह कदम जल्द ही लागू किया जाएगा, जिसका सीधा असर आम जनता, किसानों, ट्रांसपोर्टरों और छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा।

उन्होंने कांग्रेस सरकार पर अपने करीबी लोगों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जहां जनता महंगाई से जूझ रही है, वहीं चेयरमैनों के वेतन में भारी वृद्धि, महंगी सुविधाएं और विशेष लाभ दिए जा रहे हैं। राज्य की वित्तीय स्थिति पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के कर्ज में धकेल दिया गया है।

**शक्ति प्रदर्शन** 'सांझे मंच' से क्यों किया किनारा, हमीरपुर शहर में तीन अलग-अलग कार्यक्रम

# सीएम के जन्मदिन पर 'वर्चस्व' की जंग में जोर आजमाइश करते दिखे कांग्रेसी

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के जन्मदिन मनाने के बहाने पर हमीरपुर के कांग्रेसी अलग-अलग मंचों पर एक-दूसरे की हौसला-अफजाई करते हुए दिखे। ऐसा लगा कि 'वर्चस्व' की जंग में यह मौका भी उनके लिए खास बनकर आया। सदर सीट पर तीन मुख्य कार्यक्रम हो गए, लेकिन खास बात यह रही कि पार्टी के यहां के प्रमुख लोग एक-दूसरे के इन कार्यक्रमों में हाजिरी लगाने से गुरेज करते नहीं दिखे। थोड़ी-थोड़ी देर के लिए उन्होंने लगभग सभी जगह एक-दूसरे को साथ देने का बहाना जरूर बनाया। मगर एक बात जो खास तौर पर 'झलकी'। वह यह थी कि नेतृत्व क्षमता के अभाव में अलग-अलग मंचों का यह सहारा हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में नई 'करवटें' लेने के लिए एक दूसरे को 'खोखली' तसल्ली जरूर दे गया है।



अपने जन्मदिवस पर गाय को चारा खिलाते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुमन भारती ने गांधी चौक हमीरपुर में ब्लड डोनेशन कैंप के अलावा भंडारे का भी आयोजन करवाया। इसके अलावा बचत भवन में रोजगार मेला भी करवा कर उन्होंने कुछ अलग दिखाने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम में हाजिरी भरने के लिए ही जिला के कई नेता आए तो जरूर, लेकिन ऐसा लगा कि सभी औपचारिकता निभा रहे हैं।

पिछले लगातार दो विधानसभा चुनाव लड़ने वाले डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने घर पर सुखों के जन्मदिन को मनाने के लिए समर्थकों संग अलग तरह का माहौल बनाया उन्होंने पूजा अर्चना की हवन डाला और फिर नशे से लड़ने के लिए युवा कांग्रेस के माध्यम से अभियान को कौन-कौन तक ले जाने के लिए विशेष पोस्ट को लांच किया। यानी कि जो नेता वहां पहुंचे वे बाद में गांधी चौक भी गए। जो गांधी चौक पहुंचे वे एक अन्य कार्यक्रम जो भोटा चौक पर आयोजित किया गया, वहां भी उनका जाना बनता था। क्योंकि किसी को खुश और नाराज नहीं किया जा सकता। हाजिरी भर के सभी की हौसला-अफजाई करने में किसी ने भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। इसमें नेतृत्व क्षमता की कसावट भी कहीं नजर नहीं आई। इसीलिए बिखरे-बिखरे अलग-अलग गुटों में इधर से उधर जाते जब इन नेताओं के चेहरे पढ़े गए, तो वे कई तरह के जुबान तीर भी छोड़ते हुए नजर आए।

उनके लिए समस्या यही थी कि वे क्या करते। अब मुख्यमंत्री के जन्मदिन को मनाने का सभी ने अलग-अलग बीड़ा तो उठा लिया, लेकिन अच्छा होता शहर और आसपास के लोग एक ही जगह इकट्ठे होकर माहौल को गरिमा पूर्ण भी बना सकते थे। मगर सांझा मंच बनाकर एकजुटता का संदेश देने में निश्चित रूप में सभी नेता 'चूक' कर गए। जब दिशाहीन नेतृत्व हो जाए, तो फिर अपनी डफली अपना राज अलापने में भला इन्हें कौन रोक सकता है।

जो भी हो एकजुटता की कमी की तस्वीर साफ तौर पर उजागर हुई है अब सत्ता पक्ष को देखना होगा कि यहां के पार्टी के ढांचे को बेहतरी वाले माहौल में ढालने के लिए आखिर क्या कुछ किया जा सकता है? नहीं तो अपनी डफली अपना राग अलापने में जो माहौल नेताओं की 'नियति' बन चुका है, उस पर विराम लगा रहेगा।

## ब्लॉक स्तर पर नेताओं की सक्रियता दिखी

**हालांकि** जिला अध्यक्ष सुमन भारती ने साफ तौर पर कहा था कि मुख्य कार्यक्रम हमीरपुर में होगा और जिला मुख्यालय के इस कार्यक्रम के अलावा ब्लॉक स्तर पर भी वहां के लोग अपने-अपने तौर पर एक-एक कार्यक्रम तो करेंगे ही। अब यदि ब्लॉक स्तर का ही आंकलन कर लें तो वहां भी अपनी-अपनी सुविधा के मुताबिक खेमेबाजी में नेताओं का रंग साफ तौर पर दिखा सुजानपुर में वहां के विधायक फल फ्रूट के साथ वहां के अस्पताल में मरीजों के पास पहुंचे ब्लॉक के अध्यक्ष हमीरपुर के जिला स्तरीय कार्यक्रम में पहुंचे हुए थे। बड़सर विधानसभा क्षेत्र में भी हाजिरी भरने के लिए सलौणी में कार्यक्रम हो गया। उसमें कितने लोगों ने शिरकत की, यह बताने की जरूरत नहीं है। भोरंज में भी मरीजों को फल फ्रूट बांटने के कार्यक्रम में औपचारिकता निभाने के लिए हर संभव प्रयास करने का माहौल तो बनाया ही था। क्योंकि वहां के विधायक तो शिमला में थे लिहाजा संगठनात्मक तौर पर जितना हो सकता था, हो गया।

# प्रदेश में मौसम ने फिर बदली करवट 28 से 31 तक बारिश की संभावना

◆ **रोहतांग दर्रा सहित ऊंची चोटियों पर हुई बर्फबारी**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में दो दिन की साफ धूप के बाद मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होते ही गुरुवार दोपहर बाद से रोहतांग दर्रा समेत कुल्लू और लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों पर रुक-रुक कर बर्फबारी शुरू हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में ठंड का असर अचानक बढ़ गया है। हालांकि शाम तक अटल टनल और जलोड़ी दर्रे से वाहनों की आवाजाही सामान्य बनी रही, लेकिन बर्फबारी और पुराने हिमपात के कारण दोनों जिलों में 50 से अधिक सड़कें अब भी बंद पड़ी हैं।

शिमला में दिनभर धूप और बादलों की आंख-मिचौनी जारी रही, जिससे मौसम सुहावना तो बना रहा, मगर ठंडी हवाओं ने लोगों को हल्की सर्दी का एहसास करवा दिया। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 26 और 27 मार्च को प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी के आसार हैं, जबकि 28 से 31 मार्च के बीच मौसम और अधिक सक्रिय रहेगा। 29 और 30 मार्च को कई स्थानों पर मध्यम स्तर की बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई गई है। इस दौरान किन्नौर और लाहौल-स्पीति को छोड़कर शेष जिलों में तेज हवाओं और अंधड़ को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग का अनुमान है कि 28 से 31 मार्च के बीच अच्छी वर्षा देखने को मिल सकती है, जबकि 1 अप्रैल को भी मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम का असर बना रहेगा। आगे 3 से 9 अप्रैल के बीच भी कई दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी का सिलसिला जारी रह सकता है, जिससे तापमान में गिरावट का दौर जारी रहेगा। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में फिलहाल कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया है, लेकिन आने वाले दिनों में इसमें 3 से 6 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज होने की संभावना है।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस ने जनता को बनाया बेवकूफ : साहिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के बजट को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। भाजयुमो के प्रदेश प्रवक्ता साहिल शर्मा ने इसे पूरी तरह जनविरोधी करार देते हुए कहा कि सरकार 20 फीसदी सैलरी घटाने का दिखावा कर रही है, जबकि पहले ही उच्च पदों की सुविधाओं में भारी बढ़ोतरी की जा चुकी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में न युवाओं के लिए रोजगार है, न किसानों-बागवानों के लिए राहत और न ही महंगाई से निपटने के उपाय। सरकार पर कर्ज बढ़ाने और विकास योजनाओं की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया गया।

### सीएम बर्थडे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बांटे फल



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के जन्मदिन के अवसर पर बैजनाथ सिविल अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मरीजों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की और सेवाभाव का परिचय दिया। इसके बाद पार्टी कार्यालय के बाहर खीर का भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस युवा नेता रविंद्र बिट्टू ने किया। इस अवसर पर कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे और जन्मदिन को सामाजिक सरोकार के साथ मनाया।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** जिला कल्याण विभाग द्वारा प्रोडक्टिव एगिंग स्कीम्स के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोजित आजीविका प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हो गया। कार्यशाला के अंतिम दिन वरिष्ठ नागरिकों ने अपने हाथों से जुट के बाग तैयार किए। पालमपुर के 70 प्रतिभागियों ने सात दिनों तक मोमबत्ती, कागज के लिफाफे और जुट बाग बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। मौसम की प्रतिकूलता के बावजूद बुजुर्गों का उत्साह काबिल-ए-तारीफ रहा। अपने बने उत्पाद देखकर प्रतिभागियों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास झलक रहा था। समापन अवसर पर एसबीआई के सेवानिवृत्त क्षेत्रीय प्रबंधक ओंकार सूद मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने कार्य को सराहा। आलोक ठाकुर और वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र के मनीष भी उपस्थित थे।

### पंचरुखी में सलयाणा छिंज मेले की तैयारियां पूरी

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पंचरुखी क्षेत्र के राज्य स्तरीय सलयाणा छिंज मेले का शुभारंभ 28 मार्च को होगा। मेले की जानकारी मेला कमेटी अध्यक्ष एवं उपमंडलाधिकारी पालमपुर डॉ. ओपी यादव ने प्रेस वार्ता में दी। इस वर्ष मेले में कुश्ती प्रतियोगिता के विजेता को पहली बार मोटरसाइकिल और 51,000 रुपए नकद पुरस्कार मिलेगा। इसके अलावा वॉलीबाल, कबड्डी और फन गेम्स का आयोजन होगा। तीन सांस्कृतिक संध्याओं में कांगड़ी नाइट, एसी भारद्वाज- अनुज शर्मा का प्रदर्शन और पंजाबी गायक काका व हास्य कलाकार भोटु शाह की प्रस्तुति प्रमुख आकर्षण रहेंगी। मेले में विशेष ट्रैफिक प्लान भी बनाया गया है।

### सुलह में टैक्सी चालकों व दुकानदारों ने लगाया भंडारा



**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह में टैक्सी चालकों व स्थानीय दुकानदारों ने रामनवमी के शुभ अवसर पर बाबा सिद्धरूपी चौक पर विशाल भंडारे का आयोजन किया। इसमें भारी संख्या में लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# धर्मशाला की हरियाली और मौसम के कायल हुए पर्यटक

## बोले- स्वर्ग से कम नहीं हैं धर्मशाला के चाय बागान, खूबसूरत बागान दिला रहे फिल्म शूटिंग की याद

अनंत ज्ञान स्पैशल

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** धर्मशाला में हाल ही में हुई बारिश से मौसम सुहावना बना हुआ है। यहां घूमने आ रहे पर्यटक, मौसम व हरियाली के कायल नजर आ रहे हैं। देश के विभिन्न राज्यों से धर्मशाला पहुंच रहे पर्यटक, मैक्लोडगंज भ्रमण उपरांत चाय बागान व क्रिकेट स्टेडियम के दीदार को पहुंच रहे हैं। महाराष्ट्र से आए पर्यटकों का कहना है कि धर्मशाला के चाय बागान दार्जिलिंग से भी खूबसूरत हैं। यही नहीं यहां की हरियाली और स्वच्छता सही मायने में स्मार्ट सिटी धर्मशाला की तस्वीर बयां करती है। पर्यटकों का कहना था कि धर्मशाला के चाय बागानों में आकर पुरानी फिल्मों की याद आ गई, जिसके चलते उन्होंने भी परिवार सहित फोटो क्लिक करने के साथ वीडियो भी बनाए।

### चाय बागान और हरियाली बेहद खूबसूरत : प्रवति



**महाराष्ट्र** से आई प्रवति इनामदार ने कहा कि धर्मशाला पहली बार आए हैं, चाय बागान और यहां हरियाली बेहद खूबसूरत हैं। चाय बागानों के बाद धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम का भ्रमण करेंगे।

### टीवी पर देखकर हिमाचल आने का मन करता है : अश्वनी



**महाराष्ट्र** से आई अश्वनी सुनील ने कहा कि धर्मशाला में आकर अच्छा लगा, फूड क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए और पर्यटकों को खान-पान की सुविधा सुलभ होनी चाहिए। टीवी में धर्मशाला और हिमाचल को देखकर यहां आने का मन करता है।

### चाय बागान नेचर का गिफ्ट : प्रशांत



**पुणे** से आए प्रशांत ने कहा कि धर्मशाला में चाय बागान नेचर का गिफ्ट है। सरकार यदि रोड़ नेटवर्क पर ध्यान दे तो सुरक्षा और बढ़ जाएगी, क्योंकि रोड़ की कंडीशन ज्यादा सेफ नजर नहीं आ रहा है। धर्मशाला बहुत अच्छी जगह है।

### चाय बागान धर्मशाला का स्वर्ग : नीलेश



**पहली** बार धर्मशाला पहुंचे महाराष्ट्र के नीलेश कुलकर्णी ने कहा कि मैक्लोडगंज में दलाईलामा का बौद्ध मठ बहुत अच्छा है। यहां के चाय बागान, धर्मशाला का स्वर्ग है। हमने दार्जिलिंग भी घूमा है, लेकिन धर्मशाला के चाय बागान दार्जिलिंग से भी खूबसूरत हैं।

### सही मायने में स्मार्ट सिटी है धर्मशाला : डॉ. सुनील



**पुणे** से आए डॉ. सुनील ने कहा कि धर्मशाला में चाय बागानों को देखकर बहुत अच्छा लगा। शिमला में बहुत ठंड थी, लेकिन धर्मशाला में मौसम अच्छा है। धर्मशाला को देखकर सही में लगता है कि यह स्मार्ट सिटी है। सरकार को सड़कों की दशा की ओर ध्यान देना चाहिए साथ ही पर्यटक, पर्यटन स्थलों पर आसानी से पहुंच सकें।

### पर्यटन की दृष्टि से धर्मशाला आकर्षक : चिराग



**गुजरात** के अहमदाबाद से पहली बार धर्मशाला आए पटेल चिराग ने कहा कि दलाईलामा बौद्ध मठ, भागसूनाग के साथ चाय बागानों का भ्रमण किया। अब धर्मशाला स्टेडियम का दीदार करने जाएंगे। पर्यटन की दृष्टि से धर्मशाला आकर्षक है।

# 108 और 102 एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल 6 से

◆ **यूनियन ने 10 अप्रैल तक हड़ताल बारे प्रबंधन को किया सूचित**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में 108 व 102 एंबुलेंस सेवाओं से जुड़े कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। छह से 10 अप्रैल तक सभी कर्मचारी 5 दिनों तक मुख्य कार्यालय शिमला में दिन-रात हड़ताल पर रहेंगे। इस संबंध में कर्मियों की यूनियन ने प्रबंधन को लिखित सूचना सौंप दी है, जिससे आने वाले समय में आपातकालीन सेवाएं प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। 102 व 108 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन (संबंधित सीटू) के जिला कांगड़ा अध्यक्ष प्रशांत ने बताया कि कर्मियों ने अपने नोटिस में मेडसवान फाउंडेशन तथा जीवीकेईएमआरआई के प्रबंधन के समक्ष कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए हैं। इनमें सेवा की निरंतरता और वरिष्ठता से जुड़े मामलों को प्रमुखता से रखा गया है। उन्होंने कहा कि यूनियन की मांगों को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे कर्मियों में रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। हड़ताल होने की स्थिति में प्रदेश की 108 व 102 एंबुलेंस सेवाएं बाधित हो सकती हैं, जिससे मरीजों को आपातकालीन चिकित्सा सुविधा मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, प्रबंधन की ओर से अभी तक इस विषय पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### पिंडेश्वरी मंदिर में श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह का मंचन

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** नवरात्र के अवसर पर पिंडेश्वरी मंदिर नौरा में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह का रंगारंग मंचन किया गया। कथा वाचक पुरोहित संदीप शर्मा ने विवाह प्रसंग का विस्तृत वर्णन किया, जिसमें रुक्मणी ने अपने सच्चे प्रेम और श्रद्धा से श्रीकृष्ण को पत्र लिखा और स्वयंवर से हरण कर विवाह करने का आग्रह किया। भक्तों ने झांकी देख भाव-विभोर होकर भजन और जयकारों के बीच दान-पुण्य किया। इस अवसर पर महंत हरिहर गिरि जी महाराज, ग्रामवासी और गोपाल सेवा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## उत्तम चंद तीसरी बार बने महाशा सभा के प्रधान



नगरोटा बगवां में गांधी ग्राउंड के पास हरी भवन में हुई बैठक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** सतगुरु श्री नाभादास सेवा समिति एवं महाशा सभा ब्लॉक नगरोटा बगवां की पहली मासिक बैठक गांधी ग्राउंड के पास हरी भवन में सलाहकार अमरनाथ तथा सलाहकार रमेश चंद की अध्यक्षता में हुई।

इसमें उत्तम चंद को लगातार तीसरी बार महाशा सभा का प्रधान चुना गया। कुलदीप चंद को संचालक, जीत सिंह को उपप्रधान तथा राजेश कुमार को सचिव, विशाल कुमार को सहायक सचिव, संजीव कुमार को कोषाध्यक्ष तथा बृजलाल को सहायक कोषाध्यक्ष विजय कुमार को प्रेस सचिव तथा संजीव कुमार को सहायक प्रेस सचिव तथा सतपाल कुमार को सदस्य चुना गया। ये सभी सदस्य निर्विरोध चुने गए। अब सभा की अगली बैठक 12 जून को रखी गई है। इस बैठक में सलाहकार अमरनाथ तथा सलाहकार रमेश चंद, कुलदीप चंद, उत्तम चंद, जीत सिंह, राजेश कुमार, संजीव कुमार, बृज लाल, सतपाल कुमार, विजय कुमार, संजीव कुमार, विशाल कुमार आदि सदस्य उपस्थित थे।

## श्री साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन बधानी के होनहार चमके



अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** श्री साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन बधानी पठानकोट कैंपस बीएड तीसरे सेमेस्टर का रिजल्ट्स शानदार रहा।

प्रिंसिपल डॉ. नवदीप सांवल बताया कि मनीषा, रिया त्रेहन, साक्षी देवी, ताशी त्सोमु, दीक्षा, शाइनी ठाकुर, साक्षी ठाकुर, कोमल, अर्शदीप कौर, अस्मिता सिंह, मोनिका, पलक कुमारी, सिकंदर सिंह, रोहित कुमार ने पहली डिवीजन हासिल की है। वहीं, सभी स्टूडेंट्स ने 70 % अंक लेकर कॉलेज के साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। इस अवसर पर ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज और सीएमडी कंवर तुषार पुंज ने स्टूडेंट्स और प्रिंसिपल तथा स्टाफ को बधाई दी। साथ स्टूडेंट्स के आने वाले उज्वल भविष्य की कामना की। साथ में एमडी तृप्ता पुंज ने स्टूडेंट्स के माता-पिता के साथ बात करके उनको बधाई दी। इस अवसर पर डायरेक्टर रणजीत सिंह, प्रिंसिपल डॉ. नवदीप सांवल, हेड ऑफ डिपार्टमेंट जसवंत कौर, स्टाफ आदि शामिल थे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में अनाज वितरण के लिए फेसियल रिकग्निशन प्रणाली शुरू

◆ **फर्जी और अपात्र लोगों को अनाज वितरण रोकने में मिलेगी मदद**

◆ **सदन में राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी को दी जानकारी**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय ने पोषण अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में अनाज वितरण के लिए फेसियल रिकग्निशन प्रणाली शुरू की है, जिसके तहत बायो मीट्रिक प्रणाली के माध्यम से चेहरे की पहचान करके ही लाभार्थी पात्रों को राशन वितरित किया जा रहा है। इससे ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से फर्जी और अपात्र लोगों को अनाज वितरण रोकने में मदद मिलती है और अनाज की लीकेज रोकने में मदद मिली है।

यह जानकारी केंद्रीय महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी को सदन में दी। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई 2025 तक कुल 5,10,24,888 लाभार्थियों में से 3,51,97,271 लाभार्थियों ने ईकेवाईसी और फेस कैप्चर प्रक्रिया पूरी कर ली है, जबकि फरवरी 2026 में कुल 4,77,88,108 लाभार्थियों में से 4,63,58,376 लाभार्थियों ने ईकेवाईसी और फेस कैप्चर प्रक्रिया पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि नेशनल ई-गवर्नेंस डिवीजन द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्टेट को-ऑर्डिनेटर्स के माध्यम से इस विषय पर निरंतर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। 'पोषण भी, पढ़ाई भी' कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सावित्रीबाई फुले नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ वीमेन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट की ओर से राज्यों के राज्यस्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जोकि संबंधित राज्यों के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। इस वर्ष 18 मार्च तक कुल 3901 राज्यस्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि मिशन पोषण 2.0 के तहत छह साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, 14 से 18 साल की किशोरियों को कवर किया गया है।

## करियाड़ा की शिवांगी ठाकुर बनीं जिला कांगड़ा की अध्यक्ष

◆ **नशे व अपराधों के खिलाफ छेड़ेंगी जमीनी स्तर पर मुहिम**



**अनंत ज्ञान, परागपुर।** रजोल गांव (करियाड़ा) की बेटी शिवांगी ठाकुर सोनिका को राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संघ जिला कांगड़ा की कमान सौंपे जाने से क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है। संगठन ने उन्हें जिला अध्यक्षा नियुक्त कर एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, जिससे युवाओं और समाज में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। अपनी नियुक्ति पर शिवांगी ठाकुर सोनिका ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा और प्रदेश प्रचारक मोहित कश्यप का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरेंगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिला कांगड़ा के सभी पदाधिकारियों को साथ लेकर समाज हित में ठोस और प्रभावी कार्य किए जाएंगे। नवनियुक्त अध्यक्ष शिवांगी ने साफ शब्दों में कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ रही नशाखोरी, अवैध गतिविधियों और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जमीनी स्तर पर निर्णायक लड़ाई लड़ना रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने सनातन संस्कृति के संरक्षण और उसके प्रचार-प्रसार को अपनी प्राथमिकता बताते हुए युवाओं को सकारात्मक दिशा में जोडने का संकल्प भी दोहराया। शिवांगी ठाकुर सोनिका की इस नियुक्ति को क्षेत्र के लोगों ने एक सकारात्मक पहल बताते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में संगठन समाज में जागरूकता और सुधार की नई मिसाल पेश करेगा।

## श्री इंद्रु नाग देवता छिंज मेला आज

### 28 को नाग देवता की छड़ी शोभायात्रा के साथ पहुंचेगी मेला मैदान

◆ **30 मार्च तक पटोला मैदान में आयोजित होगा मेला**

◆ **माली विजेता को एक लाख व उपविजेता को मिलेगा 81 हजार रुपए का नकद इनाम**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** खनियारा का ऐतिहासिक श्री इंद्रु नाग देवता का छिंज मेले का शुक्रवार को झंडे की रस्म से होगा। मंदिर में हवन पाठ पूजा अर्चना व खेलपात्र का आयोजन भी होगा।

ऐतिहासिक मेला 27 मार्च से 30 मार्च तक पटोला मैदान में आयोजित किया जाएगा। मेले में होने वाले दंगल में पहलवानों को लाखों रुपए के नकद इनाम दिए जाएंगे, जबकि छिंज में माली विजेता को 1 लाख रुपए व उपविजेता को 81 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। पहलवानों से आग्रह है कि वह बड़ी माली के लिए एक बजे से पहले अखाड़े में पहुंच जाएं उसके बाद आने वाले पहलवानों को अवसर देना मुश्किल हो जाएगा। मेला कमेटी की अध्यक्ष कैप्टन ईश्वर ठाकुर की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह लिया गया है। आयोजन की जानकारी देते हुए कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि 27 मार्च को श्री इंद्रु नाग देवता के मंदिर में हवन, पूजा अर्चना व खेलपात्र के साथ-साथ ध्वज चढ़ेगा। 28 मार्च को इंद्रु नाग देवता की छड़ी मुख्य मंदिर से पहले कोटासनी माता मंदिर तक शोभायात्रा के साथ जाएगी और फिर कोटासनी माता मंदिर से पटोला मैदान तक पहुंचेगी और पटोला अखाड़ा में दंगल होगा। 29 मार्च को श्री इंद्रु नाग देवता की बड़ी छिंज व माली आयोजित की जाएगी, जिसमें नामी पहलवान अपने दांवपेंच दिखाएंगे। 30 मार्च को पटोला मैदान में मेले का आयोजन होगा और साथ ही साथ आकर्षक व मनोरंजक खेलें आयोजित होंगी। मेले के सफल आयोजन के लिए हर वर्ष ग्रामीणों का सहयोग मिलता है, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन का सहयोग मिलता है। इस बार भी ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है। पुलिस व जिला प्रशासन का सहयोग मिलेगा। उन्होंने बताया कि मेले में दुकानें लगाने वाले दुकानदारों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर स्थान मिल रहा है और दुकानदारों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए अपनी दुकानों के कूड़े के लिए डस्टबीन रखना होगा। इस साल भी खनियारा मेला नशा मुक्त घोषित किया गया है। मेले के सफल आयोजन के लिए उपकमेटियां गठित हैं और सभी उपकमेटियां मेले के सफल आयोजन के लिए बेहतरीन काम कर रही हैं।

## द्रोणाचार्य कॉलेज में 29 को सजेगी वार्षिक उत्सव नवरंग की महफिल

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में 29 मार्च को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह नवरंग धूमधाम से मनाया जाएगा। इस सांस्कृतिक और खेल उत्सव को लेकर कॉलेज परिसर में तैयारियां जोरों पर हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण शर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष नवरंग का शुभारंभ बेहद खास होने जा रहा है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में भारत सरकार के चीफ हाइड्रोग्राफर, वाइस एडमिरल एलएस पठानिया (एवीएसएम) भारत सरकार मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं, उत्सव के समापन समारोह जिलाधीश (डीसी) कांगड़ा, हेमराज बैरवा मुख्यातिथि साथ ही प्रोफेसर कुलदीप अत्री निदेशक, क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

वार्षिकोत्सव के दौरान छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन रहेगा। ग्रुप डांस, फैंसी ड्रेस और एड-मेड शो, प्रश्नोत्तरी, भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग, पॉट मिरर डेकोरेशन, टेक्नोवेशन कबड्डी और शतरंज की रोमांचक प्रतियोगिताएं। विशेष टीचिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा, जो छात्रों के पेशेवर हुनर को दर्शाएगी। प्राचार्य डॉ. प्रवीण शर्मा ने समस्त छात्रों, उनके अभिभावकों और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों से अपील की है कि वे 29 मार्च को आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करें और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

**मिसाल** पति के दोस्त के सुझाव पर शुरू किया कार्य, पालमपुर में उत्पादन की विधियां सीख हुई निपुण

# मशरूम खेती से अंजू ने लिखी आत्मनिर्भरता की कहानी

◆ **अब कमाई के साथ, ग्रामीण महिलाओं को दे रहीं रोजगार**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** महिलाएं वर्तमान दौर में पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। ऐसे में अंजू बाला ने भी मशरूम उगाकर आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख डाली है। पति के दोस्त के सुझाव पर मशरूम उत्पादन शुरू किया। उत्पादन की विधियों का ज्ञान न होने पर इसमें निपुण होने की ठानी और पालमपुर में छह दिन का प्रशिक्षण लिया।

अब खुद कमाई कर, ग्रामीण महिलाओं को भी रोजगार दिया जा रहा है। कभी एक से दो क्विंटल मशरूम का उत्पादन हो रहा है, लेकिन कभी-कभी उत्पादन धीमा रहता है। यहां जिक्र हो रहा है चैतड़ू के साथ लगते कंदरेहड़ गांव की अंजू बाला का, जिन्होंने अपने पति के दोस्त के सुझाव पर मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में कदम रखा था। वर्तमान में अंजू मशरूम की खेती से अच्छी कमाई कर रही हैं। गौरतलब है कि भारत में मशरूम की मांग तेजी से बढ़ रही है, जिसका मुख्य कारण शाकाहारी प्रोटीन के रूप में इसकी बढ़ती लोकप्रियता, औषधीय गुण और होटल/रेस्टोरेंट में उच्च खपत है। इसका बाजार 2026-2034 तक 6 फीसदी से अधिक की दर से बढ़ने की संभावना है। शुरुआत में अंजू ने अपना पैसा लगाया। जब ट्रेनिंग हासिल की तो सरकारी योजना के तहत 21.83 लाख की आर्थिक सहायता मिली, जिसमें 8 लाख रुपए की सब्सिडी शामिल थी।



कभी एक से दो क्विंटल, तो कभी धीमा रहता है उत्पादन। अनंत ज्ञान

### भाभी जी मशरूम उत्पादन कीजिए

**अनंत** ज्ञान से विशेष बातचीत में अंजू बाला ने बताया कि साढ़े नौ सौ बैग से शुरुआत की थी। पति अनिल कटोच के दोस्त ने सुझाव दिया कि भाभी मशरूम उत्पादन का काम करो। अंजू बाला द्वारा कंदरेहड़ गांव में दो मंजिला भवन बनाया गया है, जिसमें एक मंजिल पर मशरूम उत्पादन के आए सुझाव पर अंजू ने वर्ष 2017 में मशरूम उत्पादन शुरू किया। करीब नौ वर्ष से मशरूम उत्पादन कर रही अंजू बताती हैं कि इससे अच्छी कमाई हो जाती है।

### परिवार में किसी की नहीं रुचि

**बकौल** अंजू मशरूम उत्पादन के लिए बारीकियों का ज्ञान न होने के चलते कुछ परेशानी पेश आती थी, जिस पर पालमपुर में मशरूम उत्पादन का छह माह का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण इसके बाद शुरू हुआ उत्पादन का सिलसिला लगातार जारी है। अंजू के परिवार में पति और बच्चे भी हैं, लेकिन किसी का भी झुकाव मशरूम उत्पादन की ओर नहीं है।

### बैच के 4-5 लोग ही उगा रहे मशरूम

**ट्रेनिंग** के दौरान 10-10 महिला व पुरुष शामिल थे, जिनमें से अंजू सहित 4 से 5 लोग ही मशरूम का उत्पादन कर रहे हैं। कभी-कभी मशरूम उत्पादन प्रतिदिन एक से दो क्विंटल तक हो जाता है, कभी-कभी उत्पादन धीमा हो जाता है। अधिकतर मशरूम को धर्मशाला सब्जी मंडी में बेचा जाता है। इसके अलावा शादी व अन्य आयोजनों के लिए भी लोग घर से ही मशरूम खरीदकर ले जाते हैं। अंजू ने कहा कि एक बार शुरुआत करना मुश्किल है, फिर काम चल पड़ता है। उनका कहना है कि महिलाएं मशरूम उत्पादन करके आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

## स्कूल प्रवक्ता संघ ने वेतन कटौती का किया विरोध

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ, जिला कांगड़ा ने हालिया बजट में श्रेणी बी कर्मचारियों के वेतन में 3 प्रतिशत कटौती का कड़ा विरोध जताया है। संघ के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास ने कहा कि कर्मचारी इस वेतन पर पूरी तरह आश्रित हैं, जिससे मकान, वाहन, बच्चों की पढ़ाई और अन्य घरेलू खर्चे चलाए जाते हैं। ऐसे कठोर वित्तीय निर्णय कर्मचारियों के मनोबल और कार्यक्षमता पर विपरीत असर डालेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस अप्रासंगिक निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और इसे तुरंत वापस लिया जाए। संघ ने बताया कि प्राकृतिक आपदा के बावजूद कर्मचारियों ने स्वेच्छा से मुख्यमंत्री राहत कोष में योगदान दिया, फिर भी वेतन कटौती से वित्तीय अस्थिरता उत्पन्न की जा रही है। सिकंदर मिन्हास ने यह भी कहा कि वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने का निर्णय अनुचित है और इसे बहाल किया जाना चाहिए।

## डाडासीबा से तलवाड़ा-पठानकोट बस सेवा ठप, ग्रामीणों में रोष

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** डाडासीबा से तलवाड़ा होते हुए पठानकोट तक चलने वाली हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) पठानकोट डिपो की नियमित बस सेवा पिछले दो दिनों से बंद पड़ी है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

यह बस सेवा इलाके के लोगों के लिए किसी जीवनरेखा से कम नहीं थी, लेकिन इसके अचानक बंद हो जाने से आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। रोज सुबह 6:30 बजे डाडासीबा से चलने वाली यह बस स्यूल खड्ड, मेहड़ा, घाटी और तलवाड़ा के रास्ते सैकड़ों यात्रियों को उनके कार्यस्थलों, फैक्ट्रियों, कॉलेजों और आईटीआई संस्थानों तक पहुंचाती थी। बुधवार से बिना किसी पूर्व सूचना के बस सेवा के बंद हो जाने से यात्रियों में भारी रोष व्याप्त है। बुधवार और वीरवार को यात्री रोज़ की तरह सुबह बस स्टैंड पर पहुंचे, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी बस न आने पर उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। इसका सीधा असर मजदूरों और छात्रों पर पड़ा है। फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों की शिफ्टें छूट गईं, जबकि दर्जनों छात्रों की कक्षाएं प्रभावित हुईं। मजबूरी में लोगों को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ा, जिनका किराया आम लोगों के बजट से कई गुना अधिक है। ग्रामीणों का कहना है कि यह बस सेवा उनके लिए सिर्फ एक परिवहन साधन नहीं, बल्कि शिक्षा और रोजगार तक पहुंचने का एकमात्र माध्यम है। उन्होंने प्रशासन से सेवा जल्द बहाल करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि समाधान न होने पर वे आंदोलन करेंगे।

> **बस** अचानक खराब हो गई थी और उसकी मरम्मत की जा रही है। जल्द ही बस सेवा बहाल कर दी जाएगी, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।
>
> -विजय कुमार, आरएम, एचआरटीसी डिपो पठानकोट

## चैत्र नवरात्र

नवम स्वरूप मां सिद्धिदात्री



**दुर्गा** का नवें रूप का नाम है सिद्धिदात्री। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। इनके हाथों में चक्र, शंख, गदा, कमल, पुष्प है। सृष्टि की कोई वस्तु इनसे प्राप्त की जा सकती है। मां भगवती इस दिन भक्तों की सांसारिक इच्छाओं, आवश्यकताओं, लौकिक एवं परलौकिक सभी प्रकार की कामनाओं को पूरा करती हैं। चार भुजाओं वाली इस देवी का वाहन सिंह है और इनका आसन कमल है। इनकी उपासना नवरात्र में नवमी तिथि में की जाती है। इस दिन माता सिद्धिदात्री की उपासना से उपासक की सभी सांसारिक इच्छाएं और आवश्यकताएं पूरी होती हैं। देवी पुराण के अनुसार, भगवान शंकर ने भी इन्हीं की कृपा से सिद्धियों को प्राप्त किया था। केवल मानव ही नहीं, सिद्ध, गंधर्व, यक्ष, देवता और असुर, सभी इनकी आराधना करते हैं। इनका स्वरूप मां सरस्वती का भी स्वरूप माना जाता है। यदि सपरिवार इनकी आरती की जाए तो भक्त की सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। आहार में इस दिन पूरी-हलवा, चना-साग आदि बनाने का विधान है।

**मंत्र : या देवी सर्वभूतेषु मां सिद्धिदात्री रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ॥**

# अष्टमी पर ज्वालामुखी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## पवित्र ज्योति लेकर लौटे विभिन्न स्थानों से आए श्रद्धालु, जयकारों से गूंजा मंदिर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** चैत्र नवरात्र की अष्टमी के पावन अवसर पर श्री ज्वालामुखी मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर में लंबी कतारें लगी रहीं और हजारों श्रद्धालु मां ज्वाला की पवित्र ज्योतियों के दर्शन के लिए पहुंचे। पूरे क्षेत्र में 'जय मां ज्वाला' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। अष्टमी के दिन श्रद्धालु विशेष रूप से मां की दिव्य ज्योति अपने साथ घर लेकर गए, जिसे जागरण और पूजा के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। मंदिर में बच्चों के मुंडन संस्कार और कन्या पूजन भी श्रद्धाभाव से किए गए। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था की गई, जहां हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में दिनभर हवन और धार्मिक अनुष्ठान चलते रहे। पुजारी कपिल मुनि ने बताया कि दूर-दूर से श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए पहुंचे हैं। वहीं मंदिर अधिकारी अजय मंडयाल ने बताया कि भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और व्यवस्थाएं कड़ी की गई हैं, ताकि दर्शन सुचारु रूप से चलते रहें।



### श्री चामुंडा मंदिर में 13 हजार भक्तों ने नवाया शीश

**अष्टमी** के दिन श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धा का सैलाब उमड़ा, सुबह पांच बजे से श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। वीरवार को करीब 13 हजार श्रद्धालुओं ने मां तथा भगवान शिव के दर शीश नवाया। दिन भर झील किनारे कन्या पूजन के लिए भी भारी भीड़ रही। मंदिर अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को पूर्णाहुति के बाद 9 दिवसीय चैत्र नवरात्र का समापन हो जाएगा।

### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए थे विशेष प्रबंध

**मंदिर** प्रशासन द्वारा भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। कर्मचारियों की ड्यूटी लगातार शिफ्टों में लगाई गई है, ताकि दर्शन व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। मंदिर के पुजारी कपिल मुनि ने बताया कि अष्टमी के दिन मां ज्वाला के दर्शनों के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे हैं।

## रामनवमी पर सैकड़ों ने लिया माता आशापुरी का आशीर्वाद



**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक माता आशापुरी मंदिर में राम नवमी के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने कंजक पूजन कर नौ दिन के व्रत पूर्ण किए और माता का आशीर्वाद लिया। मंदिर के मुख्य द्वार तक लंबी कतारें देखने को मिलीं। पुजारी रमेश चंद शर्मा ने बताया कि नवरात्रों में दिन-रात दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और भंडारे का भी आयोजन किया गया है। धौलाधार की सुंदर वादियों में स्थित यह मंदिर आस्था, इतिहास और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत संगम है।

# गैस सप्लाई सुचारु, फिर भी अफवाह से मचा हाहाकार

## सप्लाई गाड़ियों को भी लोड नहीं करने दे रहे, पिता को सिलेंडर भरवाने में मदद के लिए चंडीगढ़ से आया बेटा

◆ घुटने काम नहीं करते, बेटी संग सिलेंडर लेने आए पिता

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** धर्मशाला सहित जिला कांगड़ा में गैस सप्लाई सुचारु है, इसके बावजूद अफवाह की वजह से गैस को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। एक बेटे को अपने सीनियर सिटीजन पिता को सिलेंडर भरवाने में मदद के लिए चंडीगढ़ से धर्मशाला आना पड़ा।

वहीं, घुटने की समस्या से पीड़ित सीनियर सिटी बेटी के साथ गाड़ी लेकर सिलेंडर भरवाने पहुंचे थे। लोगों का कहना है कि उतनी समस्या नहीं है, जितनी की जताई जा रही है। आलम यह है कि धर्मशाला स्थित इंडेन गैस स्टोर में सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो जा रही है। एकत्रित लोग, एजेंसी की सप्लाई गाड़ियों को भी लोड नहीं करने दे रहे, जिसके चलते डोर डिलीवरी के अभाव में परेशानी झेल रहे लोगों को स्टोर तक पहुंचना पड़ रहा है।

### मदद को चंडीगढ़ से छुट्टी लेकर आया हूं: साहिल



**धर्मशाला** निवासी साहिल ने बताया कि मेरे पिता सीनियर सिटीजन हैं, मैं आप स्पेशल छुट्टी लेकर चंडीगढ़ से सिलेंडर भरवाने में मदद करने आया हूं। मैं नहीं आता तो शायद, पापा को सिलेंडर नहीं मिल पाता। परेशानी तो हो रही है, मैं नहीं आता तो परिवार के पास इंडक्शन की जरिया है। मेरे पापा जैसे और भी लोग होंगे, जिन्हें दिक्कत आ रही होगी। मैं आ गया, लेकिन किसी का बेटा दूर हो तो ऐसे सीनियर सिटीजन को सिलेंडर की परेशानी पेश आना लाजमी है। अन्य देशों के मुकाबले, भारत में स्थिति संतोषजनक है, भगवान से सही कामना है कि स्थिति सुधर जाए, अन्यथा समस्या पेश आ सकती है।

### बेटी संग आया हूं सिलेंडर लेने: डॉ. हरपाल



**डॉ.** हरपाल सिंह धर्मशाला में गैस सप्लाई सुचारु है, शोर जितना मर्जी कर लो, लेकिन सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं हैं। डोर डिलीवरी नहीं हो रही है, मैंने खुद 15 दिन पहले बुकिंग करवाई थी। सिलेंडर खत्म हो गया तो मुझे एलपीजी स्टोर आना पड़ा। मेरे घुटने काम नहीं कर रहे हैं, बेटी को छुट्टी थी, जो कि मेरे साथ सिलेंडर लेने आई है। इंडक्शन भी कितना इस्तेमाल करें, सिलेंडर की जरूरत तो पड़ती है। मुसीबतें आती और जाती हैं, हमें कोआपरेट करना चाहिए।

### सप्लाई रेगुलर, नहीं हो पा रही डोर डिलीवरी : मदन



**मदन** लाल स्टोर इंचार्ज इंडेन गैस धर्मशाला ने कहा कि सप्लाई रेगुलर आ रही है। गैस न मिलने की अफवाह के चलते लोग सीधे स्टोर पर ही सिलेंडर भरवाने पहुंच रहे हैं, जिस कारण डोर डिलीवरी नहीं हो पा रही है। चार गाडि़यां जो सप्लाई लेकर जाती हैं, वो खड़ी की खड़ी हैं, क्योंकि लोग सप्लाई हेतू गाड़ियों को लोड ही नहीं करने दे रहे हैं। एक जीप 20 से 25 सिलेंडर के साथ जेल व पुलिस मेस के लिए भेजी है।

### तीन में बिके 20775 घरेलू व व्यावसायिक सिलेंडर



धर्मशाला स्थित इंडेन गैस के स्टोर के बाहर रखे खाली सिलेंडर। अनंत ज्ञान

**पिछले** तीन दिनों के आंकडों पर गौर करें तो जिलेभर में 20227 घरेलू तो 548 कमर्शियल सिलेंडर बिके हैं। हालांकि, खाद्य आपूर्ति विभाग शुरू से ही घरेलू गैस सिलेंडरों की कोई कमी न होने के दावे कर रहा है।

आंकड़ों के अनुसार, 23 मार्च को जिले में कुल 2562 घरेलू सिलेंडरों की खेप पहुंची, जबकि 3360 सिलेंडर बिके, वहीं 19 कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति जिले में हुई, जबकि 60 सिलेंडर बिके। 24 मार्च को जिले में कुल 5084 घरेलू सिलेंडरों की खेप पहुंची, जबकि 7865 सिलेंडर बिके वहीं 144 कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति जिले में हुई, जबकि 304 सिलेंडर बिके। 25 मार्च को जिले में कुल 9562 घरेलू सिलेंडरों की खेप पहुंची, जबकि 9002 सिलेंडर बिके वहीं 292 कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति जिले में हुई, जबकि 184 सिलेंडर बिके। आपूर्ति और मांग के बीच वर्तमान में जिले में 4766 घरेलू तथा 602 कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध हैं। आंकड़ों की पुष्टि करते हुए जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक पुरूषोतम सिंह ने बताया कि गैस एजेंसियों में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही है।

## हैप्पी बर्थडे



कृष्णानगर (हमीरपुर) के युवान कौशल को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



ठारू (नगरोटा बगवां) की मयूरी धीमान को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## बैजनाथ में हर दिन हो रही है 350 सिलेंडरों की आपूर्ति

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ में गैस सप्लाई को लेकर उठ रही चिंताओं के बीच सिविल सप्लाई विभाग ने स्थिति साफ कर दी है। सिविल सप्लाई गैस एजेंसी में कार्यरत श्वेता राणा ने बताया कि क्षेत्र में हर दिन करीब 350 घरेलू गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति की जा रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जो उपभोक्ता खुद सिलेंडर लेकर बैजनाथ पहुंच रहे हैं, उन्हें मौके पर ही गैस उपलब्ध करवाई जा रही है। वहीं, 200 से ज्यादा सिलेंडर गाडियों के जरिए ग्रामीण इलाकों में पहुंचाए जा रहे हैं, ताकि किसी भी क्षेत्र में आपूर्ति बाधित न हो। विभाग ने आम जनता से खास अपील करते हुए कहा है कि गैस सप्लाई वाहनों को उनके निर्धारित रूट पर बिना किसी रुकावट के चलने दिया जाए, जिससे हर घर तक समय पर गैस पहुंच सके। श्वेता ने कहा कि सप्लाई में हल्की कमी जरूर है, लेकिन हालात इतने भी खराब नहीं हैं कि लोगों की जरूरतें पूरी न हो सकें। सबसे अहम बात अगर कोई भी व्यक्ति तय कीमत से ज्यादा पैसे लेकर गैस सिलेंडर बेचता है, तो उसकी तुरंत शिकायत करें। विभाग ने साफ कर दिया है कि गैस की कालाबाजारी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई तय है। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील करते हो कहा है कि जनता के सहयोग से ही व्यवस्था सुचारू रह सकती है इसलिए अफवाहों से बचें और जिम्मेदारी से सहयोग करें।

# एमडीआर टीबी से पीड़ित मरीजों का अब छह माह में बीपीएलएएम दवाई से हो सकेगा इलाज

## टीबी मुक्त भारत अभियान 2.0 के लिए बीपीएलएएम सबसे कारगर हथियार बनकर उभरा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** टीबी के इलाज को पूरा कराने में मरीजों को दो-दो साल का इंतजार करना पड़ता था और हैवी डोज वाली मेडिसिन लेनी पड़ती थी। अब मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट (एमडीआर) टीबी से पीड़ित मरीजों का छह माह में बीपीएलएएम दवाई से इलाज हो सकेगा। टीबी मुक्त भारत अभियान 2.0 के लिए बीपीएलएएम सबसे कारगर हथियार बनकर उभरा है। पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में बीपीएलएएम को सभी जिलों में सुचारु रूप से किया जा रहा है। इससे अब छह माह में ही रोगी दुरुस्त होकर सामान्य जीवन में लौट सकेंगे।

हिमाचल प्रदेश में इस बार कुल 15 हजार 257 टीबी के रोगी सामने आए हैं, जिनका उपचार चल रहा है। हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों के क्षय केंद्र पर बीपीएलएएम रेजिमेन तकनीक से मरीजों का इलाज शुरू कर दिया गया है। मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट टीबी संक्रमण का ही एक रूप है। इसमें टीबी बैक्टीरिया सामान्य टीबी दवाओं के प्रभाव से बच सकते हैं। मरीज टीबी का इलाज बीच में छोड़ देता है या फिर दवा का गलत प्रयोग करता है तो स्थिति उत्पन्न होती है। एमडीआर टीबी के लक्षण में लगातार तीन सप्ताह से ज्यादा खांसी, खून के साथ खांसी, तेज बुखार, रात में पसीना, वजन में अचानक कमी, थकान व कमजोरी महसूस होने के साथ ही सीने में दर्द होता है।

एमडीआर टीबी मरीज अभी तक 24 महीने दवा खाते थे, इसके बाद 18 माह का रेजिमेन आया, लेकिन अब बीपीएलएएम रेजिमेन से सिर्फ छह माह में संक्रमण मुक्त होकर मरीज स्वस्थ हो सकेगा। हिमाचल प्रदेश में हर वर्ष क्षयरोग टीबी के 14 हजार के आसपास व अधिक मामले सामने आ रहे हैं। इतना ही नहीं इसमें 300 के करीब बिगड़ी टीबी के मामले भी सामने आ रहे हैं। अब टीबी मुक्त भारत अभियान 2.0 शुरू किया गया है। इसमें देशभर सहित हिमाचल प्रदेश को टीबी मुक्त बनाए जाने को लेकर युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में एआई आधारित आकलन के माध्यम से राज्य के सबसे बड़े कांगड़ा जिले में 969 उच्च जोखिम वाले गांवों और वार्डों की पहचान की गई है, जहां लक्षित स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है। अब तक संवेदनशील आबादी के एक लाख 56 हजार लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जबकि शेष लोगों की जांच जारी है।

### क्या है बीपीएलएएम रेजिमेन तकनीक

**जिला** स्वास्थय अधिकारी कांगड़ा डॉ. आरके सूद ने बताया कि बीपीएलएएम रेजिमेन तकनीक चार दवाओं का कॉम्बिनेशन है। इसमें बेडाक्विलाइन, प्रीटोमैनिड (नई दवा), लाइनजोलिड, मॉक्सीफ्लोक्सासिन जैसी दवा शामिल हैं। यह दवाएं मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट टीबी के संक्रमण को कम करने में मदद करती है। इस दवा को केवल छह माह खाने की जरूरत होती है। इसके साइड इफेक्ट भी बहुत कम हैं।

## सांसद अनुराग शर्मा ने सीएम को दी जन्मदिन की बधाई

अनंत ज्ञान



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के जन्मदिवस पर राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने मुख्यमंत्री से शिमला में उनके निवास स्थान पर भेंट की और उन्हें जन्म दिवस की बधाई दी। बैजनाथ से अनेक कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के जन्म दिवस पर बधाई देने शिमला पहुंचे थे। अनुराग शर्मा ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में प्रदेश को आर्थिक संकट से उबार कर मुख्यमंत्री ने एक कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार शासक का उदाहरण पेश किया है। अनुराग शर्मा ने भगवान से मुख्यमंत्री की दीर्घायु और अच्छे स्वस्थ्य की कामना की। बैजनाथ से गए कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से मुख्यमंत्री के सम्मान में पुष्पवर्षा भी की गई।

## बाइक चालक की आंखों में मिर्ची डालकर योल से फिल्मी अंदाज में चुराई बाइक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत फिल्मी अंदाज में बाइक चुराने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार चतेहड़ सड़क के चौक के पास भीमसेन निवासी योल के आगे मोटरसाइकिल रोककर दो लोगों ने भीमसेन की आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर तथा लोहे की छिन्नी से सिर पर चोट मारी और मोटरसाइकिल लेकर भाग गए। पीड़ित को स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए जोनल अस्पताल धर्मशाला पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया गया है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस थाना धर्मशाला में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि पीड़ित के बयान के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

## जिले के डिपुओं में अप्रैल से महंगा मिलेगा रिफाइंड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के अंतर्गत आने वाले 4,68,974 राशन कार्ड धारकों को अप्रैल माह से सस्ते राशन के तहत मिलने वाले रिफाइंड तेल के लिए अब अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। जानकारी के अनुसार राशन डिपो में रिफाइंड तेल का प्रति लीटर पैकेट अब 135 रुपए की दर से उपलब्ध होगा, जबकि पहले इसकी कीमत 125 रुपए प्रति लीटर थी। इस प्रकार उपभोक्ताओं को प्रति लीटर 10 रुपए अतिरिक्त भुगतान करना होगा। इस मूल्य वृद्धि का सबसे अधिक असर गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) और अन्य प्राथमिकता श्रेणी के परिवारों पर पड़ेगा, जो पहले से ही सीमित आय में अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। रियायती दरों पर मिलने वाला यह तेल अब उनकी रसोई के बजट पर अतिरिक्त दबाव डालेगा।

◆ 125 के बजाय प्रति लीटर देने होंगे 135 रुपए

महंगाई के इस दौर में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी आम लोगों के लिए चिंता का विषय बन गई है। गौरतलब है कि राशन डिपो में सरकार द्वारा निर्धारित दरों और मात्रा के अनुसार गेहूं, चावल, दालें, नमक, आटा, सरसों का तेल और रिफाइंड तेल वितरित किया जाता है। इन वस्तुओं का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को राहत प्रदान करना है, लेकिन रिफाइंड तेल की कीमत में यह बढ़ोतरी उस राहत को आंशिक रूप से प्रभावित कर सकती है। इस संबंध में पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि उचित मूल्य की दुकानों पर रिफाइंड तेल की नई दरें अप्रैल माह से लागू होंगी और उपभोक्ताओं से इन्हीं दरों के अनुसार राशि वसूली जाएगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय विभागीय स्तर पर लिया गया है और सभी डिपो धारकों को इसके निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## नूरपुर पुलिस का अवैध खनन पर प्रहार, पांच जेसीबी, 6 टिप्पर और एक ट्रैक्टर किया जब्त



पुलिस चौकी ढांगूपीर की टीम ने भी गश्त के दौरान एक ट्रैक्टर को अवैध खनन करने पर जब्त किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर ने अवैध खनन माफिया के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है।

इस दौरान सीआईए टीम ने पांच जेसीबी मशीनें, छह टिप्पर (डंपर) और एक ट्रैक्टर को अवैध खनन करते हुए पकड़ा और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई। एसपी कुलभूषण वर्मा ने बताया कि अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मैरा बतरा खन्नी (चक्की खड्ड) क्षेत्र में एसडीपीओ नूरपुर के नेतृत्व में थाना नूरपुर और सीआईए टीम ने संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। पांच जेसीबी मशीनें और छह डंपर ट्रकों को माइनिंग एक्ट के तहत कब्जे में लिया गया। इसके अलावा पुलिस चौकी ढांगूपीर की टीम ने गश्त के दौरान एक ट्रैक्टर को भी अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने पर जब्त किया। सभी वाहनों को पुलिस ने कब्जे में लेकर उनके चालान तैयार कर माननीय अदालत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एसपी ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र के लोगों से भी अपील की है कि वे अवैध खनन जैसी गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने पर एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** शाहपुर कंडी पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ शिकायत के आधार पर ठगी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है, जबकि आरोपी अभी तक फरार है। शाहपुर कंडी पुलिस स्टेशन के एसएचओ सब इंस्पैक्टर जगदीश कुमार अनुसार, जुगियाल निवासी रमन कुमार ने अपनी जिला पुलिस प्रमुख को दी गई शिकायत में बताया कि 14 जनवरी, 2025 को, उसकी ओर से मनजीत सिंह निवासी राम तीर्थ अमृतसर ने उसे विदेश भेजने के नाम पर तीन लाख चालीस हजार रुपए लिए थे व विदेश में भेजने का झांसा दिया था, लेनिक उक्त आरोपी उसके विदेश नहीं भेज सका। इस पर रमन कुमार ने अपने पैसे वापस लेने के लिए दबाव बनाया, लेकिन आरोपी मनजीत सिंह ने उसके पैसे वापस नहीं दिए, जिस पर जिला पुलिस प्रमुख ने उक्त शिकायत को ईओ शाखा में जांच के लिए भेज दिया व जांच के बाद, जिला पुलिस की हिदायत अनुसार, शाहपुर कंडी पुलिस स्टेशन में आरोपी मनजीत सिंह के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज हुया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अभी तक फरार है, जिसको पकड़ने के लिए छापेमारी जारी है।

## ट्रेन में अपने 10 वर्षीय बच्चे को उतारना भूला परिवार, मची हड़बड़ी

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** कटरा (जम्मू-कश्मीर) स्थित माता वैष्णो देवी के दर्शन कर लौट रहा एक परिवार पठानकोट कैंट स्टेशन पर उतर गया, लेकिन जल्दबाजी में अपने 10 वर्षीय बच्चे को ट्रेन में ही भूल गया। ट्रेन के चलने के बाद जब परिवार को बच्चे की याद आई तो उन्होंने घबराकर शोर मचाया और तुरंत आरपीएफ को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरपीएफ ने तुरंत कार्रवाई की और ट्रेन मैनेजर बृजेश कुमार को ट्रेन रुकवाने का संकेत दिया। जानकारी के अनुसार 14610 हेमकुंड एक्सप्रेस निर्धारित समय के बाद स्टेशन से रवाना हो चुकी थी, लेकिन प्रेशर ब्रेक के माध्यम से ट्रेन को रोका गया। ट्रेन मैनेजर ने आरपीएफ से मिली सूचना के आधार पर एम-1 कोच में जाकर बच्चे को ढूंढ निकाला। उस समय बच्चा सीट पर बैठा रो रहा था।

◆ आरपीएफ ने गाड़ी रुकवाई और बच्चे को परिवार के हवाले किया

◆ माता वैष्णो देवी के दर्शन कर लौट रहा था परिवार

उन्होंने बच्चे को शांत कराया और कुछ ही देर में परिवार के हवाले कर दिया। बताया गया कि परिवार माता वैष्णो देवी की यात्रा से थका हुआ था और ट्रेन के पठानकोट पहुंचने का ध्यान नहीं रहा। जल्दबाजी में उतरते समय बच्चा पीछे रह गया। इस घटना में समय रहते की गई कार्रवाई से बच्चा सुरक्षित मिल गया, जबकि ट्रेन करीब 5 मिनट देरी से चली। ट्रेन मैनेजर ने यात्रियों से अपील की कि ट्रेन में चढ़ते-उतरते समय जल्दबाजी न करें और अपने बच्चों व सामान का विशेष ध्यान रखें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# सुजानपुर में एयर शो का रोमांच, हजारों ने देखा वायुसेना का अद्भुत प्रदर्शन

## सूर्य किरण एरोबेटिक टीम के 9 विमानों के करतबों ने किया आश्चर्यचकित, हवा में कलाबाजियों और अलग-अलग फॉर्मेशन्स से दिखाया कौशल

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम की ओर से सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा मैदान के ऊपर किए गए एयर शो के दूसरे दिन वीरवार को भी वायुसेना के जांबाजों के करतबों को देखने के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। शो के दूसरे दिन भी स्थानीय विधायक कैप्टन रणजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

राम नवमी की छुट्टी के कारण सुजानपुर, हमीरपुर और इसके आस-पास के क्षेत्रों के अलावा कांगड़ा जिले के जयसिंहपुर, धीरा और पालमपुर तथा मंडी जिले के संधोल क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग एयर शो देखने के लिए सुबह से ही सुजानपुर के मैदान में पहुंचने शुरू हो गए थे। लगभग 10.55 बजे जब सूर्य किरण एरोबेटिक टीम के 9 हॉक एमके-132 जेट विमानों ने एक साथ दनदनाते हुए सुजानपुर के आसमान में प्रवेश किया, तो मैदान में उमड़े हजारों लोगों ने तालियों के साथ वायुसेना के जांबाज अधिकारियों एवं पायलटों का स्वागत किया। हल्की धूप के साथ छाए बादलों को चीरते हुए इन विमानों ने सुजानपुर के ऊपर से गुजरते हुए सामने धौलाधार की पहाड़ियों की ओर उड़ान भरी तो हजारों लोगों ने एक अद्भुत रोमांच का अनुभव किया और लगभग 25 मिनट के इस शो के दौरान सभी लोग एकटक आसमान पर नजरें गड़ाते हुए भारतीय वायु सेना के इन जांबाजों के एक से बढ़कर एक करतब देखते रहे। सबसे पहले भारतीय वायुसेना के हल्के स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के आकार की फॉर्मेशन बनाई।



तीर की आकृति बनाकर दी शहीद विंग कमांडर नमांश स्याल को श्रद्धांजलि। अनंत ज्ञान




इसके बाद विश्व के बेहतरीन लड़ाकू विमानों में शुमार सुखोई के आकार की फॉर्मेशन में उड़ान भरी। इसके बाद डायमंड, डीएनए, हृदय और अन्य आकृतियां बनाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हवा में कई कलाबाजियां करना, 90 डिग्री के कोण पर ऊपर की उड़ना और फिर इसी डिग्री पर नीचे की आना, विमानों के समूह के बीच में से एक विमान के दनदनाते हुए गुजरना, 360 डिग्री पर रोल करना और आसमान में सूर्य की किरणों जैसी छटा बिखेरने जैसे कई करतब दिखाकर वाय सेना के इन कुशल अधिकारियों एवं पायलटों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। आखिरी फॉर्मेशन में जांबाजों ने तीर की आकृति में उड़ान भरते हुए शहीद विंग कमांडर नमांश स्याल, जोकि सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा के विद्यार्थी थे, को नमन करते हुए विदा ली।

### एयर शो में अधिकारियों की अहम भूमिका और समन्वय

**एयर** शो के दौरान सूर्य किरण एरोबेटिक टीम की कमेंटेटर फ्लाइट लेफ्टिनेंट कंवल संधू ने प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शन की जानकारी दी और टीम का परिचय कराया। स्क्वॉड्रन लीडर संजेश सिंह ने ग्राउंड ड्यूटी संभालते हुए पायलटों से समन्वय किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन रचना जोशी ने विधायक रणजीत सिंह सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया, जबकि कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

### विधायक रणजीत ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया

**सुजानपुर** में आयोजित एयर शो की सफलता पर कैप्टन रणजीत सिंह ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, वायुसेना, सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा और प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। इस शो को साकार करने में सैनिक स्कूल की प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन रचना जोशी का विशेष योगदान रहा, जो पिछले एक वर्ष से इसके लिए निरंतर प्रयासरत थीं।

### एयर शो के प्रति लोगों में दिखा भारी उत्साह : डीसी

**एयर** शो के आयोजन के लिए वायुसेना का आभार व्यक्त करते हुए उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने कहा कि इसके प्रति लोगों में भारी उत्साह नजर आया और इसमें उम्मीद से ज्यादा भीड़ उमड़ी। इसमें सुजानपुर और हमीरपुर के अलावा साथ लगते जिला कांगड़ा तथा मंडी के क्षेत्रों से भी लोग पहुंचे।

## न्यूज ब्रीफ

### मौनी बाबा कुटिया में मनाई दुर्गा अष्टमी



**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन क्षेत्र की धार्मिक स्थली पूज्य मौनी बाबा कुटिया फतेहपुर में रामनवमी और दुर्गा अष्टमी मनाई गई, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान भगवान श्रीराम के दिव्य चरित्र, मर्यादा और आदर्श जीवन पर प्रकाश डाला गया तथा श्रद्धालुओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रवचनों से पूरा वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो

### साई गांव में आग से मकान जलकर राख

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** उपमंडल नादौन के हथोल पंचायत के साई गांव में बुधवार शाम को हुए भीषण अग्निकांड में मकान पूरी तरह जलकर राख हो गया, लेकिन कमरे में रखा श्रीरामचरितमानस का ग्रंथ पूरी तरह सुरक्षित रहा। मकान मालिक बलवीर पठानिया ने बताया कि जले हुए सामान में लाल कपड़े में बंधा यह ग्रंथ बिना किसी क्षति के बाहर दिखाई दिया। घटना ने क्षेत्र में चर्चा छेड़ दी है। इस बीच गोगा मंदिर ग्वाल पत्थर ने पीड़ित परिवार को खाद्य सामग्री प्रदान की और भविष्य में सहायता का आश्वासन दिया, जो परिवार के लिए बड़ी राहत साबित हुआ।

### फस्टे पंचायत में होगा आयुष मेला आयोजित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आयुष विभाग हमीरपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में इस माह 27, 28 और 31 मार्च को आयुष मेले आयोजित करने जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेश कालिया ने बताया कि 27 मार्च को नादौन उपमंडल की पंचायत फस्टे, 28 मार्च को बड़सर उपमंडल की बलयाह पंचायत और 31 मार्च को नादौन उपमंडल की ग्वालपत्थर पंचायत में मेले का आयोजन किया जाएगा। इन मेलों में लोगों की स्वास्थ्य जांच, रक्त परीक्षण, एनोरेक्टल रोगों की जांच और पैरा सर्जिकल प्रक्रियाएं की जाएंगी। इसके अलावा आयुष विभाग की ओर से लाभार्थियों को औषधीय पौधे भी वितरित किए जाएंगे। डॉ. कालिया ने लोगों से अपील की है कि वे स्वास्थ्य लाभ और जागरूकता के लिए इन मेलों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में आयुष चिकित्सा सेवाओं को जनता तक पहुंचाना और लोगों को स्वास्थ्य-संबंधी जानकारी देना है।

# रोजगार मेले में 130 अभ्यर्थियों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

## मुख्यमंत्री सुक्खू के जन्मदिन पर लगाए मेले में पहुंचे 300 युवा, 40 कंपनियों ने लिए इंटरव्यू



मुख्यमंत्री सुक्खू के जन्मदिन पर लगाए रोजगार में पहुंचे अभ्यर्थी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हमीरपुर जिले में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती के नेतृत्व में बचत भवन हमीरपुर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रोजगार मेले में लगभग 300 अभ्यर्थियों ने अपनी भागीदारी दर्ज करवाई। कार्यक्रम में 40 विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों ने हिस्सा लिया और मौके पर ही उम्मीदवारों के इंटरव्यू आयोजित किए। 130 योग्य अभ्यर्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इससे न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए, बल्कि उनके भविष्य को भी एक नई दिशा मिली। इस अवसर पर कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा, नशा निवारण बोर्ड के अध्यक्ष नरेश ठाकुर, कांग्रेस अनुसूचित जाति सेल के अध्यक्ष होशियार सिंह सहित कई गणमान्य कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिविर में 50 यूनिट रक्तदान

**सुमन** भारती की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया गया। इस शिविर में युवाओं और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 50 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के माध्यम से मानव सेवा का संदेश दिया गया, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है। इसके अलावा गांधी चौक हमीरपुर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण किया। इस भंडारे में सभी वर्गों के लोगों ने एकत्र होकर सामाजिक एकता और भाईचारे का परिचय दिया। धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत गांधी चौक पर कन्या पूजन एवं भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया और प्रदेश की सुख-समृद्धि तथा मुख्यमंत्री के दीर्घायु जीवन की कामना की। इस पूरे आयोजन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जनसेवा, रोजगार सृजन और सामाजिक एकता ही सच्ची राजनीति का आधार हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री सुक्खू के जन्मदिन को जनसेवा दिवस के रूप में मनाते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की। अंत में सुमन भारती ने सभी सहयोगियों, कंपनियों, रक्तदाताओं और आम जनता का आभार व्यक्त किया।



गांधी चौक पर रक्तदान करता युवक व अन्य। अनंत ज्ञान

### हड़ेटा में लड्डू बांटकर मनाया सीएम का जन्मदिन



**अनंत ज्ञान, गलोड़।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हड़ेटा पंचायत में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के युवा नेता व पूर्व प्रधान संजय कुमार ने की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों व बाजार में लड्डू बांटकर खुशी साझा की गई। इस मौके पर अविनाश कुमार, शिव कुमार, कुलदीप कुमार, राम मूर्ति, अनिल कुमार, बांकू शर्मा, ध्यान चंद, प्रकाश चंद, विजय कुमार सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### सीएम सुक्खू के जन्मदिन पर की पूजा

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** धनेटा कांग्रेस मंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का 62वां जन्मदिन भदरूं पंचायत के प्राचीन महा बनखंडेश्वर शिव मंदिर में पूजा, हवन और कन्या पूजन के साथ मनाया। इस अवसर पर स्कूल जाने वाले 50 गरीब बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। क्षेत्र के गणमान्य लोगों, जैसे जगदीश कौशल, राजीव बिट्टू, कैप्टन सुनील दत्त, संतोष कुमार और सुरेंद्र वर्मा ने भाग लिया और मुख्यमंत्री की लंबी उम्र व स्वस्थ जीवन की कामना की।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बांटे 51 किलो लड्डू

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** नादौन विधानसभा क्षेत्र के कस्बा बड़ा में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की ओर से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के जन्मदिन पर केक काटा व कस्बा में 51 किलो लड्डू बांटे गए। भगवान से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की दीर्घायु की प्रार्थना की।

## सुक्खू के जन्मदिन पर 'नशे के विरुद्ध युद्ध चिट्टा मुक्त हिमाचल' अभियान का शुभारंभ



कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के जन्मदिन पर 'नशे के विरुद्ध युद्ध-चिट्टा मुक्त हिमाचल' अभियान का पोस्टर लॉन्च कर शुभारंभ किया। इस मौके पर पूजा-अर्चना, हवन और केक काटकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही युवा कांग्रेस के माध्यम से इस अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत पक्का भरो स्थित पावर हाउस जिम में एक भव्य बॉक्सिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डॉ. वर्मा ने कहा कि नशे के खिलाफ इस मुहिम को युवाओं तक पहुंचाने के लिए खेलों का सहारा लिया जा रहा है, ताकि युवा नशे से दूर रहकर स्वस्थ समाज का निर्माण करें। उन्होंने 'चिट्टा रूपी राक्षस' के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने और प्रदेश को नशामुक्त बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर वरिष्ठ कार्यकर्ता रतन चंद डोगरा, कैप्टन बलदेव शर्मा, पुरुषोत्तम कालिया, डॉ. हर्ष कालिया, सुनील कौशल, किशोर चंद, पवन कुमार, गिरधारी लाल आदि उपस्थित रहे।

# नादौन में मनाया मुख्यमंत्री सुक्खू का जन्मदिन

## केक काटकर दीर्घायु की प्रार्थना की, मरीजों और मजदूरों को बांटे फल

अनंत ज्ञान

**नादौन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का जन्मदिन उनके गृह क्षेत्र नादौन में काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नादौन के वरिष्ठ कांग्रेसी बोधराज जैन, संतोष संधू, कमल कम्मी, ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना देवी ने केक काटकर बधाई दी और दीर्घायु की प्रार्थना की।

इस अवसर पर कांगड़ा बैंक के डायरेक्टर मोती जोशी, एचआरटीसी के डायरेक्टर मोंटी संधू, खाद्य आपूर्ति विभाग के राजेंद्र चौधरी, रमेश ठाकुर, अजय सौंधी, कुलदीप कुमार, संदीप चौधरी, बलदेव, अशोक, आर्यन, नानक चंद, धर्मपाल, मुकेश चौधरी सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

**120 से ज्यादा युवाओं ने किया रक्तदान :** कांग्रेस द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। 120 से ज्यादा युवाओं ने रक्तदान किया। मोती जोशी, मोंटी संधू, बबलू चौधरी सहित कई लोगों ने भाग लिया। इस दौरान मरीजों और मजदूरों को फल भी वितरित किए गए। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर की टीम ने रक्त एकत्रित किया। ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व प्रधान कैप्टन पृथ्वी ने मुख्यमंत्री सुक्खू के जन्मदिन पर उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की।



नादौन में केक काटते वरिष्ठ कांग्रेसी बोध राज जैन व अन्य। अनंत ज्ञान

### सिविल अस्पताल व अनाथ आश्रम में बांटे फल

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर। मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू के जन्मदिवस पर विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। विधायक ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए मुख्यमंत्री के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश निरंतर प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वहीं, विधायक ने सिविल अस्पताल में रोगियों एवं सफाई कर्मचारियों को फल वितरित किए गए। अनाथ आश्रम में बच्चों के साथ भी जन्मदिन मनाते हुए उन्हें फल वितरित किए गए।

**श्रद्धा** — दियोटसिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर में दिखा आस्था और देशभक्ति का संगम

# 6 डोगरा बटालियन ने चढ़ाई एक क्विंटल पीतल की प्रतिमा

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** देश की सीमाओं पर तैनात भारतीय सेना के जवान जहां दुश्मनों से मुकाबला करते हैं, वहीं उनकी गहरी धार्मिक आस्था भी प्रेरणादायक है। इसका अद्भुत उदाहरण उत्तरी भारत के प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में देखने को मिला, जहां 6 डोगरा बटालियन ने करीब एक क्विंटल वजनी पीतल की सुंदर प्रतिमा (मोर सवारी) भेंट की।

यह प्रतिमा कर्नल रविंद्र सिंह रावत, रिटायर्ड सूबेदार राकेश कुमार, सूबेदार अजमेर सिंह और सूबेदार विनोद कुमार की अगुवाई में विधि-विधान से मंदिर प्रशासन को सौंपी गई। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा तथा श्रद्धालुओं ने सेना की इस पहल की सराहना की। रिटायर्ड सूबेदार राकेश कुमार ने बताया कि बटालियन में विशेष रूप से माता चिंतपूर्णी मंदिर और ज्वाला जी मंदिर को इष्ट मानकर पूजा की जाती है। हाल ही में बटालियन ने चिंतपूर्णी मंदिर में दो पीतल के शेर भी भेंट किए थे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2010 में भी बटालियन द्वारा मंदिर में भव्य प्रवेश द्वार बनवाया गया था।

सेना की इस पहल ने भक्ति और देशभक्ति का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में बुधवार को 12000 के करीब श्रद्धांलुओं ने दर्शन किए है। इस दौरान भारतीय सेना के जवानों ने भी वाल योगी के दर्शन किए और मंदिर में बाबा जी की पीतल धातु से बनी प्रतिमा भेंट की है। सुबह आरती से पहले ही श्रद्धांलु लाइनों में खडे रहकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए श्रद्धा से आगे बढ़ते रहे और बारी-बारी से पवित्र गुफा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।



6 डोगरा बटालियन की ओर से चढ़ाई गई पीतल प्रतिमा। अनंत ज्ञान

> भारतीय सेना की 6 डोगरा बटालियन ने बाबा बालक नाथ जी की पीतल से बनी एक क्विंटल की प्रतिमा भेंट की है। इसके लिए ट्रस्ट प्रशासन भारतीय सेना का आभार व्यक्त करता है। बुधवार को 12000 श्रद्धांलुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन कर आशीर्वाद ग्रहण किया है।
>
> **-केशव एम कुमार, मंदिर अधिकारी, दियोटसिद्ध।**

### आयुष मेलों का लाभ उठाएं लोग: डॉ. कालिया

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन विधानसभा क्षेत्र के गांव फस्टे और ग्वाल पत्थर तथा बड़सर के बलयाह में आयुष विभाग द्वारा 27, 28 और 31 मार्च को आयुष मेले आयोजित किए जाएंगे। जानकारी देते हुए डॉ. राजेश कालिया ने बताया कि 27 मार्च को फस्टे, 28 मार्च को बलयाह और 31 मार्च को ग्वाल पत्थर में मेले लगाए जाएंगे।

इन मेलों में लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्त परीक्षण, एनोरेक्टल रोगों की जांच तथा पैरा सर्जिकल प्रक्रियाएं की जाएंगी। इसके अलावा आयुष विभाग द्वारा लोगों को औषधीय पौधे भी वितरित किए जाएंगे, ताकि वे प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जागरूक हो सकें।

डॉ. कालिया ने लोगों से अपील की है कि वे इन आयुष मेलों में भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनें।

## डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली में यज्ञ का आयोजन



डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली में दुर्गा अष्टमी पर हवन का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** डीएवी पब्लिक स्कूल भड़ोली में दुर्गा अष्टमी पर हवन का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण शुद्ध, पवित्र एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हुआ। इस अवसर पर 12वीं कक्षा के नवीन सत्र का शुभारंभ किया गया तथा विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया गया। प्रिंसीपल सुरजीत कुमार राणा एवं समस्त स्टाफ ने मां बगलामुखी के पावन दरबार में दर्शन कर विद्यालय परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगलकामनाओं के लिए प्रार्थना की।

# चंबा ने कांगड़ा को 4-1 से हराया

## हॉकी में दिखाया दमदार प्रदर्शन, रोहित के 3 गोल, हर्षू वर्णवाल ने जीत पर लगाई मुहर

अनंत ज्ञान



हॉकी प्रतियोगिता में चंबा की टीम ने कांगड़ा को 4-1 से हराकर जीता खिताब। अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** इंदिरा गांधी स्टेडियम ऊना में चल रही वरिष्ठ राज्य हॉकी चैंपियनशिप में जिला चंबा की टीम ने गुरुवार को कांगड़ा की टीम को 4-1 से हराकर जहां मैदान में अपनी ताकत का लोहा मनवाया, वहीं इस जीत के साथ चंबा की हॉकी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की आवाज भी बुलंद हुई।

चंबा की जीत के नायक रहे रोहित मेहरा, जिन्होंने शानदार खेल दिखाते हुए तीन गोल दागे, जबकि हर्षू वर्णवाल ने एक गोल कर टीम की जीत पर मुहर लगा दी। खिलाड़ियों के इस दमदार प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया और पूरे मैदान में चम्बा के समर्थन में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

जिला हॉकी संघ चंबा के महासचिव मुकेश बेदी ने टीम की जीत पर गर्व जताते हुए कहा कि चम्बा की हॉकी हमेशा से सशक्त रही है। उन्होंने कहा, 'हमें सिर्फ एक एस्ट्रो टर्फ मैदान की जरूरत है, बाकी चंबा के युवाओं में प्रतिभा भरपूर है। सही सुविधाएं मिलते ही ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं।'

मुकेश बेदी, जिन्होंने अपना पूरा जीवन हॉकी को समर्पित कर दिया, आज भी युवा पीढ़ी के साथ मिलकर चम्बा की हॉकी को नई दिशा देने में जुटे हैं। वे लगातार एस्ट्रो टर्फ मैदान के निर्माण की मांग को आगे बढ़ा रहे हैं, ताकि जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिल सके।

26 से 29 मार्च तक चल रही इस प्रतियोगिता में चम्बा की इस शानदार जीत से पूरे जिले में खुशी की लहर है। खिलाड़ियों ने यह साबित कर दिया है कि संसाधनों की कमी के बावजूद उनका जज़्बा और जुनून ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। आने वाले मुकाबलों में भी चम्बा की टीम से इसी तरह के शानदार प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

# चंबा में मारपीट व अवैध शराब के तीन मामले दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के तहत अलग-अलग थानों में तीन आपराधिक मामले दर्ज किए हैं। सभी मामलों में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है और पुलिस ने जांच तेज कर दी है। पहला मामला पुलिस थाना तीसा में दर्ज किया गया है, जहां हंसुवाणी निवासी लेख राज की शिकायत पर गणेश सहित पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी उसके घर में जबरन घुस आए, गाली-गलौच की और उस पर हमला कर दिया। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है। दूसरा मामला पुलिस थाना भरमौर में सामने आया है। पुलिस ने कमलाड क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान अशोक कुमार निवासी तमडोथा को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 7 बोतल (5250 मिलीलीटर) अवैध देशी शराब बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। तीसरा मामला पुलिस थाना पांगी में दर्ज हुआ है, जहां क्वास निवासी विपन सिंह की शिकायत पर लेखराज के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब वह मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लेने जा रहा था, तभी आरोपी ने उसका रास्ता रोका और लात-घूंसों से मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोपी ने उसके गाल पर काटकर उसे घायल भी कर दिया। जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी मामलों में जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# चंबा में कांग्रेस संगठन अधूरा फैसलों में देरी पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** जिला चंबा में कांग्रेस संगठन की स्थिति को लेकर अब सवाल सीधे तौर पर फैसलों की गति पर उठने लगे हैं। जिला अध्यक्ष के चयन को समय बीत जाने के बावजूद आज तक जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाया है, वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों का ढांचा भी अधूरा है

सबसे अहम प्रश्न यही है—जब नेतृत्व तय हो चुका है, तो फिर संगठनात्मक विस्तार में यह देरी आखिर क्यों? राजनीतिक हलकों में इसे केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि निर्णय लेने की धीमी रफ्तार के रूप में देखा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर, विपक्षी दल जमीनी स्तर पर अपनी भूमिका लगातार मजबूत कर रहे हैं—बूथ स्तर तक सक्रियता, जनसंपर्क अभियान और संगठन विस्तार पर उनका फोकस साफ नजर आ रहा है। ऐसे माहौल में कांग्रेस का अधूरा संगठन आगामी चुनावी समीकरणों पर प्रभाव डाल सकता है।

2022 के विस चुनावों में चंबा की पांच सीटों में से कांग्रेस को केवल दो सीटों पर जीत मिली थी। यह परिणाम पहले ही संगठनात्मक कमजोरी की ओर इशारा कर चुका था। इसके बावजूद जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी और ब्लॉक इकाइयों का गठन न होना, पार्टी की

### ◆ विपक्ष हुआ तेज, कांग्रेस कार्यकर्ता कर रहे इंतजार

तैयारियों पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है। 2027 के विधानसभा चुनाव में अब लगभग 18 महीने का समय शेष है। इसमें से कुछ समय आचार संहिता में सीमित रहेगा और बाकी समय प्रत्याशी चयन व आंतरिक रणनीति में व्यतीत होगा। ऐसे में जो समय संगठन को मजबूत करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है, वही समय निर्णयों की प्रतीक्षा में निकलता दिखाई दे रहा है। कार्यकर्ताओं में भी इस स्थिति को लेकर असमंजस और चिंता का माहौल है। उनका मानना है कि बिना कार्यकारिणी और ब्लॉक स्तर के सक्रिय ढांचे के, न तो कार्यकर्ताओं को दिशा मिल पा रही है और न ही जनता के बीच प्रभावी पहुंच बन पा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, चुनाव केवल चेहरे से नहीं बल्कि मजबूत संगठन से जीते जाते हैं। यदि निर्णयों में यही देरी जारी रही, तो इसका सीधा असर आगामी चुनावी प्रदर्शन पर पड़ सकता है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है—क्या कांग्रेस समय रहते अपने संगठन को पूरा आकार दे पाएगी, या फिर फैसलों की यही सुस्ती उसे एक बार फिर पीछे छोड़ देगी, जबकि विपक्ष लगातार आगे बढ़ रहा है।

## तीसा महाविद्यालय में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

# डॉ. अमरजीत शर्मा ने होनहार किए सम्मानित

अनंत ज्ञान



तीसा कॉलेज के होनहारों को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

**तीसा।** राजकीय महाविद्यालय तीसा में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी अवसर पर उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. परविंदर कुमार ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें वर्ष भर की शैक्षणिक और खेलकूद गतिविधियों का ब्यौरा साझा किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. अमरजीत शर्मा ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और उच्च लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की अहमियत पर भी जोर दिया और कहा कि ये गुण जीवन में सफलता की कुंजी हैं।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मेधावी छात्रों का सम्मान रहा। बी.ए. प्रथम वर्ष में साखी ने प्रथम, पंकज द्वितीय और चीनो देवी तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.ए. द्वितीय वर्ष में हनीता प्रथम, आरती द्वितीय और गुड्डो देवी तृतीय स्थान पर रहीं। बी.ए. तृतीय वर्ष में मनीषा पहले, सीतो दूसरे और पूनम तीसरे स्थान पर रहीं। वाणिज्य संकाय में केशव, अर्पिता और भानु प्रताप क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। विज्ञान संकाय में अंशिका, प्रीति और नवीन को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिले, जबकि बी.एससी द्वितीय वर्ष में गौरव ने प्रथम स्थान हासिल किया।

खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। रोहित को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ एथलीट (बालक वर्ग) और रिया को सर्वश्रेष्ठ एथलीट (बालिका वर्ग) का खिताब मिला। सभी विजेताओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, गैर-शिक्षण कर्मचारी और भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिससे समारोह और भी भव्य और यादगार बन गया।

# भरमौर के मेद सिंह देश के चुनिंदा रिटायरमेंट सलाहकारों में शामिल

अनंत ज्ञान

**ओपी शर्मा, भरमौर।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र भरमौर से एक प्रेरणादायक उपलब्धि सामने आई है। ग्राम पंचायत पूलन के शिरडी गांव निवासी मेद सिंह ने देशभर के उन गिने-चुने विशेषज्ञों में जगह बनाई है, जो लोगों को रिटायरमेंट के बाद आर्थिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन के लिए मार्गदर्शन देंगे।



भारत जैसे 140 करोड़ की आबादी वाले देश में, जहां अधिकांश लोग बुढ़ापे की आर्थिक सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं, वहीं पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी के तहत सक्रिय रिटायरमेंट एडवाइजर की संख्या महज़ करीब 70 है। ऐसे में इस सूची में हिमाचल के मेद सिंह का शामिल होना प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

मेद सिंह का जीवन संघर्ष और मेहनत की मिसाल है। एक साधारण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से संबंध रखने वाले मेद सिंह ने पहाड़ी क्षेत्र की सीमित सुविधाओं के बावजूद अपने सपनों को साकार किया। उन्होंने पारंपरिक पेशों से हटकर एक ऐसे क्षेत्र का चयन किया, जिसमें भविष्य की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने समझा कि लोगों को केवल आय के साधनों की ही नहीं, बल्कि सही समय पर वित्तीय योजना और मार्गदर्शन की भी आवश्यकता है, खासकर उस समय जब उम्र बढ़ने के साथ आय के स्रोत कम हो जाते हैं। अब मेद सिंह लोगों को पेंशन और रिटायरमेंट प्लानिंग के जरिए आत्मनिर्भर और सुरक्षित भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन देंगे। उनकी सफलता यह दर्शाती है कि दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच के साथ दूरदराज क्षेत्रों से भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है। आज मेद सिंह हिमाचल के युवाओं और ग्रामीण समाज के लिए प्रेरणा बनकर उभरे हैं।

# चंबा कॉलेज में यूजीसी नेट उत्तीर्ण छात्रों का सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा के राजकीय महाविद्यालय में इतिहास विभाग के लिए गर्व का क्षण तब आया जब चार विद्यार्थियों—सन्नी देओल, रेवती, नेहा और ईशा—ने दिसंबर 2025 में यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्रशासन ने चारों छात्रों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। ये सभी विद्यार्थी सत्र 2023-2025 के एमए (इतिहास) के छात्र रहे हैं। प्राचार्य प्रो. राकेश राठौर ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभागाध्यक्ष प्रो. मणिराज सिंह राठौड़ ने इसे विभाग की बड़ी उपलब्धि बताते हुए विद्यार्थियों की मेहनत और समर्पण की सराहना की। सफल छात्रों ने भी अपने मार्गदर्शकों का आभार जताया। इस अवसर पर 'यूजीसी नेट: स्ट्रेटेजीज एंड रोडमैप फॉर सक्सेस' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। वक्ताओं ने अपनी तैयारी, समय प्रबंधन और परीक्षा से जुड़े अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को प्रेरित करते हुए उन्हें लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया गया।

# जनकराज ने मणिमहेश यात्रा को लेकर सरकार को चेताया

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** उत्तर भारत व हिमाचल प्रदेश की ऐतिहासिक व आध्यात्मिक पवित्र मणिमहेश यात्रा को लेकर पांगी भरमौर के विधायक डॉ जनक राज ने पुख्ता प्रबंध करने के सुझाव विधानसभा सत्र में सरकार के समक्ष रखे ताकि भारत के कोने-कोने से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कतें पेश न आएं। उन्होंने कहा कि गत वर्ष आई आपदा के दौरान हजारों श्रद्धालुओं को प्रबंधन की कमी के चलते ढेरों परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी विधायक डॉ जनक राज ने विधानसभा सत्र में रखे उन्होंने कहा कि मौसम आधारित ग्रीन और रेड कॉरिडोर बनाए जाए ताकि यात्रा मार्ग पर चलने वाले लोगों की संख्या को नियंत्रित किया जा सके।



वहीं मणिमहेश यात्रा पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की रजिस्ट्रेशन व उचित दूरी पर हाई एल्टीट्यूड सिकनेस स्वास्थ्य केंद्र की बात भी डॉक्टर जनक राज ने कही ताकि अत्यधिक ऊंचाई पर ऑक्सीजन व स्वास्थ्य संबंधित दिक्कतें श्रद्धालुओं को पेश न आएं। एनडीआरएफ व एसडीआरएफ बल को भी तैनात करने की बात कही ताकि बाढ़ वह भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं में राहत कार्यों को अंजाम दिया जा सके।

विधायक डॉ. जनकराज ने आगे कहा कि भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में पहले से ही दोनों ओर से मशीनरी तैनात की जाए ताकि भूस्खलन जैसी स्थिति में सड़क मार्ग को युद्ध स्तर पर आसानी से वहाल किया जा सके ताकि पवित्र मणिमहेश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना न करना पड़े। वहीं विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भी अशवस्त किया कि मणिमहेश यात्रा के दौरान सुदृढ़ प्रबंध किए जाने की बात कही।

# सलूणी रूट पर खटारा बसों का कहर, यात्रियों में रोष

अनंत ज्ञान



**सुनील पहाड़ी, सलूणी।** चकोर्त से डलहौजी जा रही हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की जर्जर हालत में बसों को लगातार रूट पर भेजे जाने से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि विभाग यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं के साथ खुला खिलवाड़ कर रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, आए दिन बसें बीच रास्ते में खराब हो जाती हैं, जिससे यात्रियों को घंटों तक परेशान होना पड़ता है। इससे न केवल उनका कीमती समय बर्बाद होता है, बल्कि कई बार उन्हें गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक साधनों का सहारा भी लेना पड़ता है। स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब सलूणी बस स्टैंड पर दो जर्जर बसें एक साथ खराब होकर खड़ी हो गईं। छोटे से बस स्टैंड में पहले ही सीमित जगह होने के कारण वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई और जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। इससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

एक ओर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री द्वारा बस सेवाओं को 'चकाचक' बताया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसी बदहाल बसों का संचालन सरकार के दावों की पोल खोलता नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सलूणी रूट पर नई और सुरक्षित बसें नहीं चलाई गईं, तो इसका असर आगामी चुनावों में देखने को मिल सकता है। उन्होंने परिवहन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बेहतर और विश्वसनीय बस सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# कांग्रेस-भाजपा की नीतियों ने राज्य को किया कमजोर : अजय अटवाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** आम आदमी पार्टी के जिला संयोजक अजय अटवाल ने हिमाचल प्रदेश की वर्तमान आर्थिक स्थिति को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि राज्य आज वित्तीय संकट की गंभीर स्थिति में पहुंच चुका है और यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो हालात और बिगड़ सकते हैं।



अटवाल ने इस स्थिति के लिए कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी दोनों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि वर्षों से चली आ रही 'बारी-बारी की सत्ता' ने प्रदेश की आर्थिक नींव को कमजोर कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों दलों ने शासन के दौरान दीर्घकालिक और पारदर्शी नीतियां बनाने के बजाय राजनीतिक लाभ को प्राथमिकता दी, जिससे भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को बढ़ावा मिला। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकारी कर्मचारियों के वेतन में देरी, पेंशनरों को समय पर भुगतान न होना और संभावित कटौतियों की चर्चाएं प्रदेश की आर्थिक स्थिति को स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं। इसके साथ ही सरकारी भर्तियों की धीमी प्रक्रिया ने युवाओं में निराशा और बेरोजगारी को बढ़ाया है।

अजय अटवाल ने चेतावनी दी कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो अनुच्छेद 360 लागू होने जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा होता है तो यह देश के इतिहास में एक अभूतपूर्व और चिंताजनक घटना होगी। अंत में, उन्होंने जनता से अपील की कि वे पारंपरिक राजनीति से ऊपर उठकर आम आदमी पार्टी जैसे वैकल्पिक और जवाबदेह विकल्प को चुनें, ताकि हिमाचल प्रदेश को आर्थिक रूप से मजबूत और पारदर्शी दिशा में आगे बढ़ाया जा सके।

# सुंदरनगर में बेकाबू हुआ एलपीजी गैस संकट

अनंत ज्ञान

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर।** जिला मंडी के सुंदरनगर में घरेलू एलपीजी गैस की किल्लत अब गंभीर रूप ले चुकी है। हालात ऐसे बन गए हैं कि लोगों को गैस सिलेंडर के लिए सुबह से लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद भी उन्हें गैस नहीं मिल पा रही। वीरवार सुबह स्थिति और भी चिंताजनक नजर आई, जब सैकड़ों उपभोक्ता सुबह 6 बजे से गैस गोदामों के बाहर लाइन में लगे रहे। करीब 5 घंटे इंतजार करने के बाद भी 11 बजे तक अधिकांश लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ा। इससे लोगों में भारी रोष देखने को मिला। स्थानीय उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस एजेंसियों की मनमानी के चलते यह संकट गहरा गया है। उनका कहना है कि जहां आम लोगों को सिलेंडर नहीं मिल रहा, वहीं कुछ लोगों को आसानी से गैस उपलब्ध करवाई जा रही है, जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संकट के बीच आर्थिक बोझ भी लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है। कई उपभोक्ताओं को गैस गोदाम तक पहुंचने के लिए ऑटो का सहारा लेना पड़ रहा है, जिसमें करीब 400 रुपये तक खर्च हो रहे हैं। इसके बावजूद गैस न मिलने से लोगों की नाराजगी और बढ़ गई है। वहीं, कालाबाजारी के आरोप भी सामने आ रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि बाजार में गैस सिलेंडर ऊंचे दामों पर बेचे जा रहे हैं। हालांकि प्रशासन पर्याप्त स्टॉक होने का दावा कर रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

No. NPB/Sanitation Tender/2025-26-996-1000 Dated 12/3/2026

**Office of the Nagar Panchayat Bhota Distt. Hamirpur (HP)**

**E-Procurement Notice**

**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

The Secretary Nagar Panchayat Bhota Distt. Hamirpur HP invites online bids item rate in electronic tendering system in two covers for the under mentioned works from the eligible and approved contractors/firms/ Sanitation contractor of Himachal Pradesh

| S. No. | Description of work | Estimated cost | Security | Time | Cost of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Door to door garbage collection in segregated manner i.e wet waste, dry waste and Hazardous Waste in separate manner from Residential, Commercial & Others establishments as per provisions of SWM Rules 2016 (i/c Collection, Transportation, Processing and Disposal) in all 07 wards of Nagar Panchayat Bhota Area 10 Nos. Sanitation worker for sanitation like Cleanliness, Sweeping of Roads, Drains, Streets, Public & Community toilets sanitation, Bush Cutting in all 07 wards i/c Disposal of all the waste generated from these daily activities to specific site/spot allocated by N.P Bhota, Plastic waste to be placed at the fixed spot allocated by N.P Bhota authorities for scientific disposal Removal & disposal of dead animals of the N.P Bhota area in hygienic manners. Engaged of Three men at SWM plant for opretating OWC machine with shredder and bailing machine, keeping of SWM project site in hygienic way i.e. as per rules of SWM Rules 2016 | 150780,00 per month | | | |
| 2. | 1 No Electrician for Street light Maintenance/ Repair | 17028.00 per month | | | |
| 3. | 1 No. Driver for Vehicle | 17666.00 per month | | | |
| 4. | 1 nos. 4-wheller/ Jeep Carrier equivalent vehicle including driver, with GPS & Loudspeaker system having two compartments in Vehicle | 9000.00 per month | | | |
| 5. | Materials - Lime/Broom/Phenyl/Harpic etc @ 200/- per month | 6000.00 per month | | | |
| | **Total** | **200474.00** | **181000.00** | **12 Months** | **4000.00** |

**Tender document and other instructions can be downloaded or viewed online from the portal https://hptenders.gov.in by the firms/individual registered on the website, which is free of cost.**

**Key Details:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of online publication | 27/3/2026 | AT11:30AM |
| 2 | Document Downloaded Start Date | 27/3/2026 | AT 11:30AM |
| 3 | Bid Submission start Date | 27/3/2026 | AT 11:30AM |
| 4 | Documents downloaded close Date | 7/4/2026 | AT 11:30AM |
| 5 | Bid submission close Date | 7/4/2026 | AT 11:30AM |
| 6 | Physical Submission of EMD, Cost of Tender, Security, Documents etc | 7/4/2026 | AT 01:00PM |
| 7. | Date of opening of technical and financial Bid | 7/4/2026 | AT 03:00PM |

Yours Faithfully,

**Secretary, Nagar, Panchayat Bhota, Distt. Hamirpur HP**

अनंत Classifieds

**नाम दुरूस्ती**

**मैं, सर्विस नं. 2701981A** सुरेश कुमार (44 वर्ष) पुत्र श्री प्रेम दास गांव कनेड डाकघर धीयाना कलां, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा हि.प्र.। घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र की आयु सर्विस रिकॉर्ड में 02/03/2009 दर्ज है जोकि गलत है। और मेरे पिता का नाम प्रेम चंद दर्ज है जोकि गलत है। जबकि मेरे पुत्र की सही आयु 09/03/2009 और मेरे पिता का सही नाम प्रेम दास है। सभी संबंधित नोट करें।

**IN THE COURT OF VISHRUT BHARATI, HAS, SUB DIVISIONAL MAGISTRATE CUM MARRIAGE OFFICER FATEHPUR DISTT KANGRA H.P.**

1. Sh. Rohit Kumar S/o Sh. Pratap Chand Vill Katrah P.O Khatiar P.O Khatiar Tehsil Fatehpur Distt Kangra (H.P).
2. Smt Sanjna Dio Sh Veer Singh Vill Gher Bassa P.O Chhatar Jogian Tehsil Fatehpur Distt Kangra (H.P)

**VERSUS General Public**

**Application for the registration of marriage under Section 6, 7 (1)(2) of the Himachal Pradesh Registration of Marriage Act 1996.**

Sh. Rohit Kumar S/o Sh. Pratap Chand Vill Katrah P.O Khatiar P.O Khatiar Tehsil Fatehpur Distt Kangra (H.P) & Smt Sanjna D/o Sh Veer Singh Vill Gher Bassa P.O Chhatar Jogian Tehsil Fatehpur Distt Kangra (H.P) have filed an application alongwith affidavits in this court under Section 6,7 (1) (2) of the Himachal Pradesh Registration of Marriage Act 1996 that they have solemnized their marriage ceremony on 14-08-2025 as per Hindu Rights and Customs and they are living together as husband and wife since then. Hence their marriage may be registered under the Himachal Pradesh Registration of Marriage Act 1996. Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objections regarding this marriage can file the objections personally in writing before this court on or before 26-03-2026. After that no objections will be entertained and marriage will be registered accordingly. Issued today on 24-02-2026 under my hand and seal of the court.

**Marriage officer-cum-Sub Divisional Magistrate, Fatehpur Distt. Kangra H.P.**

**संस्कृति** — घराट के आटे व मोटे अनाज का अनूठा विक्रय केंद्र 'पांगणे री खिट्टी' शुरू

# पांगणा में परंपरा व स्वास्थ्य का संगम

अनंत ज्ञान



'पांगणे री खिट्टी' शुरू करने के दौरान। अनंत ज्ञान

**करसोग।** ऐतिहासिक नगरी पांगणा में स्थानीय परंपराओं और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देते हुए ग्राम दिशा जैविक समूह बाग नामक स्वयं सेवी संस्था द्वारा मोटे अनाज (मिलेट्स), जैविक दालें, स्थानीय प्राकृतिक सब्जियां, मसाले, लैमन, तुलसी, अश्वगंधा, पोमेग्रेनेट टी, नीम-तुलसी शैंपू, पारंपरिक वन्य सब्जियां, संस्था द्वारा जल से संचालित पारंपरिक घराट में पिसे आटे का एक नया विक्रय केंद्र शुरू किया गया है। इस 'पांगणे री खीट्टी' नामक जैविक क्रय-विक्रय केन्द्र का शुभारम्भ बिद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता चंद्रमणी शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस अनुकरणीय पहल को न केवल पांगणा-करसोग क्षेत्र में अपितु मण्डी जिला सहित हिमाचल में स्थानीय कृषि और पारंपरिक खाद्य संस्कृति के पुनर्जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर प्रगतिशील बागवान रजनी रावत, डॉक्टर जगदीश शर्मा, सहायक अभियंता अंकुश धीमान, कनिष्ठ अभियंता यंकुश ठाकुर, सीनियर एसिस्मेंट खूबराज, विभाग के सुनील, उमेश आदि उपस्थित थे।

इस केंद्र पर बाजरा, जौ, मक्की, कोदा, बीथु जैसे मोटे अनाजों के साथ-साथ घराट में पीसा हुआ शुद्ध आटा उपलब्ध कराया जा रहा है। विशेषता यह है कि यहां का आटा पारंपरिक जल-चालित घराट में धीमी गति से पीसा जाता है, जिससे उसके पोषक तत्व सुरक्षित रहते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, घराट का आटा न केवल अधिक पौष्टिक होता है, बल्कि स्वाद में भी श्रेष्ठ माना जाता है।

'पांगणे र खिट्टी' के संचालक भूपेन्द्र कैंडल, गोपाल कौंडल प्रधान ग्राम दिशा जैविक समूह, चेतराम गौतम सचिव, पुरुषोत्तम और ग्राम दिशा जैविक समूह के सभी सदस्य, एवं ग्राम दिशा जैविक समूह बाग के संस्थापक आशीष गुप्ता के अनुसार, वर्तमान समय में लोग पुनः प्राकृतिक और रसायन-मुक्त आहार की ओर लौट रहे हैं। सरकार द्वारा भी प्राकृतिक खेती और मोटे अनाज को बढ़ावा दिए जाने से इन उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से स्थानीय किसानों को बाजरा, मक्की, जौ और कोदा रागी जैसे मोटे अनाजों की खेती के लिए प्रोत्साहन मिलेगा तथा पारंपरिक घराटों की उपयोगिता भी पुनर्जीवित होगी।

सुकेत संस्कृति साहित्य एवं जन-कल्याण मंच पांगणा-सुकेत के अध्यक्ष डॉ. हिमेंद्र बाली तथा संस्कृति मर्मज्ञ डॉ. जगदीश शर्मा ने कहा कि पहले गांव-गांव में घराट हुआ करते थे, लेकिन आधुनिक चक्कियों के चलते यह परंपरा धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही थी। ऐसे में इस प्रकार का केंद्र खुलना न केवल स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभकारी है, बल्कि सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का भी सशक्त प्रयास है। इस अवसर पर रसायन मुक्त पारंपरिक अन्न पर सोमकृष्ण गौतम, डॉक्टर जगदीश शर्मा, डोलाराम शास्त्री और भूपेंद्र कैंडल ने अपने विचार रखे।

**परोपकारी** अपने कष्ट को नहीं देखता, क्योंकि वह परकष्ट जनित करुणा से ओत-प्रोत होता है।

-संत तुकाराम

## संपादकीय

# हिमाचल में बढ़ता अपराध

हिमाचल प्रदेश आज एक नई और चिंताजनक चुनौती का सामना कर रहा है। हाल के वर्षों में यहां हत्या की घटनाओं में वृद्धि देखने को मिल रही है। जो प्रदेश अपनी शांत वादियों, सरल जीवनशैली और सौहार्दपूर्ण वातावरण के लिए जाना जाता था, वहीं अब रक्तरंजित घटनाओं की खबरें सुर्खियां बन रही हैं। यह स्थिति न केवल कानून-व्यवस्था के लिए चिंता का विषय है, बल्कि राज्य की छवि और पर्यटन उद्योग के लिए भी गंभीर खतरा बनती जा रही है।

इन घटनाओं का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि कई मामलों में अपराधियों का संबंध बाहरी राज्यों या सीमावर्ती क्षेत्रों से जुड़ा पाया गया है। काम की तलाश में आने वाले कुछ प्रवासी मजदूरों या व्यापारियों के बीच आपसी रंजिश, आर्थिक विवाद या व्यक्तिगत झगड़े हिंसक रूप ले लेते हैं। कई बार देखा गया है कि अपराध को अंजाम देने के बाद आरोपी अपने मूल राज्य या देश लौट जाते हैं, जिससे जांच प्रक्रिया जटिल और समयसाध्य हो जाती है। इससे न केवल अपराधियों को पकड़ने में देरी होती है, बल्कि स्थानीय पुलिस पर भी अतिरिक्त दबाव बढ़ता है।

यह स्थिति हिमाचल पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। हालांकि, यह भी उल्लेखनीय है कि पुलिस अपनी कर्तव्यनिष्ठा और दक्षता का परिचय देते हुए कई मामलों को शीघ्रता से सुलझा रही है। सीमित संसाधनों के बावजूद, दूसरे राज्यों में जाकर आरोपियों को गिरफ्तार करना और साक्ष्य जुटाना आसान कार्य नहीं है। इसके लिए पुलिस की सराहना की जानी चाहिए, लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण प्रश्न है कि यदि पुलिस का अधिकांश समय ऐसे मामलों में ही व्यतीत होगा, तो राज्य की समग्र कानून-व्यवस्था को बनाए रखने पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा?

इस बढ़ते अपराध का असर केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हिमाचल की पहचान और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा पर्यटन पर निर्भर है। देश-विदेश से आने वाले पर्यटक यहां की शांति, प्राकृतिक सुंदरता और सुरक्षित वातावरण के कारण आकर्षित होते हैं, लेकिन यदि लगातार इस प्रकार की आपराधिक घटनाएं सामने आती रहेंगी, तो पर्यटकों का विश्वास डगमगा सकता है। इससे राज्य की आय पर सीधा प्रभाव पड़ेगा और स्थानीय लोगों के रोजगार पर भी संकट आ सकता है।

सरकार के लिए यह आवश्यक हो गया है कि वह इस समस्या को गंभीरता से ले और ठोस कदम उठाए। बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों का उचित पंजीकरण, उनकी गतिविधियों पर निगरानी और संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही, कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पुलिस बल को संसाधनों और तकनीकी सहायता से सुसज्जित करना भी आवश्यक है। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और दोषियों के प्रवेश पर प्रतिबंध जैसे कदम भी प्रभावी हो सकते हैं।

हालांकि, केवल प्रशासनिक उपाय ही पर्याप्त नहीं होंगे। समाज के स्तर पर भी आत्ममंथन की आवश्यकता है। आज के समय में लोगों की सहनशीलता में कमी देखी जा रही है। छोटी-छोटी बातों पर विवाद बढ़कर हिंसा का रूप ले लेते हैं। यह प्रवृत्ति अत्यंत खतरनाक है और इसे रोकने के लिए सामाजिक जागरूकता और नैतिक शिक्षा पर बल देना होगा। लोगों को संवाद, धैर्य और सहिष्णुता का महत्व समझाना आवश्यक है।

शिमला जिले के एक क्षेत्र में हुई हत्या की घटना इसका उदाहरण है, जहां मामूली विवाद ने एक व्यक्ति की जान ले ली। हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले को शीघ्र सुलझा लिया, लेकिन इस प्रकार की घटनाएं समाज के लिए चेतावनी हैं। यह दर्शाता है कि व्यक्तिगत स्तर पर भी हमें अपने व्यवहार और क्रोध पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है।

बहरहाल, हिमाचल प्रदेश की शांति और सौम्यता को बनाए रखने के लिए सरकार, पुलिस और समाज-तीनों को मिलकर कार्य करना होगा। सख्त कानून, प्रभावी निगरानी और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से ही इस बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो हिमाचल की छवि को गंभीर क्षति पहुंच सकती है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रसिद्ध 'मसाला किंग'

**महाशय** धर्मपाल गुलाटी भारत के एक प्रसिद्ध उद्योगपति थे, जिन्हें 'मसाला किंग' के नाम से जाना जाता है। उनका जन्म 27 मार्च 1923 को सियालकोट में हुआ था। उनके पिता मसालों की एक छोटी दुकान चलाते थे, जिससे ही धर्मपाल जी ने व्यापार के शुरुआती गुर सीखे। उन्होंने कम उम्र में ही पढ़ाई छोड़ दी और अपने पिता के काम में हाथ बंटाने लगे।



महाशय धर्मपाल गुलाटी
जन्म : 27 मार्च, 1923
मृत्यु : 3 सितंबर, 2020

भारत-पाक विभाजन के समय उनका परिवार भारत आकर दिल्ली में बस गया। शुरुआती दिनों में उन्होंने तांगा चलाकर जीविका चलाने की कोशिश की, लेकिन बाद में उन्होंने अपने पारिवारिक मसाला व्यवसाय को फिर से शुरू करने का निर्णय लिया। करोल बाग में एक छोटी सी दुकान से शुरू हुआ यह सफर धीरे-धीरे सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचा। धर्मपाल गुलाटी ने 1950 के दशक में एमडीएच (महाशेयां दी हट्टी) को एक संगठित रूप दिया और मसालों की शुद्धता एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने खुद मसाले पीसने की परंपरा को आगे बढ़ाया, जिससे उनके उत्पादों को लोगों का भरोसा मिला। समय के साथ एमडीएच एक अंतरराष्ट्रीय ब्रांड बन गया और इसके उत्पाद कई देशों में निर्यात होने लगे। उनकी एक खास पहचान यह भी थी कि वे अपने उत्पादों के विज्ञापन स्वयं करते थे, जिससे वे जनता के बीच बहुत लोकप्रिय हो गए। इसके अलावा उन्होंने महाशय चुनीलाल चेरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। धर्मपाल गुलाटी का निधन 3 दिसंबर 2020 को हुआ, लेकिन उनकी प्रेरणादायक जीवन यात्रा आज भी लोगों को मेहनत और ईमानदारी का महत्व सिखाती है। ■



कविता

### मौन समर्पण

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

नमिता शर्मा, शिक्षिका, गांव सेराथाना
तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा

**तुम** थक गए हो शायद अब सो रहे हो
बहुत परिश्रम किया पर कभी कुछ कहा नहीं।
क्या सोचते थे तुम? बस चुपचाप सहते रहे
गर कह देते तो शायद मैं समझती
मैं अपना ही कहती रही अपना ही रही सुनाती
स्वयं का ख्याल तजा पर सबका ध्यान रखते रहे
अच्छे बेटे अच्छे भाई, पिता और पति
हर एक रिश्ते का तुम फर्ज निभाते रहे
कितनी खुदगर्ज थी मैं आपको कभी समझा ही नहीं
शायद ईश्वर ने आपको इस थकान से अब बचा लिया
मैं और बच्चे जी लेंगे ये जिंदगी अब
तुम्हारे साये में मैं सदा आराम करती रही
अब सारी तकलीफें दर्द सारे सफर मेरे हिस्से हैं
तुमने कभी विश्राम किया ही नहीं पर अब करो आराम
मेरे हिस्से यादें हैं यादें और बहुत सारी यादें
कठिन है डगर कटेगी भी नहीं पर अब ये सफर मैं जारी रखती रहूंगी
तुम्हारे साथ शुरू और छोड़ी गई आधी अधूरी कहानी, मैं पूरी करती
रहूंगी, तुम बस मुस्काते रहना, मैं अपने फर्ज निभाती रहूंगी।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# वृद्धावस्था का महत्व और बुजुर्गों का सम्मान

एक अनुमान के अनुसार हमारे देश में वृद्धों की संख्या आए-दिन तेजी से बढ़ रही है और इसके साथ ही उनकी संतानों द्वारा उन्हें प्रताड़ित करने के अप्रत्याशित गंभीर घटनाओं में भी बेतहाशा वृद्धि अक्सर मीडिया में देखने-सुनने को मिलती रहती है।



तुलसी राम डोगरा
स्वतंत्र लेखक, पालमपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इस समस्या की जटिलता को देखते हुए संतानों द्वारा अपने बुजुर्गों की उपेक्षा रोकने और उनकी 'जीवन संध्या' को सुखमय बनाने के लिए देश में सबसे पहले हिमाचल के तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने अपने 2002 के मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल के दौरान 'वृद्ध माता-पिता एवं आश्रित भरण-पोषण कानून' बनाया था।

इस कानून के अंतर्गत संतानों द्वारा पीड़ित माता-पिता को संबंधित जिला मजिस्ट्रेट के पास अपनी शिकायत करने का अधिकार दिया गया व दोषी पाए जाने पर संतान को माता-पिता की संपत्ति से वंचित करने, सरकारी अथवा सार्वजानिक क्षेत्र में नौकरियां न देने तथा सेवारत सरकारी कर्मचारियों के वेतन से समुचित राशि काटकर माता-पिता को देने का प्रावधान किया गया।

धूमल द्वारा लिए गए इस निर्णय की हिमाचल प्रदेश में ही नहीं यद्यपि देश के हर कोने में सर्वत्र प्रशंसा हुई। तदोपरांत बुजुर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए देश की संसद ने भी 'अभिभावक और वरिष्ठ नागरिक देखभाल व कल्याण विधेयक -2007' द्वारा बुजुर्गों की देखभाल न करने पर तीन माह तक कैद का प्रावधान किया और इसके विरुद्ध अपील की अनुमति भी नहीं है। इसके पश्चात असम और दिल्ली जैसे राज्य सरकारों ने भी इसका अनुसरण किया और अब तेलंगाना सरकार भी जल्द ही ऐसे कानून को अमलीजामा पहनाने जा रही है, जो स्वागतयोग्य ही नहीं, बल्कि प्रशंसनीय भी है। आज सवाल यह उठता है कि आखिर ऐसे कानून बनाने की आखिर आवश्यकता क्यों आन पड़ी? वास्तव में आज संतानें अपने मां-बाप की देखभाल के कर्तव्य से विमुख होती जा रही और हमारे स्वाभिमानी और बुजुर्ग आए-दिन भावनात्मक यातनाओं से गुजर रहे हैं, यह अत्याधिक पीड़ादायक विषय है। देश के हर कोने से संतानों द्वारा बुजुर्गों को प्रताड़ित करने के गंभीर मामले रोजमर्रा प्रकाश में आते रहते हैं।

मां-बाप बच्चों का लालन-पालन बड़ी ही मुश्किल व अपनी जिंदगी की समस्त पूंजी इस उम्मीद के साथ लगाते हैं कि शायद वृद्धावस्था की आने वाली जीवन संध्या में औलाद उनकी लाठी का सहारा बनेगी। यही नहीं,वे उनकी परवरिश के लिए इतने मशगूल हो जाते हैं कि उन्हें अपने सुख-दुःख की चिंता भी कदापि नहीं रहती है। पहले बच्चों



की परवरिश, शिक्षा, भविष्य को संवारने और उनका करियर बनाने के लिए येन-केन-प्रकारेण वह दिन-रात प्रयासरत रहते हैं। इसके उपरांत भी संतानें आज उन्हें दरकिनार रही हैं और ऐसे में बुजुर्गों को संतान के सहारे की दरकार हो रही है। ऐसे मामले भी सामने आ रहे हैं कि जिन वृद्धों की कमाई का कोई साधन नहीं है वह दो वक्त की रोटी तक के लिए जहां मोहताज हैं, वहीं दर-दर की ठोकरें खाने को भी विवश हैं।

लगता है कि आज की पीढ़ी अपनी परंपरा, सभ्यता और संस्कृति के मूल्यों को तिलांजलि देकर पतन की ओर जा रही है अथवा विमुख हो रही है। यह सत्य है कि मां-बाप जैसे पवित्र रिश्ते को अधिकांश वर्तमान पीढ़ी अपनी स्वार्थ सिद्धी एवं व्यवहार के चलते उन्हें अपमानित करने में उतारु है। कई प्रकरण ऐसे भी सामने आ रहे हैं कि मां-बाप ने अपनी सारी संपत्ति अपने बेटे के नाम कर दी, जिसके कुछ समय उपरांत बहू-बेटे द्वारा उनकी पिटाई करने, धमकाने और कई मर्तबा खाना भी न देने पर न्याय के लिए उन्हें न्यायालय का रुख करना पड़ रहा है।

इस प्रकार की घटनाओं को देखते हुए कुछ समय पूर्व 'बाम्बे हाई कोर्ट' के न्यायमूर्ति जितेंद्र जैन ने कहा कि आज के युग में माता-पिता द्वारा अपने बच्चों की परवरिश में कुछ गड़बड़ी है तथा एक बेटा अपने वृद्ध माता-पिता को तीर्थ यात्रा पर ले जाने की बजाए अदालत में घसीट रहा है। आज के समाज में वृद्धजनों की स्थिति चिंता का विषय बनती जा रही है। कई बुजुर्ग अपने ही घरों में अकेलेपन, असुरक्षा और उपेक्षा का जीवन जीने को मजबूर हैं। जिन माता-पिता ने अपने बच्चों का पालन-पोषण कर उन्हें योग्य बनाया, वही संतान वृद्धावस्था में उनका साथ देने से कतराने लगती है। यह स्थिति अत्यंत दुखद और चिंताजनक है।

माता-पिता को अक्सर बरगद की छाया के समान माना जाता है, जो अपने बच्चों को सुरक्षा, संस्कार और दिशा प्रदान करते हैं। बाल्यावस्था और युवावस्था में संतान उनके मार्गदर्शन पर निर्भर रहती है, लेकिन जब वही माता-पिता शारीरिक रूप से कमजोर और असहाय हो जाते हैं, तो उन्हें नजरअंदाज किया जाने लगता है। कई मामलों में तो बुजुर्गों को घर से निकाल दिया जाता है, जिससे उन्हें वृद्धाश्रम का सहारा लेना पड़ता है। वास्तव में वृद्धावस्था जीवन का वह चरण है, जहां अनुभव, ज्ञान और समझ अपने चरम पर होते हैं। बुजुर्ग परिवार की धरोहर होते हैं और उनकी उपस्थिति घर में स्थिरता, शांति और संतुलन बनाए रखती है।

उनके अनुभव किसी भी पुस्तक से अधिक मूल्यवान होते हैं और नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होते हैं। समाज और परिवार का कर्तव्य है कि वे बुजुर्गों का सम्मान करें, उनकी आवश्यकताओं का ध्यान रखें और उन्हें प्रेम व सुरक्षा प्रदान करें। साथ ही, सरकार को भी वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, यातायात में रियायत और त्वरित न्याय जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करनी चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल प्रदेश में दवा सैंपल फेल : फार्मा इंडस्ट्री पर संकट

हाल ही में हिमाचल प्रदेश में दवाइयों के सैंपल फेल होने की खबर ने फार्मा उद्योग के सामने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह राज्य लंबे समय से देश का एक प्रमुख फार्मा हब रहा है, विशेषकर बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ क्षेत्र, जहां बड़ी संख्या में दवा निर्माण इकाइयां कार्यरत हैं।



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी, बद्दी, सोलन, मोबाइल 9418233028/8221050880

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

ऐसे में जब कुछ दवाइयां गुणवत्ता मानकों पर खरी नहीं उतरतीं और उन्हें 'नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी' घोषित किया जाता है, तो इसका सीधा असर उद्योग की साख पर पड़ता है। इस प्रक्रिया की निगरानी केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और राज्य स्तर के नियामक करते हैं, और सैंपल फेल होने की घटनाएं इस बात का संकेत देती हैं कि उत्पादन या गुणवत्ता नियंत्रण में कहीं न कहीं कमी रह गई है। इस प्रकार की खबरों का सबसे बड़ा प्रभाव फार्मा कंपनियों की विश्वसनीयता पर पड़ता है। जब किसी कंपनी की दवाइयां फेल होती हैं, तो डॉक्टर और मरीज दोनों ही उस ब्रांड पर भरोसा कम करने लगते हैं, जिससे बाजार में उसकी स्थिति कमजोर हो जाती है। इसके साथ ही, भारत की वैश्विक छवि, जो 'फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड' के रूप में जानी जाती है, भी प्रभावित हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका और यूरोप जैसे बाजारों में भारतीय दवाइयों की मांग काफी अधिक है, लेकिन गुणवत्ता को लेकर उठे सवाल इन देशों के नियामक संस्थानों को और सख्त बना सकते हैं।

इससे निर्यात पर असर पड़ सकता है, निरीक्षण बढ़ सकते हैं और कंपनियों को गुणवत्ता सुधार के लिए अतिरिक्त निवेश करना पड़ सकता है।

हिमाचल में बड़ी संख्या में छोटे और मध्यम स्तर के फार्मा उद्योग भी कार्यरत हैं, जिन पर इस स्थिति का अधिक दबाव पड़ता है। लगातार सैंपल फेल होने पर इन कंपनियों के लाइसेंस रद्द होने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे उत्पादन रुक सकता है और आर्थिक नुकसान होता है। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है, क्योंकि फार्मा सेक्टर इस क्षेत्र में रोजगार का एक बड़ा स्रोत है। सरकारी स्तर पर भी इस घटना के बाद निगरानी और सख्ती बढ़ने की संभावना रहती है, जिसमें बार-बार निरीक्षण, सख्त नियमों का पालन और डिजिटल ट्रैकिंग जैसे कदम शामिल हो सकते हैं। हालांकि ये कदम दीर्घकाल में गुणवत्ता सुधार के लिए आवश्यक हैं, लेकिन अल्पकाल में उद्योग पर अतिरिक्त दबाव डाल सकते हैं। दवाइयों की गुणवत्ता का सीधा संबंध आम जनता के स्वास्थ्य से होता है, इसलिए सैंपल फेल होने का असर केवल उद्योग तक सीमित नहीं रहता।




खराब गुणवत्ता की दवाइयां मरीजों के उपचार को प्रभावित कर सकती हैं और कभी-कभी गंभीर स्वास्थ्य जोखिम भी पैदा कर सकती हैं। इससे स्वास्थ्य प्रणाली पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है, क्योंकि डॉक्टरों को वैकल्पिक उपचार ढूंढना पड़ता है। निवेश के दृष्टिकोण से भी यह स्थिति चिंता का विषय है, क्योंकि नए निवेशक ऐसे माहौल में निवेश करने से हिचक सकते हैं और मौजूदा कंपनियां भी अपने निवेश की समीक्षा कर सकती हैं। इससे अन्य राज्य, जैसे गुजरात और महाराष्ट्र, निवेश आकर्षित करने में आगे निकल सकते हैं। हालांकि इस पूरी स्थिति को केवल नकारात्मक दृष्टिकोण से देखना उचित नहीं होगा, क्योंकि यह सुधार का एक अवसर भी प्रदान करती है।

फार्मा कंपनियों को अपनी गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली को मजबूत करने, आधुनिक तकनीकों का उपयोग करने और कर्मचारियों को बेहतर प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है। हिमाचल में दवाइयों के सैंपल फेल होने की घटना फार्मा उद्योग के लिए गंभीर चेतावनी है। पारदर्शिता, जवाबदेही और उपभोक्ता जागरूकता से ही इस क्षेत्र में विश्वास दोबारा स्थापित किया जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# करुणा, धर्म व मर्यादा का संदेशवाहक है भगवान श्रीराम का व्यक्तित्व

भारतीय संस्कृति और आस्था के केंद्र में विराजमान भगवान श्रीराम केवल एक धार्मिक प्रतीक नहीं हैं, बल्कि वे आदर्श जीवन के प्रेरणास्रोत भी हैं। उनका व्यक्तित्व करुणा, धर्म और मर्यादा के अद्भुत समन्वय का प्रतीक है।



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, गांव कोटला घुमारवीं, जिला बिलासपुर
फोन-9417379327

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यही कारण है कि उन्हें 'मर्यादा पुरुषोत्तम' कहा जाता है। आज के आधुनिक युग में, जब नैतिक मूल्यों का ह्रास होता दिखाई देता है, श्रीराम का जीवन हमें एक संतुलित, सुसंस्कृत और आदर्श समाज की दिशा दिखाता है। भगवान श्रीराम का जीवन करुणा से परिपूर्ण था। उन्होंने अपने जीवन में हर वर्ग और हर प्राणी के प्रति समान भाव रखा। चाहे निषादराज गुह हों, केवट हों या शबरी-सभी के प्रति उनका व्यवहार प्रेम, सम्मान और आत्मीयता से भरा हुआ था। उन्होंने यह सिद्ध किया कि सच्चा महान व्यक्ति वही है, जो दूसरों के दुःख को अपना दुःख समझे और बिना किसी भेदभाव के सभी के साथ संवेदनशीलता से व्यवहार करे। उनकी करुणा केवल मनुष्यों तक सीमित नहीं थी, बल्कि पशु-पक्षियों और समस्त जीव-जगत के प्रति भी समान रूप से थी। यह उनके व्यापक और समावेशी दृष्टिकोण को दर्शाता है।

धर्म के पालन में भगवान श्रीराम का जीवन अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने हर परिस्थिति में धर्म का मार्ग अपनाया और कभी उससे विचलित नहीं हुए। पिता के वचन की रक्षा के लिए उन्होंने सहजता से राजसिंहासन का त्याग कर वनवास स्वीकार किया। यह त्याग केवल एक आदर्श पुत्र का कर्तव्य नहीं था, बल्कि धर्म के प्रति उनकी अटूट निष्ठा और समर्पण का प्रतीक था। उन्होंने यह संदेश दिया कि सच्चा धर्म वही है, जो कर्तव्य, सत्य और न्याय के मार्ग पर



अडिग रहने की प्रेरणा देता है, चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों। मर्यादा की दृष्टि से भी भगवान श्रीराम का जीवन सर्वोच्च आदर्श प्रस्तुत करता है। उन्होंने राजा, पुत्र, पति और मित्र के रूप में अपने प्रत्येक दायित्व को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और मर्यादा के साथ निभाया। उनका जीवन यह सिखाता है कि हर व्यक्ति को अपने कर्तव्यों और संबंधों के प्रति सजग और जिम्मेदार होना चाहिए। उनके शासनकाल, जिसे 'रामराज्य' कहा जाता है, में न्याय, समानता, शांति और समृद्धि का आदर्श स्वरूप देखने को मिलता है। यह केवल एक कल्पना नहीं, बल्कि एक ऐसा आदर्श है जिसकी ओर हर समाज को प्रयासरत रहना चाहिए।

वर्तमान समय में जब समाज अनेक चुनौतियों और नैतिक द्वंद्वों से जूझ रहा है, भगवान श्रीराम के आदर्श पहले से अधिक प्रासंगिक प्रतीत होते हैं। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, संयम और सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। आज की भागदौड़ भरी और प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में, जहां स्वार्थ और अधीरता बढ़ती जा रही है, वहां श्रीराम का चरित्र हमें संतुलन, सहनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है।

यदि प्रत्येक व्यक्ति उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने आचरण में सत्य, ईमानदारी, करुणा और मर्यादा जैसे सद्गुणों को अपनाए, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन अवश्य संभव है। इससे न केवल व्यक्तिगत जीवन में शांति और संतोष आएगा, बल्कि सामाजिक संबंध भी मजबूत और सौहार्दपूर्ण बनेंगे।

अंततः कहा जा सकता है कि भगवान श्रीराम केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक नहीं हैं, बल्कि वे जीवन जीने की एक संपूर्ण कला और आदर्श मार्गदर्शक हैं। उनकी करुणा, धर्म और मर्यादा आज भी मानवता को सही दिशा दिखाने में सक्षम हैं। आवश्यकता केवल इस बात की है कि हम उनके आदर्शों को समझें और उन्हें अपने व्यवहार में उतारें, ताकि एक श्रेष्ठ, संतुलित और आदर्श समाज की स्थापना हो सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# महंगाई : जनता की बढ़ती कठिनाइयों का मुख्य कारण और समाधान की जरूरत

वर्तमान समय में आम जनता के समक्ष जो सबसे बड़ी और गंभीर समस्या खड़ी है, वह है महंगाई। यह केवल एक आर्थिक समस्या नहीं रह गई है, बल्कि सामाजिक और मानसिक तनाव का भी कारण बनती जा रही है। दिन-प्रतिदिन बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है।



डॉ. पीसी कौंडल
गांव ददोह, डा. धावन, त. बल्ह
जिला मंडी, मो.70188-85893

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज स्थिति यह है कि आवश्यक वस्तुएं जैसे खाद्यान्न, दालें, तेल, पेट्रोल, गैस, कपड़े और मकान-सबकी कीमतें आसमान छू रही हैं। इससे विशेष रूप से मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग अत्यधिक प्रभावित हो रहे हैं, जिनकी आय सीमित होती है और खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है।

महंगाई बढ़ने के पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं। सबसे प्रमुख कारण है जनसंख्या में निरंतर वृद्धि। जनसंख्या बढ़ने से वस्तुओं और सेवाओं की मांग बढ़ जाती है, जबकि उत्पादन उस अनुपात में नहीं बढ़ पाता। इसके परिणामस्वरूप वस्तुओं के दाम बढ़ जाते हैं। इसके अलावा, सरकारी नीतियों की कमजोरियां, आर्थिक असंतुलन, भ्रष्टाचार और संसाधनों का अनुचित वितरण भी महंगाई को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब तक सरकार प्रभावी और कठोर कदम नहीं उठाती, तब तक इस समस्या पर नियंत्रण पाना कठिन होता है।

महंगाई बढ़ने में व्यापारी वर्ग की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। कई व्यापारी अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से वस्तुओं की जमाखोरी करते हैं और उन्हें बाजार में कृत्रिम रूप से कम उपलब्ध कराते हैं। बाद में उन्हीं वस्तुओं को ऊंचे दामों पर बेचकर अत्यधिक मुनाफा कमाते हैं। इस प्रकार की कालाबाजारी और मुनाफाखोरी से बाजार में असंतुलन पैदा होता है और कीमतें बढ़ जाती हैं। इसके साथ ही घूसखोरी और अनैतिक व्यापारिक गतिविधियां भी इस समस्या को और गंभीर बना देती हैं। हालांकि, महंगाई के लिए केवल सरकार और व्यापारी ही जिम्मेदार नहीं हैं, बल्कि आम




जनता भी कहीं न कहीं इसके लिए उत्तरदायी है। आधुनिक युग में लोगों का जीवन स्तर पहले की तुलना में काफी ऊंचा हो गया है। इसके साथ ही उनकी आवश्यकताएं और इच्छाएं भी बढ़ गई हैं। लोग अपनी वास्तविक जरूरतों से अधिक वस्तुएं खरीदने लगे हैं और एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा में महंगी चीजों को अपनाने लगे हैं। महंगे मोबाइल फोन, ब्रांडेड कपड़े, सोने-चांदी के आभूषण और आलीशान गाड़ियों की बढ़ती मांग ने बाजार में दबाव बढ़ा दिया है, जिससे कीमतों में वृद्धि होना स्वाभाविक है। महंगाई का प्रभाव समाज के विभिन्न वर्गों पर अलग-अलग पड़ता है। अमीर वर्ग पर इसका बहुत कम असर होता है क्योंकि उनके पास पर्याप्त संसाधन होते हैं, जबकि गरीब और मध्यम वर्ग को अपनी आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में भी कठिनाई होती है। इससे सामाजिक असमानता और अधिक बढ़ती है, जहाँ अमीर और अधिक अमीर होता जाता है और गरीब और अधिक गरीब। महंगाई को नियंत्रित करने के लिए सरकार, व्यापारी और जनता-तीनों का संयुक्त प्रयास आवश्यक है। सरकार को चाहिए कि वह उत्पादन बढ़ाने, रोजगार के अवसर सृजित करने और जमाखोरी व कालाबाजारी पर सख्त नियंत्रण करने के लिए प्रभावी नीतियां बनाए।

व्यापारियों को ईमानदारी और नैतिकता के साथ व्यापार करना चाहिए और अनावश्यक मुनाफाखोरी से बचना चाहिए। वहीं, जनता को भी अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखना चाहिए और अनावश्यक खर्चों से बचना चाहिए। कि महंगाई एक जटिल और व्यापक समस्या है, जिसका समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मां शारदा मेले को बच्चों व महिला मंडलों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बनाया आर्कषक

## भालारिहड़ा में दो दिवसीय मेले का समापन, मुख्यातिथि अनुभव तनवर ने की शिरकत

अनंत ज्ञान



शारदा मेले के दौरान मंच पर विराजमान गणमान्य। अनंत ज्ञान

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत मैन भरोला के भालारिहड़ा में आयोजित मां शारदा के दो दिवसीय पारंपरिक मेले का वीरवार को समापन हो गया। समापन समारोह में विकास खंड चौंतड़ा के खंड विकास अधिकारी अनुभव तनवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर मेला कमेटी और स्थानीय लोगों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

मुख्यातिथि अनुभव तनवर ने सबसे पहले देव पशाकोट कुट खेतडू की भव्य जलेब में भाग लिया। पारंपरिक वाद्य यंत्रों व श्रद्धालुओं की उपस्थिति में निकली जलेब ने सभी का मन मोह लिया। उन्होंने देव पशाकोट के चरणों में शीश नवाकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके उपरांत मुख्यातिथि ने मां शारदा के मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मेले का समापन आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ।

मेला कमेटी के प्रधान संजय जमवाल ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मेले के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे। स्थानीय स्कूलों और गांव के बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए गीत, नृत्य और सांस्कृतिक झलकियों को दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं महिला मंडल हराबाग की महिलाओं ने पारंपरिक पहाड़ी नाटी प्रस्तुत कर माहौल को पूरी तरह से हिमाचली संस्कृति के रंग में रंग दिया। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

इसके अलावा मेले में विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिनमें महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मटका फोड़ प्रतियोगिता में महिला पट्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में महिला मंडल आहडू प्रथम तथा महिला मंडल गदयाडा द्वितीय स्थान पर रहा। वहीं रस्साकसी प्रतियोगिता में महिला मंडल हराबाग ने अपनी टीम भावना और ताकत का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। मुख्यातिथि अनुभव तनवर ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे पारंपरिक मेले हमारी समृद्ध संस्कृति और लोक परंपराओं के जीवंत प्रतीक हैं।

# माहूंनाग मंदिर में दुर्गा अनुष्ठान की पूर्णाहुति, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल



माहूंनाग मंदिर में पूर्णाहुति देते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री देव माहूंनाग मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय दुर्गा अनुष्ठान की पूर्णाहुति विधिवत संपन्न हुई। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान में भाग लेकर देवता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

देवता के कुल पुरोहित लुदरमणी ने बताया कि पांच दिनों तक दुर्गा शपथ सती का पाठ श्रद्धा और विधि-विधान के साथ किया गया। अनुष्ठान के समापन अवसर पर हवन-पूजन के साथ पूर्णाहुति दी गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर के पुजारी दीनानाथ शर्मा ने बताया कि इस दौरान विभिन्न स्थानों से आई महिलाओं ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया।

भक्ति गीतों से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा और श्रद्धालु देर तक भजनों में लीन रहे। अनुष्ठान के उपरांत देवता की कोठी में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के सफल संचालन में स्थानीय लोगों और मंदिर कमेटी का विशेष सहयोग रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### शीशम के दो पेड़ चोरी, तीन पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** थाना धर्मपुर के अंतर्गत धारा 303(2), 329(3), 324(2), 3(5) बीएनएस में मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता सोहन सिंह पुत्र स्वर्गीय भीखम राम, निवासी गांव कपाही डाकघर सरी, तहसील धर्मपुर जिला मंडी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब वह अपनी मलकीयती जमीन मुहाल कपाही में पहुंचा तो वहां से शीशम के दो पेड़ गायब पाए गए।शिकायतकर्ता के अनुसार जांच करने पर पता चला कि 25 फरवरी को दिन के समय आरोपी उसकी तथा माता ने एक मजदूर की मदद से चेनसॉ से पेड़ कटवाए और उनकी लकड़ी व ईंधन चोरी कर मौके से ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वेतन बढ़ोतरी पर जताया सीएम का आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** एनएचएम हिमाचल प्रदेश कर्मचारी महासंघ ने बजट सत्र में वेतनमान बढ़ाने के फैसले पर सीएम सिंह सुक्खू का आभार जताया। महासंघ के अध्यक्ष मनजीत धीमान, महासचिव सुनील कुमार और प्रेस सचिव राज महाजन ने इसे कर्मचारी हित में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि पहली बार बजट के जरिए वेतन बढ़ा है, जिससे कर्मियों को आर्थिक राहत के साथ सम्मान भी मिला है। महासंघ ने बताया कि एनएचएम कर्मचारी पिछले 27 वर्षों से अनुबंध पर दूरदराज क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे हैं और कोविड-19 जैसी चुनौतियों में अग्रिम पंक्ति में रहे। उन्होंने सरकार से नियमितीकरण और स्थायी नीति लागू करने की मांग भी दोहराई।

### दुर्गा अष्टमी पर सेहली मंदिर में विशेष अनुष्ठान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** तुगल क्षेत्र के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता बगलामुखी मंदिर सेहली में दुर्गा अष्टमी के अवसर पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। मंदिर परिसर में विधिपूर्वक कन्या पूजन और हवन-पाठ सम्पन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। पुजारी अमरजीत शर्मा ने बताया कि यह परंपरा हर वर्ष निभाई जाती है और इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूर्णाहुति में शामिल हुए। हवन में कई पंडितों ने भाग लिया। अनुष्ठानों के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जहां भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भजन-कीर्तन भी हुआ और श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### 31 तक करें अग्रिम बिजली बिलों का भुगतान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर विद्युत मंडल के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता पूरण चंद ने सभी सरकारी कार्यालयों और विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे 31 मार्च 2026 तक अपने सभी बकाया बिजली बिलों का भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्देशों के तहत अब सभी सरकारी भवनों में अग्रिम भुगतान आधारित बिजली मीटर प्रणाली लागू की जा रही है। इस नई व्यवस्था में बिजली का उपयोग केवल अग्रिम राशि जमा होने पर ही संभव होगा। उन्होंने विभागाध्यक्षों से अपील की कि वे अपने कार्यालयों के बिजली खातों में पर्याप्त धनराशि बनाए रखें, ताकि आपूर्ति में किसी प्रकार की रुकावट न आए। समय पर भुगतान न होने पर बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है।

### रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्रित

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर में सामाजिक कार्यों के लिए सक्रिय सद्भावना एनजीओ ने अपना पांचवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर संस्था ने भव्य रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया, जिसमें कुल 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर लोक निर्माण विभाग बी.आर. धीमान ने संस्था के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयास समाज सेवा में प्रेरणा का स्रोत हैं। अध्यक्ष विजय चंदेल ने बताया कि संस्था निरंतर समाज के उत्थान के लिए कार्यरत है। रक्तदान शिविर में कुलदीप जमवाल, विनोद कोतवाल, रमेश सकलानी, मुकेश लखनपाल, प्रिंस जसवाल, संजय ठाकुर, राकेश मेहर चंद, राजेंद्र शर्मा सहित अन्य लोगों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।

### व्यवस्था को लेकर कलाकारों ने जताई नाराजगी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर में आयोजित नलवाड़ एवं देवता मेले के लिए कलाकारों के ऑडिशन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस दौरान कुल 99 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 43 ने डांस और 56 ने सिंगिंग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्षेत्र के कई उभरते कलाकारों ने मंच पर अपनी कला दिखाकर निर्णायकों को प्रभावित करने का प्रयास किया। हालांकि, ऑडिशन के दौरान कुछ कलाकारों ने व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि निर्धारित समय के अनुसार मंच पर पर्याप्त अवसर नहीं मिलता, जिससे वे अपनी पूरी प्रतिभा प्रस्तुत नहीं कर पाते। इसके अलावा कुछ प्रतिभागियों ने यह भी आरोप लगाया कि सभी कलाकारों को सम्मानजनक पारिश्रमिक नहीं दिया जाता, जिससे उनमें असंतोष देखने को मिला।

### गोपालपुर रूट से हटाई बस बहाल की जाए

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट क्षेत्र के ग्रामीणों ने रिवालसर जाने वाली बस सेवा को लेकर अपनी चिंता जाहिर की है। स्थानीय निवासी दीवान चंद ने बताया कि सरकाघाट से दोपहर 2 बजे चलने वाली बस पहले वाया चंदैस-दुर्गापुर होते हुए गोपालपुर तक जाती थी, लेकिन अब इसे गोपालपुर नहीं भेजा जा रहा है। इससे क्षेत्र के लोगों, खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और छात्रों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लोकल गांवों में जाने वाली बसें आज भी गरीब वर्ग के लिए जीवनरेखा हैं। जहां एक ओर कई लोगों के पास निजी वाहन हैं, वहीं जरूरतमंद लोग पूरी तरह सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर हैं। उन्होंने प्रशासन और परिवहन विभाग से मांग की है कि इस बस सेवा को पुनः गोपालपुर रूट पर बहाल किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### चिट्टा हुआ आम गाने को मिली सराहना

**अनंत ज्ञान, भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** मिलिट्री ग्राउंड यानि जवाहर पार्क सुंदर नगर के सुकेत मंच पर चौथी सांस्कृतिक संध्या में नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते गांव चौक व भराड़ी से संबंधित कलाकार क्रमशः स्वामी राणा तथा राजेन्द्र कुमार की जोड़ी द्वारा गाया गाना' चिट्टा हुआ आम 'बहुत सराहा गया।गाए गए इस गाने के माध्यम से युवाओं व लोगों को चिटटे से दूर रहने की सलाह दी गई जिसकी भारी संख्या में उपस्थित श्रोताओं ने भूरि भूरि प्रशंसा की। कलाकारों के मुताबिक इस बार नलवाड़ मेला का जो थीम है वह चिटटा के ऊपर रखा तो जरूर गया है परंतु अभी तक किसी ने भी चिटटा के ऊपर कोई भी गीत नहीं गाया था। ऐसे में मशहूर हुए इस गाने के पुनः अचानक ही गूंजायमान होने से श्रोताओं का समां बंध गया।

### पहाड़ी गीतों को संजो रहे मेदू सकलानी

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** चौहार घाटी के ग्रामण गांव निवासी लोकगायक व गीतकार मेदू सकलानी पारम्परिक पहाड़ी गीतों को सहेजने में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि वे करीब 20 वर्षों से पहाड़ी गीत लिख रहे हैं और दर्जनों पारम्परिक गीतों को अपनी आवाज देकर यूट्यूब चैनल पर प्रस्तुत कर चुके हैं। एक साधारण परिवार से आने वाले मेदू सकलानी विलुप्त हो रहे गीतों को नई पहचान देने का प्रयास कर रहे हैं, जिसे स्थानीय लोग और संगीत प्रेमी सराह रहे हैं। उनका कहना है कि वे अपनी पारम्परिक संस्कृति को आगे बढ़ाते रहेंगे।

### रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया

**अनंत ज्ञान, महादेव।** रामनवमी का पर्व वीरवार को क्षेत्र भर में हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। राम मंदिर कनैड में जहां श्रद्धालुओं ने भजन कर सुख समृद्धि की कामना की वहीं निकट के कोयला माता मंदिर, देव बाला कामेश्वर जखेड़ा में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही जिन्होंने आयोजित किए गए भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया।

### राजा हरी सेन मेमोरियल क्रिकेट स्पर्धा शुरू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय मैदान में राजा हरी सेन मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन क्रिकेट एसोसिएशन मंडी के अध्यक्ष अजय राणा ने किया। उन्होंने राजा हरी सेन के जीवन व योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जलशक्ति विभाग के ईएनसी धर्मेंद्र गिल, चीफ इंजीनियर रूपेंद्र वैद्य, पदम सिंह गुलेरिया, अजय कपूर, कामेश्वर ठाकुर, प्रवीण सेन, मुकेश शर्मा सहित खिलाड़ी व दर्शक मौजूद रहे। प्रतियोगिता में 32 टीमें नॉकआउट आधार पर खेलेंगी। विजेता को 1 लाख व उपविजेता को 50 हजार रुपये मिलेंगे। ड्रॉ प्रक्रिया धर्मेंद्र गिल की अध्यक्षता में हुई।

### मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर बैठक कल

**अनंत ज्ञान, बरोट।** मंदिर निर्माण कमेटी पंजौंड के वरिष्ठ सदस्य ओम प्रकाश ने बताया कि 28 मार्च को फुंगणी माता के प्रांगण में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होगी। इसमें 24 अप्रैल को नव-निर्मित माता फुंगणी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा से जुड़े विषयों पर चर्चा कर जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी और निर्माण कार्य के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा होगी। भंडारे के सामान की सूची बैठक के बाद सार्वजनिक की जाएगी। उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल को प्राण-प्रतिष्ठा, 25 अप्रैल को देव कारकुनों व देवलुओं का स्वागत और 26 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। सभी भक्तों से बैठक व कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की गई है।

# अग्निवीर भर्ती रैली में 389 में से 286 अभ्यर्थी 1.6 किलोमीटर दौड़ में पास



पंडोह में अग्निवीर भर्ती रैली में भाग लेते युवा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली युवाओं के उत्साह और देशभक्ति का प्रतीक बनकर उभरी है। पंडोह में एआरओ मंडी द्वारा मुख्यालय भर्ती जोन अंबाला के अंतर्गत आयोजित इस रैली में पिछले पांच दिनों में करीब 2000 अभ्यर्थियों ने भाग लेकर अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन और शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया।

रैली का मुख्य आकर्षण 26 मार्च को रहा, जब कारगिल युद्ध के वीर योद्धा ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर (सेवानिवृत्त) ने 1.6 किलोमीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उनके प्रेरणादायक संबोधन ने युवाओं में नई ऊर्जा और देशसेवा का जज़्बा भर दिया। वीरवार को आयोजित दौड़ में 389 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 286 अभ्यर्थी सफल होकर अगले चरण के लिए चयनित हुए, जबकि 103 अभ्यर्थी दौड़ पूरी नहीं कर सके। यह आयोजन भारतीय सेना की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और युवाओं के साथ उसके मजबूत संबंध को दर्शाता है।

# धर्मपुर का नलवाड़ व देव मेला आज भी पहचान का मोहताज

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** वर्ष 2015 में पंचायत स्तर से उठाकर प्रशासन के अधीन लाया गया धर्मपुर का ऐतिहासिक नलवाड़ व देव मेला आज भी अपनी पहचान के लिए संघर्ष कर रहा है। एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित होने वाला यह मेला हर वर्ष 4 अप्रैल से 9 अप्रैल तक बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है, लेकिन विडंबना यह है कि इतने भव्य आयोजन के बावजूद इसे अभी तक न तो जिला स्तरीय और न ही प्रदेश स्तरीय मेला घोषित किया गया है। धर्मपुर के राजकीय महाविद्यालय खेल मैदान में आयोजित होने वाले इस मेले में हर साल हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। मेले की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां दो दर्जन से अधिक देवी-देवता अपने रथों के साथ पहुंचकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो जाता है। देव परंपरा और लोक संस्कृति का अनूठा संगम इस मेले को खास बनाता है। स्थानीय लोगों प्रताप सिंह, रूप लाल, संजय कुमार, नेकराम, विधिचंद, इत्यादी का कहना है कि मेले का स्वरूप और इसकी लोकप्रियता किसी भी जिला स्तरीय मेले से कम नहीं है। वर्षों से लगातार बढ़ती भीड़, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विविधता और देव आस्था की गहराई इस आयोजन को एक अलग पहचान देती है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर इसे वह दर्जा नहीं मिल पाया, जिसका यह हकदार है।

# मां हाटेश्वरी मंदिर में दुर्गा अष्टमी पर लगा भक्तों का तांता, कन्या पूजन कर किए माता के दर्शन

अनंत ज्ञान



कन्या पूजन के लिए बैठी कन्याएं। अनंत ज्ञान

**नेरचौक।** मंडी जिला के प्राचीन एवं प्रसिद्ध मंदिर पांडवों के समय की खंडपीठ मां हाटेश्वरी के मंदिर में दुर्गा अष्टमी पर दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा। मां के प्रति आस्था रखने वाले भक्त जनों ने कतार में खड़े होकर मां के दर्शन किए। वही दुर्गा अष्टमी के इस विशेष अवसर पर भक्तों ने कन्या पूजन किया।

भक्तों ने जहां मां का आशीर्वाद प्राप्त किया वही विश्व शांति के लिए भी मां हाटेश्वरी से प्रार्थना की। मां हटेश्वरी के दरबार में हर वर्ष नवरात्रों के 9 दिन मंदिर में मां के दर्शनों के लिए आने वाले भक्त जनों के लिए भंडारे का विशेष आयोजन किया जाता है। अष्टमी के दिन भी मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से जन सहयोग से भंडारे का आयोजन भक्तों के लिए किया गया था। मंदिर प्रबंधन समिति के प्रधान नंदलाल ठाकुर ने बताया कि मां हाटेश्वरी का मंदिर बहुत बड़ी शक्तिपीठ है। जहां उत्तरी भारत से लोग मां के प्रति आस्था रखते हैं तथा दूर-दूर से चलकर मंदिर में आकर मां के दर्शन करते हैं और मां हाटेश्वरी श्रद्धालुओं की सच्चे दिल से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण करती है।

# रसेहड में ग्रामीणों ने खुद बनाई 500 मीटर सड़क, भाजपा नेताओं ने किया उद्घाटन

अनंत ज्ञान



सड़क का भूमि पूजन करते भाजपा नेता व ग्रामीण। अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मसेरन के गांव रसेहड में वीरवार को सामूहिक प्रयास का सराहनीय उदाहरण सामने आया। यहां स्थानीय ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने निजी संसाधनों से लगभग 500 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कर दिया, जिससे माता नैना देवी मंदिर तक पहुंचना अब पहले से कहीं अधिक आसान हो गया है। इस सड़क से क्षेत्र के लोगों और श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी। सड़क निर्माण कार्य का नेतृत्व बूथ अध्यक्ष देशराज ठाकुर ने किया। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद इसका विधिवत उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन ठाकुर द्वारा किया गया।

इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान समय में विकास कार्य ठप पड़े हैं, जिसके कारण लोगों को अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए स्वयं आगे आना पड़ रहा है। पवन ठाकुर ने ग्रामीणों की इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक बताया और कहा कि जब सरकारें अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरतीं, तब जनता अपने प्रयासों से बदलाव लाती है। उन्होंने सड़क निर्माण में सहयोग के लिए ₹1,00,000 देने की घोषणा भी की।कार्यक्रम में विधायक दिलीप ठाकुर को भी शामिल होना था, लेकिन शिमला में व्यस्तता के चलते वे नहीं पहुंच सके। उनकी ओर से प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी पवन ठाकुर को सौंपी गई थी। इस अवसर पर संदीप जस्वाल, शिवम शर्मा, रजनी ठाकुर, कैप्टन बलदेव चौहान, राजेंद्र ठाकुर, संजय गुलेरिया, विनीत ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं व लोगों की भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया।

# अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए सच्चाई से भाग रही सरकार : जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिस योजना ने गरीब को 5 लाख तक का सहारा दिया, उसी हिमकेयर को बंद कर सरकार ने जनता को बीमारी और कर्ज के अंधेरे में धकेलने का काम किया है। राकेश जम्वाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा हिमकेयर योजना को बंद करने का निर्णय प्रदेश के गरीब, मध्यम वर्ग और जरूरतमंद परिवारों के साथ खुला अन्याय है। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि प्रदेश के लगभग 8.5 लाख परिवारों के लिए जीवन बचाने वाली संजीवनी थी, जिसके माध्यम से हर परिवार को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिल रहा था। उन्होंने कहा कि अगर हिमकेयर योजना में गड़बड़ी थी तो मुख्यमंत्री अब तक कहां सोए थे? क्या सरकार को साढ़े तीन साल तक कुछ दिखाई नहीं दिया? या फिर अब, जब अपनी नाकामियों का जवाब देने का समय आया है, तो जनता को भ्रमित करने के लिए नई-नई कहानियां गढ़ी जा रही हैं? उन्होंने कहा कि बजट सत्र के बीच इस तरह का ऐलान करना दर्शाता है कि सरकार के पास कोई ठोस नीति नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार खुद स्वीकार कर रही है कि पिछले 6 वर्षों में इस योजना पर लगभग 1100 करोड़ खर्च हुए हैं, जबकि पंजीकरण और प्रीमियम के माध्यम से जनता से हर साल केवल 13 से 18 करोड़ ही एकत्र हुए।

# अल्पसंख्यकों ने लड्डू बांटकर मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन



मुख्यमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर लड्डू बांटते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** शहर के गांधी भवन में गुरुवार को सुखविंदर सिंह सुक्खू का 62वां जन्मदिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं और अल्पसंख्यक समुदाय ने उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर केक काटा गया और मुख्यमंत्री के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान अल्पसंख्यक विभाग, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह संयोजक सन्नी ईपन ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों के बीच लड्ड बांटकर खुशी जाहिर की। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू को 'गरीबों का मसीहा' बताते हुए उनके कार्यों की सराहना की। सन्नी ईपन ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने सबसे पहले अनाथ बच्चों के हित में निर्णय लेते हुए उन्हें मुफ्त शिक्षा, भोजन और आवास उपलब्ध कराने के लिए कानून बनाया। यह कदम सरकार की संवेदनशील सोच और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में समाज के कमजोर वर्गों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका लाभ आम लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम के नेतृत्व में प्रदेश विकास व सामाजिक न्याय की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# बॉक्सिंग प्रतियोगिता में समर्थ, प्रत्युष, शौर्य रूहानी, तुषार और निखिल को मिला गोल्ड



नलवाड़ मेले में बॉक्सिंग प्रतियोगिता संपन्न। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर में आयोजित राज्य स्तरीय नलवाड़ मेले के तहत बॉक्सिंग प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए।

जूनियर वर्ग के 30 किलोग्राम भार वर्ग में मंडी के समर्थ ने स्वर्ण, सुंदरनगर के कार्तिक ने रजत और शिवांश ने कांस्य पदक जीता। 40 किलोग्राम वर्ग में प्रत्युष ने स्वर्ण और दिव्यांश शर्मा ने रजत पदक हासिल किया, जबकि 54 किलोग्राम वर्ग में एमएलएसएम कॉलेज के शौर्य ने स्वर्ण और कार्तिक ने रजत पदक जीता।

### खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में दिखाया दमखम

महिला वर्ग के 51 किलोग्राम में रूहानी ने स्वर्ण और जडोल की दीक्षा ने रजत पदक प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में 55 किलोग्राम में शौर्य ने स्वर्ण और सक्षम ने रजत पदक जीता। 64 किलोग्राम में तुषार ने स्वर्ण और शिवांश ने रजत पदक हासिल किया। 80 किलोग्राम से अधिक वर्ग में निखिल ने स्वर्ण और उदित सेन ने रजत पदक जीता। समापन अवसर पर एएसपी अभिमन्यु वर्मा ने विजेताओं को सम्मानित किया।

जागरूक 'नशा छोड़ो, खेलों से जुड़ो' नारों के साथ गूंजा राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला

# क्रॉस कंट्री दौड़ से दिया नशा मुक्ति का संदेश

अनंत ज्ञान

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर।** राज्य स्तरीय नलवाड़ एवं किसान मेला सुंदरनगर के उपलक्ष्य पर गुरुवार को एक भव्य क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में युवाओं से लेकर 75 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। दौड़ का मुख्य उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

क्रॉस कंट्री दौड़ को हमसफर चौक से विकासखंड अधिकारी सुंदरनगर नियोन शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस कर्मियों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। प्रतिभागियों ने 'नशा छोड़ो, खेलों से जुड़ो' जैसे नारों के साथ समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि नियोन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि चिट्टा जैसे घातक नशे के खिलाफ इस प्रकार की पहल बेहद सराहनीय है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों और रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। दौड़ के समापन पर विजेता एवं उपविजेताओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



**प्रतियोगिता परिणाम के विजेता खिलाड़ी**

**अंडर-15:** शिवांश (प्रथम), कार्तिक कटयाल (द्वितीय), नवनीत भारद्वाज (तृतीय), 15 से 40 वर्षः अनिल कुमार (प्रथम), शशि कुमार (द्वितीय), अंकित चौधरी (तृतीय), 40 वर्ष से अधिकः तुलसीराम (प्रथम), सुखराम (द्वितीय), अमर सिंह (तृतीय), 60 वर्ष से अधिकः दीनानाथ (प्रथम), इंदर सिंह (द्वितीय), सुरेंद्र शर्मा (तृतीय), महिला ओपन वर्ग में तनीषा (प्रथम), अंशुल (द्वितीय), राधिका (तृतीय)। इसके अलावा चौथा, पांचवां और छठा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों-इशांत, विकल्प ठाकुर, प्रत्युष पवार, पलक ठाकुर, मुस्कान, किरणा, तिलक राज, सूर्यांश शर्मा, रोहित, विपल सिंह, प्रेस कुमार और सोहन सिंह को भी प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### शतरंज टूर्नामेंट में गौरव राणा अव्वल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर में आयोजित राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला के अंतर्गत सीनियर ओपन शतरंज टूर्नामेंट-2026 का सफल आयोजन कम्युनिटी हॉल में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबलों के बीच कांगड़ा के गौरव राणा ने शानदार खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। सुंदरनगर के प्रणव कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि यथार्थ ने तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया। इस अवसर पर मुख्य निर्णायक राज कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारियों और आयोजकों ने प्रतियोगिता के सफल संचालन में अहम भूमिका निभाई। अंत में विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### वरिष्ठजनों को परमवीर चक्र विजेता से मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** शहरी इकाई पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा एक ऐतिहासिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि परम वीर चक्र विजेता कैप्टन संजय कुमार ने 75 वर्ष पूर्ण कर चुके वरिष्ठजनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को टोपी, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कैप्टन संजय कुमार ने कारगिल युद्ध के अपने अनुभव साझा किए। एसोसिएशन के प्रधान हरि सिंह ठाकुर ने वरिष्ठजनों को 'समाज की धरोहर' बताते हुए पेंशनरों की लंबित मांगों, विशेषकर महंगाई भत्ते (डीए) एवं बकाया राशि के शीघ्र भुगतान की मांग उठाई। इस अवसर पर हिमाचल किसान एवं जन कल्याण सभा के प्रदेश अध्यक्ष बृज लाल शर्मा सहित लगभग 50 गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

### लेक्चरर संघ ने सीएम को जन्मदिवस पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रदेश प्रधान अजय नेगी, राज्य उपाध्यक्ष विकास रतन प्रांतीय मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को उनके जन्मदिन पर उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन दी है। इसे प्रदेश के कर्मचारी कभी नहीं भूलेंगे। मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने बताया स्टडी लीव पर जाने वाले कर्मचारियों को 100 फीसदी वेतन देने के निर्णय का भी मुख्यमंत्री का सराहनीय निर्णय है।

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक भंजाल स्कूल बना मिसाल

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल ने यह साबित कर दिया है कि सरकारी स्कूल भी किसी निजी संस्थान से कम नहीं हैं। कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा और स्टाफ की मेहनत से स्कूल ने विकास और शैक्षणिक गुणवत्ता में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। स्कूल में आर्ट्स ब्लॉक की खतरनाक सीढ़ियों का पुनर्निर्माण, मुख्य द्वार का विस्तार और सीसीटीवी व्यवस्था जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। लगभग 20 वर्षों बाद स्कूल पत्रिका 'शिवकाली' का प्रकाशन भी किया गया है। शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी स्कूल आगे रहा है। एनएसएस छात्र 26 जनवरी परेड शिमला में भाग ले चुके हैं, वहीं खेल और स्काउट-गाइड में भी छात्रों ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन किया है। स्कूल में अटल टिंकरिंग लैब और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था भी की गई है। प्रिंसिपल राजन शर्मा ने इन उपलब्धियों का श्रेय स्टाफ, एसएमसी और स्थानीय पंचायत के सहयोग को दिया है।

### झंडूता-स्वारघाट नगर पंचायत के वार्डों का अंतिम परिसीमन जारी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम, 2015 के तहत उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने नगर पंचायत झंडूता और स्वारघाट के वार्डों के परिसीमन का अंतिम आदेश जारी कर दिया है। झंडूता के वार्डों के परिसीमन संबंधी 3 मार्च 2026 को नोटिस जारी किया गया था, जिसके लिए सात दिन में आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित अवधि में एक सुझाव प्राप्त हुआ, जिसका निपटारा 13 मार्च को कर दिया गया। अंतिम परिसीमन में ठप्पर-1, आनन्दघाट-2, जेटवीं छोटी बिलौर-3, वडवाड-4, वांडा-5, झंडु-6 और बैहरन-7 शामिल हैं। स्वारघाट के वार्डों के लिए भी 3 मार्च को नोटिस जारी हुआ था, लेकिन कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। अंतिम परिसीमन में दभेटा-1, मतनोह-2, कुटेहला-3, मंझेर-4, समलेटू-5, काथला-6 और थापना-7 शामिल किए गए हैं।

### कुलपति ने डॉ. राजकुमार की पुस्तक का किया विमोचन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर महावीर सिंह ने विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में कार्यरत सहायक आचार्य डॉ. राजकुमार द्वारा संपादित पुस्तक 'इंस्पायरिंग वूमेन ऑफ इंडियन फ्रीडम स्ट्रगल 1857-1947' का विमोचन किया। यह अवसर 16 मार्च को क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के दौरान आया। इस मौके पर सतवंत अटवाल त्रिवेदी, जो हिमाचल प्रदेश की प्रथम महिला आईपीएस एवं वर्तमान में राज्य आपदा प्रबंधन बल की महानिदेशक हैं, विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में प्रोफेसर कुलदीप अत्रि सहित कई विद्वान भी मौजूद रहे। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका को उजागर करने वाली इस महत्वपूर्ण पुस्तक में कुल 14 शोध आलेख शामिल हैं। उपस्थित अतिथियों ने इस महत्वपूर्ण विषय पर पुस्तक प्रकाशित करने के लिए डॉ. राजकुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### बिलासपुर अंडर-16 क्रिकेट टीम का चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर क्रिकेट एसोशिएशन ने वीरवार को लुहणू स्टेडियम में जिला की अंडर-16 टीम का चयन किया। चयन प्रक्रिया में किशोर खिलाड़ियों की भारी भीड़ उमड़ी। संभावित खिलाड़ियों में सुवांश द्विवेदी, अखिल धीमान, आरव भोगल, प्रिंस ठाकुर, मयंक शर्मा, अंश गौतम, अभिनव, प्रतीक मिन्हास, आर्यन पुंडीर, राघव वर्मा, धैर्य गुप्ता, मनन रणौट, सारंग चंदेल, शौर्यवीर, अक्षज ठाकुर, तरूण, आयुष कुमार, अर्श धीमान, सक्षम, सूर्या, अर्नव गौतम और आरव गौतम शामिल हैं। चयन प्रक्रिया के संयोजक महेंद्र चंदेल और सह संयोजक आरके रघु रहे। चयनकर्ताओं में विनेंद्र डोगरा, विशाल रतवान, जितेंद्र ठाकुर और आशीष कपिल शामिल थे। टीम का पहला मैच 10 अप्रैल को उना में कांगड़ा के खिलाफ होगा, जबकि प्रशिक्षण शिविर बिलासपुर में कल से शुरू होगा।

### प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल : जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने प्रदेश सरकार पर हर मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि गलत नीतियों के कारण राज्य कर्ज के बोझ तले दब गया है और अब पेट्रोल-डीजल व एंट्री टैक्स बढ़ाकर जनता पर अतिरिक्त भार डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन फैसलों से महंगाई बढ़ेगी और आम लोगों के साथ-साथ ट्रक ऑपरेटरों पर भी असर पड़ेगा। भाजपा कार्यालय में बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून व्यवस्था के आरोप लगाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि 29 मार्च से बूथ स्तर पर नियमित बैठकों की शुरुआत की जाए। बैठक में पार्टी के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चुरुडू में आयुष ग्राम मेला 29 मार्च को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आयुष विभाग जिला ऊना 29 मार्च को उपमंडल अंब के चुरुडू में आयुष ग्राम मेला एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य जनता को आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रति जागरूक करना और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। मेले में विशेषज्ञ चिकित्सक रोग जांच और निःशुल्क परामर्श देंगे। साथ ही आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण, योग-प्राणायाम प्रदर्शन और स्वस्थ जीवनशैली संबंधी जानकारी दी जाएगी। पंचकर्म, क्षारसूत्र, अग्निकर्म और जलौकावचारण जैसी आयुर्वेदिक पद्धतियों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कार्यकारी जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

### विवेक शर्मा के नेतृत्व में रायसरी में विकास की नई उड़ान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** कुटलैहड़ विधानसभा के विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व में रायसरी गांव में कई विकास कार्य शुरू हुए हैं। बिजली, पानी, स्वास्थ्य और सड़कों सहित ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को दूर किया गया है। विधायक ने गरीबों की मदद, कन्याओं की शादी, आपदा प्रभावितों को सहायता और घर निर्माण जैसी योजनाओं को भी पूरा किया। शमशान घाट के चार द्वार, गलियों की सौर लाइटें, जर्जर पाइपलाइन और नए ट्रांसफार्मर लगवाने जैसे काम ग्रामीणों के लिए किए गए। ग्रामीणों ने विधायक के प्रयासों की प्रशंसा की और आगे विकास के लिए उनसे आग्रह किया।

### मोरसिंघी में तीन दिवसीय नलवाड़ मेला 8 मई से

**अनंत ज्ञान, कुठेड़ा (बिलासपुर)।** ग्राम पंचायत घर मोरसिंघी में नलवाड़ मेला समिति की बैठक अध्यक्ष आर. रत्न की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वसम्मति से तय किया गया कि इस वर्ष तीन दिवसीय मेला 8, 9 और 10 मई को आयोजित होगा। मेले में पारंपरिक बैल पूजन, खूंटा रस्म, ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ पशु प्रदर्शनी, महिला मंडलों की प्रस्तुतियां, रस्साकशी, कबड्डी और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। व्यापारियों और झूला संचालकों के लिए पानी व बिजली निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। मेले का समापन 10 मई को भव्य महादंगल के साथ होगा।

### बजट में पेंशनरों की अनदेखी, आंदोलन की चेतावनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन ने बजट 2026-27 को पेंशनरों के लिए निराशाजनक बताया। 2016-2022 के बीच सेवानिवृत्त प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी के पेंशनरों के लंबित एरियर और 13वें महंगाई भत्ते की किस्तों का प्रावधान न होने पर रोष है। प्रधान जगदीश दिनेश और पदाधिकारियों ने सरकार से जेसीसी बैठक में पुनर्विचार और समाधान की मांग की और चेतावनी दी कि यदि राहत नहीं मिली तो पेंशनर बड़े आंदोलन पर उतरेंगे।

### बिलासपुर में श्रीराम नवमी पर हवन-यज्ञ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के डियारा सेक्टर स्थित हनुमान मंदिर में श्री राम नवमी के अवसर पर विशाल हवन यज्ञ आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालकर परिवार और विश्व अमन-शांति की कामना की। मंदिर न्यास के पुजारी पंडित बाबू राम शर्मा ने बताया कि हवन यज्ञ के बाद प्रसाद वितरण भी किया गया। उन्होंने 2 अप्रैल को होने वाले हनुमान जन्मोत्सव में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आमंत्रण दिया।

# नयना देवी में अष्टमी पूजन की धूम

अनंत ज्ञान



अष्टमी के दिन नयना देवी मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़

**ब्यूरो, बिलासपुर।** ऊंची पहाड़ी पर स्थित हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में अष्टमी पूजन के अवसर पर भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना में जुटे रहे। श्रद्धालुओं ने माता के महागौरी स्वरूप की विधि-विधान से पूजा की और जयकारों से पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया।

अष्टमी के पावन दिन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। मंदिर परिसर 'जय माता दी' के गगनभेदी जयकारों से गूंजता रहा। दूर-दराज क्षेत्रों से आए भक्तों ने लंबी कतारों में खड़े होकर माता के दर्शन किए और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए पुलिस, होमगार्ड और पूर्व सैनिकों की तैनाती की गई। श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित लाइनों के माध्यम से ही दर्शन के लिए भेजा गया, जिससे व्यवस्था सुचारु बनी रही।

स्थानीय पुजारी लकी शर्मा ने बताया कि अष्टमी पूजन का विशेष धार्मिक महत्व है। इस दिन व्रत, हवन, यज्ञ और कन्या पूजन करने से माता भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। उन्होंने कहा कि अष्टमी पर माता को हलवे का भोग अर्पित करने की विशेष परंपरा है, जिसे श्रद्धालु श्रद्धा भाव से निभाते हैं। वहीं, मंदिर में तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं की हर सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है। लंगर व्यवस्था, साफ-सफाई और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं सुचारू रूप से संचालित की जा रही हैं, ताकि श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के दर्शन कर सकें। अष्टमी के इस पावन अवसर पर नैना देवी धाम पूरी तरह श्रद्धा, आस्था और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

# दुर्गा अष्टमी पर चिंतपूर्णी दरबार में उमड़ी आस्था

अनंत ज्ञान



कन्या पूजन करते मंदिर अधिकारी।

**विकास शर्मा, चिंतपूर्णी।** हिमाचल प्रदेश के सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ मां चिंतपूर्णी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर दुर्गा अष्टमी का पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। माता रानी का अलौकिक शृंगार किया गया और छप्पन भोग अर्पित किए गए। सुबह से ही विधि-विधान के साथ हवन-पूजन का क्रम जारी रहा, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि, देश की सुरक्षा और विश्व कल्याण की कामना की गई। परंपरा के अनुसार माता के पवित्र गर्भगृह में नारियल की बलि भी अर्पित की गई।

दोपहर बाद मेला अधिकारी एवं एसडीएम अंब पारस अग्रवाल, डीएसपी अम्ब अनिल पटियाल और मंदिर प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी दरबार में उपस्थित हुए। एसडीएम ने कन्या पूजन कर नन्हीं कन्याओं का सम्मान किया और श्रद्धालुओं के साथ संवाद किया। इसके बाद उन्होंने गेट नंबर-3 के समीप लोक निर्माण विभाग द्वारा 30 दुकानों को हटाने के कार्य का निरीक्षण किया तथा ठेकेदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पारस अग्रवाल ने मीडिया से बातचीत में बताया कि 27 मार्च को संपन्न होने वाले मेले के लिए प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की हैं और दर्शन सुगम हो रहे हैं। मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए अधिग्रहित 4 कनाल भूमि पर नई बिल्डिंग का निर्माण जल्द शुरू होगा। साथ ही, सफाई और स्वच्छता व्यवस्था के लिए सुलभ इंटरनेशनल का सहयोग लिया जा रहा है।

एसडीएम ने सभी विभागों और श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि मेला इसी शांति और गरिमा के साथ संपन्न होगा।

# मुख्यमंत्री सुक्खू के जन्म दिवस पर शिमला में कुटलैहड़ से उमड़ा जनसैलाब

## विधायक विवेक शर्मा ने चांदी का मुकुट भेंट कर सीएम का किया सम्मान

अनंत ज्ञान



सीएम सुक्खू का सम्मान करते विधायक विवेक शर्मा। अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के 62वें जन्मदिन के अवसर पर शिमला में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता पहुंचे। हजारों की भीड़ के कारण कार्यक्रम स्थल पर उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, जो पहले से ही विधानसभा सत्र के चलते शिमला में मौजूद थे, ने अपने क्षेत्र से आए समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री को विशेष रूप से सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को चांदी का मुकुट भेंट किया और कोटला कला स्थित राधा कृष्ण मंदिर से लाई गई राधा रानी की पवित्र चुनरी अर्पित की। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। समर्थकों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से सभी का धन्यवाद किया, जिससे उनमें खासा उत्साह देखा गया।

इस दौरान ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ जन्मदिन मनाया गया। कई कार्यकर्ता पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए, जिससे कार्यक्रम का माहौल और भी आकर्षक बन गया। सभी ने मुख्यमंत्री के दीर्घायु और प्रदेश की निरंतर प्रगति की कामना की।

# गगरेट में नकली नोट गिरोह सक्रिय

**अनंत ज्ञान, गगरेट/दौलतपुर चौक।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र में नकली नोटों का गिरोह लगातार छोटे दुकानदारों को निशाना बना रहा है। हाल ही में दियोली के सब्जी विक्रेता अनिल कुमार और नंगल जरियालां के ओमप्रकाश को 500 रुपए के नकली नोट थमाकर ठगी की गई। दोनों मामलों में नोटों के सीरियल नंबर एक जैसे पाए गए, जिससे गिरोह के संगठित होने की आशंका बढ़ गई।

घटना सामने आने के बाद और पीड़ित सामने आए। वेई गांव की एक महिला सब्जी विक्रेता ने बताया कि ठग सब्जी खरीदने के बहाने आए और नकली नोट थमा कर फरार हो गए। ब्रह्मपुर में भी करीब दस दिन पहले एक दुकानदार इसी तरह ठगा गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ऊना के निर्देश पर गगरेट पुलिस ने जांच तेज कर दी है। शुरुआती जांच में संदिग्ध वाहन का नंबर मिला था, लेकिन वह मोटरसाइकिल का निकला। पुलिस अब क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखकर गिरोह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। स्थानीय दुकानदारों में दहशत का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गिरोह को जल्द पकड़ा जाए, ताकि आमजन का भरोसा बहाल हो और छोटे दुकानदारों की मेहनत की कमाई सुरक्षित रहे।

# उपायुक्त राहुल ने विशिष्ट दानकर्ता सम्मान योजना का किया शुभारंभ



विशिष्ट दानकर्ता सम्मान योजना का शुभारंभ करते उपायुक्त। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** मंदिर न्यास श्री नयना देवी जी द्वारा मंदिर के विकास, संचालन और धर्मार्थ गतिविधियों में योगदान देने वाले दानकर्ताओं के सम्मान हेतु शुरू की गई 'विशिष्ट दानकर्ता सम्मान योजना' का शुभारंभ उपायुक्त राहुल कुमार ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर, एसडीएम धर्म पाल और टेम्पल ऑफिसर भी मौजूद रहे।

उपायुक्त ने योजना को मंदिर के समग्र विकास, श्रद्धालुओं की सुविधाओं में सुधार और सामाजिक धर्मार्थ कार्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने श्रद्धालुओं और दानकर्ताओं से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। योजना में दानकर्ताओं को उनके संचयी या वार्षिक योगदान के आधार पर तीन श्रेणियों—केटेगरी ए (1.5 करोड़ रुपए एवं अधिक), केटेगरी बी (1-1.5 करोड़ रुपए), और केटेगरी सी (5-10 लाख रुपए )में वर्गीकृत किया गया है। दान नकद, चेक या भौतिक निर्माण कार्यों के रूप में स्वीकार किए जाएंगे।

पंजीकृत दानकर्ताओं को पूजा में प्राथमिकता, गर्भगृह के निकट आरक्षित स्थान, वीआईपी प्रवेश, आरक्षित पार्किंग, विशेष प्रसाद और डिजिटल/फिजिकल प्रिविलेज कार्ड जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। नाम और चित्र वार्षिक पत्रिका व वेबसाइट पर प्रकाशित होंगे और सम्मान पत्र प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त ने मंदिर में रैंप, बायोगैस प्लांट, लिफ्ट सुविधा, पुस्तकालय और ट्रैफिक व्यवस्था समेत अन्य विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि संग्रहित धनराशि निर्धन बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक कार्यों में इस्तेमाल होगी।

# रामनवमी पर मोइन राम मंदिर में झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र



झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** वीरवार को गंगोट पंचायत के मोइन स्थित राम मंदिर में रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का ध्यान खींचा और पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में रंग दिया। कार्यक्रम में विशेष जागरण हुआ, जिसमें भक्तों ने भजन-कीर्तन में भाग लिया। साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

आयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि उनके परिवार द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि रामनवमी के दिन भगवान राम का जन्म हुआ था, इसलिए यह दिन भक्ति और आराधना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# तरघेल-लदरौर सड़क मार्ग 30 मार्च तक रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने मोटर वाहन अधिनियमए 1988 की धारा 115 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग मण्डल बिलासपुर के अंतर्गत सकरोहा-मंझवाड-जबलयाणा सड़क मार्ग आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते प्रात: 9 बजे से सांय 5 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए आगामी 27 मार्च तक बंद रहेगा, जबकि लोक निर्माण विभाग मंडल घुमारवीं के अंतर्गत तरघेल से लदरौर सड़क मार्ग आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए आगामी 30 मार्च तक बंद रहेगा। जारी आदेश में तरघेल की ओर से आने वाले वाहनों को एनएच-103 और लदरौर की तरफ से आने वाले वाहनों को डंगार-बरोटा-लदरौर सड़क मार्ग का उपयोग करने को कहा गया है।

इसी प्रकार बाड़ां दा घाट-कुठेडा-मलहोट सड़क मार्ग भी आगामी 16 अप्रैल तक सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद किया गया है। उन्होंने जारी आदेशों में बताया कि इन सड़क मार्गों की मरम्मत कार्य के दौरान केवल एंबुलेंस, स्कूल बसों, वीआईपी वाहनों तथा अन्य आपातकालीन सेवा वाहनों की आवाजाही की अनुमति रहेगी।

# 'ज्ञान भारतम्' पोर्टल पर अपलोड होंगी दुर्लभ प्राचीन पांडुलिपियां

अनंत ज्ञान



**ऊना।** देश की सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को संरक्षित करने के लिए संस्कृति मंत्रालय ने 'ज्ञान भारतम्' पोर्टल की शुरुआत की है। इस पहल के तहत देशभर में बिखरी प्राचीन पांडुलिपियों, ऐतिहासिक दस्तावेजों और भारतीय ज्ञान परंपरा को डिजिटल रूप में ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा।

इस अभियान को तेज करने के लिए मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और विभिन्न जिलों के डीआरपी के बीच उच्च स्तरीय ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। इसमें पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया और पोर्टल पर अपलोड करने के तरीकों की विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि इस पहल का उद्देश्य भारत के विशाल ज्ञान भंडार को सुरक्षित रखने के साथ उसे वैश्विक स्तर पर सुलभ बनाना है। पांडुलिपियां हमारे पूर्वजों के ज्ञान, विज्ञान, दर्शन और कला की अमूल्य धरोहर हैं, जिनका संरक्षण समय की आवश्यकता है। पोर्टल पर पांडुलिपि अपलोड करते समय उसके प्रकार, भाषा, कालखंड और वर्तमान स्थिति जैसी जानकारी दर्ज करनी होगी। यह कार्य मिशन मोड में किया जा रहा है, ताकि एक संगठित राष्ट्रीय डाटाबेस तैयार किया जा सके।

इस दिशा में डॉ. किशोरी लाल शर्मा द्वारा पांडुलिपि सर्वेक्षण का अभियान भी चलाया जा रहा है। वे घर-घर, मंदिरों, पुस्तकालयों और ऐतिहासिक स्थलों का दौरा कर दुर्लभ पांडुलिपियों की जानकारी जुटा रहे हैं। उन्होंने आम नागरिकों, शिक्षण संस्थानों और पांडुलिपि धारकों से इस अभियान में सहयोग की अपील की है, ताकि देश की अमूल्य विरासत को सुरक्षित रखा जा सके।

**प्रेरणा** — हर महीने 60 हजार मुनाफा, 70 महिलाओं को दिया रोजगार

# अंबोटा की निशु बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल

अनंत ज्ञान



**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के अंबोटा गांव की निशु सूद आज महिला आत्मनिर्भरता की प्रेरक मिसाल बनकर उभरी हैं। 'गणेश स्वयं सहायता समूह' के माध्यम से उन्होंने चटनी और अचार का सफल व्यवसाय स्थापित कर न केवल खुद को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया, बल्कि दर्जनों महिलाओं को भी स्वरोजगार से जोड़कर उनके जीवन में नई उम्मीद जगाई है।

निशु सूद ने अपने उद्यम की शुरुआत महज 8 महिलाओं के साथ की थी, जो आज बढ़कर करीब 70 महिलाओं तक पहुंच चुका है। समूह द्वारा वर्तमान में लगभग 60 प्रकार की चटनियां और अचार तैयार किए जा रहे हैं, जिनमें पारंपरिक स्वाद जैसे आम, आंवला, नींबू, करेला, गाजर और जामुन शामिल हैं। उनके उत्पादों की मांग अब ऊना से बाहर अन्य जिलों और राज्यों में भी बढ़ रही है। इस उद्यम से निशु सूद प्रतिमाह 50 से 60 हजार रुपए तक का शुद्ध मुनाफा अर्जित कर रही हैं। साथ ही उन्होंने पांच महिलाओं को स्थायी रोजगार भी उपलब्ध करवाया है, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

निशु सूद ने अपने उत्पादों को विभिन्न मेलों और उत्सवों जैसे सरस मेला, चिंतपूर्णी महोत्सव और हरोली उत्सव में प्रदर्शित कर अच्छी पहचान बनाई है। हर मेले में उन्हें लाखों रुपए का कारोबार प्राप्त हुआ है। इसके अलावा उनके उत्पाद गुरुग्राम जैसे बाहरी शहरों तक भी पहुंच रहे हैं।

उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। निशु सूद का कहना है कि स्वयं सहायता समूह और सरकारी योजनाओं से मिले सहयोग ने उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने अन्य महिलाओं से भी आत्मनिर्भर बनने के लिए आगे आने की अपील की है।

# आपदा मित्र भी मां चिंतपूर्णी के दरबार में दे रहे सेवाएं

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चैत्र नवरात्रि मेले के दौरान शक्तिपीठ माता चिंतपूर्णी के दर्शनों के लिए उमड़ने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जहां पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है, वहीं 'आपदा मित्र' स्वयंसेवक भी कंधे से कंधा मिलाकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

वीरवार को अष्टमी के पावन अवसर पर अपनी ड्यूटी करने के बाद यह माता रानी के दरबार में हाजिरी भरने माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार में पहुंचे बताते चलें यह तीन युवक और एक युवती हैं, जो ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाने में पुलिस का हाथ बंटा रहे हैं।ये आपदा मित्र न केवल वाहनों की कतारों को व्यवस्थित कर रहे हैं, बल्कि बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को सही मार्ग दिखाने और जाम की स्थिति को टालने में भी पुलिस की मदद कर रहे हैं। उनका श्रद्धालुओं के साथ सुखद व्यवहार और सहयोग की प्रशंसा की जा रही है।मुबारिकपुर चौक पर तैनात पुलिस अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन ने इन आपदा मित्रों के सहयोग की सराहना की है।

# श्री नयना देवी में दिव्यांग और वृद्ध श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं

अनंत ज्ञान



नयना देवी में रामलाल ठाकुर का स्वागत करते हुए।

**ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में दिव्यांग और वृद्ध श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं सुदृढ़ की जा रही हैं। यह जानकारी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने अष्टमी के पावन अवसर पर मंदिर में दी।

उन्होंने बताया कि भक्ति सुलभता अभियान के तहत दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए व्हीलचेयर वितरित की गई हैं। साथ ही मंदिर तक पहुंच को आसान बनाने के लिए रैंप की व्यवस्था की गई है तथा लिफ्ट सुविधा भी विकसित की जा रही है, जिससे श्रद्धालु आसानी से माता के दर्शन कर सकेंगे।

रामलाल ठाकुर ने कहा कि पहाड़ी क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए भारी मशीनरी लगाना संभव नहीं है, इसलिए मंदिर न्यास द्वारा सरल और सुरक्षित व्यवस्थाएं विकसित की गई हैं। उन्होंने बताया कि नवरात्रों के दौरान आयोजित भजन संध्या और व्यवस्थाओं के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे मंदिर की आमदन भी बढ़ी है।

उन्होंने दावा किया कि श्री नैना देवी मंदिर विकास और आय दोनों दृष्टि से प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में अग्रणी बन चुका है। इस दौरान उन्होंने विधायक रणधीर शर्मा के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मंदिर न्यास को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस महासचिव विकास ठाकुर सहित मंदिर न्यासी प्रदीप शर्मा, महेश कुमार, प्रभात कुमार, अमित शर्मा व पूर्व पार्षद हरीश शर्मा भी उपस्थित रहे।

# हरे रामा, हरे कृष्णा... से गूंजा कुल्लू शहर

## रामनवमी पर कुल्लू में निकाली शोभायात्रा, इस्कॉन भक्तों ने भजन-कीर्तन करके बांधा समां

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** भगवान श्री राम के जन्मोत्सव 'रामनवमी' के पावन अवसर पर इस्कॉन (अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ) द्वारा कुल्लू शहर वीरवार को भव्य और भक्तिमय शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा में सैकड़ों की संख्या में इस्कॉन भक्तों के अलावा अन्य श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर पूरा शहर और 'हरे कृष्णा, हरे रामा के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा।

इस्कॉन द्वारा आयोजित यह शोभायात्रा अपनी भव्यता और अनुशासित व्यवस्था के लिए आकर्षण का केंद्र रही। भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की प्रतिमाओं को फूलों से सजे हुए रथ पर विराजमान किया गया था। इस्कॉन के भक्तों द्वारा मृदंग और झांझ की थाप पर किया जा रहा 'हरे कृष्ण' महामंत्र और राम धुनि का कीर्तन व्यापारियों व राहगीरों को मंत्रमुग्ध कर रहा था। शोभायात्रा प्राचीन हनुमान मंदिर रामशिला से शुरू होकर शहर के प्रमुख स्थल आखाड़ा बाजार, सरवरी, लोअर ढालपुर होते हुए ढालपुर मुख्यालय में पहुंची। जगह-जगह स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। भक्तों के लिए फल, शरबत और तरह तरह के प्रसाद की भी व्यवस्था की गई थी।

ढालपुर पहुंचने पर सभी भक्त अटल सदन पहुंचे जहां राम नवमी के उपलक्ष पर विशेष रूप से कार्यक्रम को लेकर व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर डॉ अमित गुलेरिया द्वारा कहा गया कि भगवान राम का जीवन हमें मर्यादा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस्कॉन का उद्देश्य इस आध्यात्मिक चेतना को जन-जन तक पहुँचाना है। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन के बाद सभी भक्तों द्वारा भंडारा ग्रहण किया गया।



रामनवमी पर निकाली शोभायात्रा में झूमते भक्त। अनंत ज्ञान

### सुरक्षा व व्यवस्था

**सैंकड़ों** की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन और इस्कॉन के स्वयंसेवकों ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आखाड़ा बाजार स्थित पेट्रोल पंप से वेली ब्रिज से रूट डायवर्जन भी किया गया था।

### संस्था का कार्य युवाओं की चेतना को बचाना

**इस्कॉन** के प्रदेश संयोजक डॉ. अमित गुलेरिया (अभय रामदास)ने बताया कि भगवान के नाम, भजन व संकीर्तन और सनातन धर्म का प्रचार कर रहे हैं। साथ ही पूरे विश्व में संस्था 1200 से अधिक शाखाएं हैं, यही नहीं पाकिस्तान में भी शाखाएं हैं और सभी जगह शोभायात्रा और अन्य समारोह भी आयोजित किये जाते हैं। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक व धार्मिक स्तर पर तो कार्य करते ही हैं लेकिन मुख्य कार्य युवाओं की चेतना को बचाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सभी तरह की सुख सुविधा है, लेकिन युवा भटक रहे हैं। इसके लिए हम युवाओं को संस्कृति और कृष्ण और राम भक्ति से जोड़ना है और कृष्ण और राम भावना को उजागर करना है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही मनाली के सरसई में मंदिर का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही नशे की ओर भटक रहे हैं युवाओं को कैसे आध्यात्मिक बल पर नशे से निकालेंगे उसके लिए कार्य करेंगे। शोभायात्रा के बाद कुल्लू के ऑयल सदन में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

# कुल्लू में युवती ने फंदा लगाकर दी जान

## युवती की मां ने घुमारवीं के बेटे व पिता पर लगाए प्रताड़ना के आरोप, मामला दर्ज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू मुख्यालय में स्थित शीशामाटी (चंडीगढ़ बिहाल) के समीप एक युवती ने गले में फंदे पर झूलकर अपनी जीवन इहलीला समाप्त कर ली। मृतक युवती की मां ने क्षेत्रीय अस्पताल में युवती के ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

मृतक की मां ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी की मौत के लिए घुमारवीं के पिता और बेटा जिम्मेदार हैं। क्योंकि वह बेटी को बहला फुसला कर ले गए थे। वीरवार को युवती का पोस्टमार्टम क्षेत्रीय अस्पताल में हुआ। इस दौरान क्षेत्रीय अस्पताल में माहौल उस समय कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गया था जब युवती की माता की ओर से जिन लोगों पर उनकी बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप था उनके साथ युवती पक्ष की ओर से मारपीट की गई। युवती की मां ने बताया कि घटना गत दिवस देर शाम की है जब युवती की मां अपने मायके के लिए गई थी लेकिन जब वह अपने घर वापिस पहुंची तो देखा कि कमरे का दरवाजा बंद है। युवती का चाचा भी वहीं मौजूद था और किसी तरह से दरवाजे को खोला गया तो अंदर देखते ही वह परेशान हो गए जब 20 वर्षीय युवती गले में फंदा लगाकर लटकी हुई पाई गई। युवती के चाचा और मां ने युवती को तुरंत नीचे उतारा ओर क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया जहां युवती को डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। वहीं सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निर्मल सिंह की अगुवाई में पुलिस दल मौका पर पहुंच गए ओर मृतक युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुबह जब युवती के ससुराल के लोग बहु की मौत की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचे तो वहां माहौल तनावपूर्ण हो गया। माहौल को पुलिस द्वारा किसी तरह शांत किया गया।



मृतक की मां आंखों में आंसू लिए न्याय की गुहार लगाते हुए।

युवती की मां का आरोप है कि उनकी बेटी को घुमारवीं निवासी लड़का व बहला फुसला कर उस समय ले गया था जब वह नाबालिग थी। जिसके बाद उसका कोर्ट में केस भी चल रहा है। वह बार-बार उसे बहला कर ले जाते थे और उसे टॉर्चर करते थे, लेकिन प्रताड़ित करने के चलते बेटी 6 महीने से मेरे पास ही कुल्लू में रह रही थी, उसके बाद भी वह बेटी को फोन कर परेशान कर रहे थे। इसकी कड़ी में बुधवार को भी उनका बेटी को फोन काल आई थी जिससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया है। उन्होंने सरकार व पुलिस से उनकी बेटी को न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल ने बताया कि पुलिस ने मृतक युवती के बयान के आधार पर दूसरे पक्ष के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा सभी तथ्यों को सामने रखते हुए जांच को आगे बढ़ाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सरसेई गांव में आयुष ग्राम मेला कल

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** मनाली उपमंडल के सरसेई गांव में 28 मार्च को राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुष विभाग कुल्लू द्वारा आयुष ग्राम मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का उद्घाटन जिला आयुष अधिकारी कुल्लू करेंगे। उपमंडल मनाली की ग्राम पंचायत सरसेई को आयुष ग्राम पंचायत के लिए चुना गया है। मेले में आयुष पद्धति, योग, पंचकर्म, लघु शल्यकर्म, सूतिका और गर्भवती महिलाओं की परिचर्या, संक्रामक रोगों से बचाव, 'एक राष्ट्र एक हर्ब' योजना के तहत पौधों की खेती और बाजारीकरण, एवं निशुल्क औषधीय पौधा वितरण शामिल होगा। हैल्थ चेकअप कैंप में मधुमेह, खून की कमी आदि की निशुल्क जांच और औषधि वितरण भी किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से इस बहुउद्देशीय मेले में पधारकर लाभ लेने की अपील की।

### बबिता प्रार्थी को मिली अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** हिमाचल सर्व प्रदेश टीजीटी काडर महासंघ खंड मनाली की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक राजकीय उच्च विद्यालय बड़ाग्रां बिहाल में आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गायत्री ठाकुर ने की। राज्य कार्यकारिणी से प्रेक्षक के रूप में कमलेश विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में खंड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया और संगठन की मजबूती, शिक्षक हितों की सुरक्षा तथा लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की। सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी बनाई गई, जिसमें बबिता प्रार्थी अध्यक्ष, विशाल कुमार महासचिव, पन्ना लाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिता सल्वानी उपाध्यक्ष, चंद्र किरण उपाध्यक्ष, रामेश्वरी ठाकुर उपाध्यक्ष, संदेश कुमार सह सचिव, सुनील कुमार सह सचिव, अमरजीत कोषाध्यक्ष, कुमारी रक्षा प्रेस सचिव, सेना कुमार सदस्य, और श्वेता अवस्थी सदस्य शामिल हैं। उपस्थित सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# आशापुरी मंदिर में महाष्टमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

अनंत ज्ञान

- महिला मंडलों ने भजन कीर्तन और नृत्य से बांधा समां

**सैंज।** कुल्लू जनपद की सैंज घाटी के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माता भगवती आशापुरी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन महाष्टमी का पर्व बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मां महागौरी के चरणों में शीश नवाने के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर मंदिर परिसर माता के जयकारों से गुंजायमान रहा और समूचा वातावरण भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया।

पारंपरिक धुनों पर थिरकीं महिलाएं महाष्टमी के पावन अवसर पर लक्ष्मी नारायण महिला मंडल रैला और आशापुरी महिला मंडल शरण की महिलाओं ने मंदिर प्रांगण में विशेष कीर्तन का आयोजन किया। ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप पर महिलाओं ने माता के भजनों पर मनमोहक नृत्य किया। मां महागौरी की महिमा का गुणगान करते हुए महिलाओं की भक्ति देख वहां मौजूद श्रद्धालु भी खुद को झूमने से नहीं रोक पाए। कन्या पूजन और विशेष भोग मंदिर कमेटी के प्रधान वालम कुंद, कारदार टीकम राम और ओमदत्त धामी ने बताया कि अष्टमी के उपलक्ष्य में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान छोटी कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनका विधिवत पूजन किया गया और उन्हें उपहार भेंट किए गए। मां को नारियल का विशेष भोग अर्पित किया गया।

मान्यता है कि श्वेत वर्ण वाली मां महागौरी अपने भक्तों के समस्त कष्टों को हर लेती हैं और जीवन में सुख-शांति व समृद्धि का संचार करती हैं। कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया दी कि शुक्रवार को नवमी के अवसर पर नवरात्रि का विधिवत समापन होगा। इस उपलक्ष्य में मंदिर में एक विशाल भंडारे (धाम) का आयोजन किया गया है। कारदार टीकम राम व प्रधान वालम कुंड ने समस्त क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे इस पावन अवसर पर मंदिर पहुंचकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करें व भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें।

# जब माता भटंती के सामने नन्हे 'विराज' ने झुकाया शीश

## मां के रथ के सामने का वायरल हुआ वीडियो, मासूम की श्रद्धा ने 6 लाख लोगों का छू लिया दिल

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** कहते हैं कि ईश्वर केवल भाव के भूखे होते हैं, और जब भाव एक नन्हे बच्चे की निश्छल मुस्कान और श्रद्धा से जुड़े हो, तो वह साक्षात देव मिलन बन जाता है। ऐतिहासिक नगर में माता भटंती (मां उग्रतारा) के मंदिर प्रांगण से एक ऐसा ही वीडियो सामने आया है, जिसने सोशल मीडिया पर भावनाओं का सैलाब ला दिया है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो को अब तक 6 लाख से भी ज्यादा बार देखा जा चुका है। वीडियो में नन्हा विराज आचार्य, जिसे शायद अभी दुनियादारी की पूरी समझ भी नहीं है, माता के भव्य रथ के सामने पूरी तन्मयता से खड़ा है। उसकी आंखों में न कोई डर है, न कोई दिखावा—सिर्फ एक ऐसी मासूम भक्ति है जिसे शब्दों में बयान करना मुश्किल है। जैसे ही विराज ने माता के रथ के आगे अपना सिर झुकाया, वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं।



माता भटंती का आशीर्वाद लेता मासूम बच्चा। अनंत ज्ञान

### रग-रग में बसे हैं देव संस्कार

**विराज** की इस अटूट श्रद्धा के पीछे गहरी जड़ें हैं। विराज, माता भटंती के पुजारी सुरेश आचार्य और माता रक्षा आचार्य के पुत्र हैं। पिता स्वयं माता की सेवा में समर्पित हैं, और वही दिव्य संस्कार आज नन्हे विराज की रग-रग में दौड़ रहे हैं। यह दृश्य देख हर कोई कह उठा कि 'पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं।

### संस्कारों की महक

**इंटरनेट** पर लोग नन्हें विराज और उनके परिवार की खूब सराहना कर रहे हैं, जिन्होंने आधुनिकता के दौर में भी अपनी जड़ों और संस्कृति को जीवंत रखा है। माता भटंती का वह भव्य रथ और उसके सामने हाथ जोड़े खड़ा वह नन्हा फरिश्ता-यह दृश्य सालों तक लोगों के जेहन में ताज़ा रहेगा।

### क्यों 'देवलोक' कहलाता कुल्लू?

**हिमाचल** प्रदेश के जिला कुल्लू को यूं ही 'देवलोक' नहीं कहा जाता। यहां की हवाओं में देवी-देवताओं का वास है और यहाँ के लोगों के रोम-रोम में अपने आराध्य के प्रति समर्पण। नन्हे विराज की यह निश्छल भक्ति इस बात का जीवंत प्रमाण है कि यहाँ भक्ति सिखाई नहीं जाती, बल्कि विरासत में मिलती है। देव-संस्कृति केवल बड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि नई पीढ़ी के रक्त में समाहित है। पहाड़ की दुर्गम चोटियों से लेकर नगर की गलियों तक, विश्वास ही यहां की सबसे बड़ी शक्ति है। सच्ची भक्ति के लिए उम्र की नहीं, केवल साफ़ दिल की जरूरत होती है। इस छोटे से बच्चे ने यह साबित कर दिया कि माता के चरणों में जो सुकून है, वह दुनिया के किसी और कोने में नहीं। बता दें कि कुल्लू, हिमाचल-देवताओं की भूमि, जहां हवाओं में वास है आराध्य का, भक्ति विरासत में मिलती है और विश्वास हर दिल में सबसे बड़ी शक्ति बन जाता है।

# बदलते दौर में हमे अधिक जागरूक रहने की आवश्यकता : सत्य प्रकाश

अनंत ज्ञान

- कुल्लू में स्वास्थ्य जागरूकता की नई पहल
- शमशी सोसायटी का कार्यालय शुरू

**ब्यूरो, कुल्लू।** बदलते समय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दी शमशी को-ऑपरेटिव मेडिकल ऐड एंड पब्लिक हेल्थ सोसाइटी के नए कार्यालय एवं स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ भुट्टिको परिसर, भुट्टि कॉलोनी में किया गया। इस अवसर पर मनाली वैली लाइव स्टॉक को-ऑपरेटिव सोसाइटी के प्रधान रमेश ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि भुट्टिको के अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि रमेश ठाकुर ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था सहकारिता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने में अहम भूमिका निभाएगी। वहीं, विशिष्ट अतिथि सत्य प्रकाश ठाकुर ने कहा कि आज के बदलते दौर में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस स्वास्थ्य केंद्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

इस मौके पर पूर्व कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रणजीत वैद ने भी अपनी सेवाएं स्वेच्छा से निशुल्क देने की सहमति दी। उन्होंने लोगों को पब्लिक हेल्थ से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करते हुए नियमित जांच और जागरूकता पर जोर दिया। सोसाइटी के प्रधान विजय सिंह ठाकुर और संचालक मंडल ने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से क्षेत्रवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं, परामर्श और जागरूकता कार्यक्रमों का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। इस पहल से क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# एनएच पर 17 मील में कछुआ गति से हो रहा पुल की अप्रोच सड़क का कार्य

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**एम बोकटापा, मनाली।** कुल्लू-मनाली नेशनल हाइवे पर 17 मील में बाढ़ में बही पुल की अप्रोच सड़क अभी तक नहीं बनी है। लगभग 25 दिन से यहां आरसीसी दीवार लगाने का कार्य चल रहा है। कछुआ गति से चल रहे कार्य के कारण गजां इलाके के ग्रामीणों और इलाके के होटल संचालकों को दिक्क़तों का सामना करना पद रहा है। लोगों को वामतट सड़क मार्ग से होकर लंबा सफर कर गजां पहुंचना पड़ रहा है। 2025 में आई प्रलयकारी बाढ़ से हुए नुकसान की भरपाई अभी तक नहीं हो पाई है। 17 मील में बने पुल की अप्रोच सड़क भी गई थी। अब आरसीसी दीवार लगाकर सड़क बनाई जा रही है। लेकिन आरसीसी लगाने का कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। इस पुल से होकर सिर्फ गजां के लोग ही सफर नहीं करते बल्कि राईट बैंक केंकाई गांवो के छात्र इसी पुल से होकर हरिपुर कॉलेज पहुंचते है। इस मार्ग से होकर वामतट मार्ग तक पहुंचना आसान है। अपने बगीचों तक पहुंचने में लोग इसी पुल का सहारा लेते है।



एनएच पर 17 मील में कछुआ गति से चल रहा कार्य। अनंत ज्ञान

बाढ़ के दौरान राईटबैंक का सेब मंडियों तक पहुंचाने में बही यह पुल सहायक बनता आया है। स्थानीय निवासी पूर्ण चंद, होटल कारोबारी राज ने बताया कि पुल का कार्य धीमी गति से चल रहा है। अप्रोच सड़क की आरसीसी पिछले लगभग 25 दिनों से नहीं लगी। पर्यटन कारोबार को बही इसका नुकसान उठाना पड़ रहा है। इलाके के होटलों की बुकिंग लेकर आ रहे पर्यटक वामतट मार्ग से लंबा और थकाऊ सफर करने को मजबूर है। लोक निर्माण विभाग के अधिसाशी अभियंता अनूप शर्मा ने कहा कि आरसीसी लगाने का कार्य जारी है। आरसीसी को सूखने के लिए बही समय देना पड़ता है। जल्द कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

## मनाली की उझी घाटी में ऐतिहासिक हिंदू सम्मेलन 30 मार्च को

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली की उझी घाटी में ऐतिहासिक हिंदू सम्मेलन 30 मार्च को आयोजित किया जा रहा है। साध्वी ऋतंभरा जी की गरिमामयी उपस्थिति में ग्रामीणों को उनके प्रेरणादायक वचन सुनने का मौका मिलेगा। नौ गांव हिंदू सम्मेलन समिति इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। आयोजन समिति ने समस्त घाटी वासियों से बढ़ चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया है। पूर्व प्रधान चूड़ामणि ने बताया कि घाटी के लोगों के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि नौ गांव हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी राष्ट्रप्रेमी, धर्मप्रेमी एवं हिन्दुत्व में आस्था रखने वाले बंधुओं से आग्रह किया कि अपने परिवार सहित उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि पूज्य साध्वी ऋतंभरा की गरिमामयी उपस्थिति में लोगों को उनके प्रेरणादायक वचन सुनने का सौभाग्य प्राप्त होगा। यह सम्मेलन किसी भी प्रकार से राजनीतिक नहीं है, बल्कि यह हिंदू चेतना, एकता, राष्ट्रप्रेम व समाज जागरूकता को सुदृढ़ करने का एक पावन प्रयास है।

# कुल्लू की बेटी 'किसमें कितना है दम' के सीजन 12 की बनी विजेता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के जरड़ निवासी अनायत चंदेल ने मात्र साढ़े आठ साल की उम्र में टीवी रियलिटी शो किस में कितना है दम के सीजन 12 के ग्रैंड फिनाले को जीतकर एक इतिहास बना दिया है। अनायत चंदेल सुपुत्री यश गांव जरड डाकघर पीपलागे भुंतर जो स्नोवर वैली इंटरनेशनल स्कूल बाजोरा में चौथी क्लास में पढ़ती है जिसने नॉर्थ इंडिया प्रतियोगिता किस में कितना है दम टीवी रियलिटी शो के ग्रैंड फिनाले में अनेकों प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए इस टीवी रियलिटी शो की विजेता बनी है।



- देवभूमि कुल्लू के साथ हिमाचल प्रदेश का नाम किया रोशन

अनायत चंदेल के पिता यश ने बताया कि उनकी बेटी को बचपन से ही डांस का शौक रहा है और वह पढ़ाई में भी अव्वल रही है और स्कूल के अनेकों कार्यक्रमों में उसने अनेकों गतिविधियों में मेडल जीते हैं वही स्नोवर वैली स्कूल के प्राचार्य ने अनायत चंदेल क़ी इस उपलब्धि को विशेष बताया है और उन्होंने अनायत चंदेल के अभिभावकों के साथ-साथ स्कूल प्रबंधन को भी बधाई दी है और अनायत चंदेल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# दलाईलामा के करुणा वर्ष पर लगाई चित्र प्रदर्शनी

## प्रदर्शनी में उनके करुणा, शांति व अहिंसा पर उपदेशों को किया उजागर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** दलाईलामा के 90वें जन्मदिन (करुणा वर्ष) के उपलक्ष्य में ढालपुर मैदान में वीरवार को फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। सनद रहे कि इस वर्ष दलाई लामा के जन्मदिन को करुणा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कुल्लू तिब्बतन वेलफेयर ऑफिसर तेंजिन टी सुलतन ने बताया कि प्रदर्शनी में दलाईलामा के जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को दर्शाया गया है और करुणा, शांति और अहिंसा पर उनके उपदेशों को उजागर किया गया है। यह आयोजन विश्व भर में सद्भाव और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने में उनके आजीवन योगदान को प्रतिबिंबित करता है।

उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में दुर्लभ और महत्वपूर्ण फोटोग्राफों को एक विशेष संकल्प प्रस्तुत किया जा रहा है जो परम पावन के अद्भुत जीवन यात्रा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस चित्र प्रदर्शनी का उद्देश्य परम पावन के असाधारण जीवन व उनकी शिक्षाओं और स्थाई विरासत को जन जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि महामहिम दलाईलामा के 90वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में लगाई प्रदर्शनी में महामहिम की उपलब्धियों को दर्शाया गया है। महामहिम दलाई लामा को प्रेम, करुणा, धैर्य और नैतिक अनुशासन का चिरस्थाई प्रतीक हैं। 90वें जन्मदिन पर उनकी तिब्बती संस्कृति को जीवित रखने और निर्वासन के लिए यह प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। वहीं, कुल्लू तिब्बतन वेलफेयर कुल्लू मनाली की सचिव छेरिंग यंगचिन ने कहा कि ढालपुर में महामहिम दलाई लामा के जीवन को दर्शाया गया है। जिसमें उनके प्रेम, करुणा, धैर्य और नैतिक अनुशासन का चिरस्थाई प्रतीक बताया है । धर्मगुरु को विश्व शांति, अहिंसा और मैत्री (करुणा) के दूत के रूप में सराहा गया, जो दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा की आज की इस प्रदर्शनी में लोगो को महामहिम दलाई लामा के जीवन के संघर्ष के बारे में लोगो को बताया जा रहा है।



ढालपुर मैदान में दलाईलामा की चित्र प्रदर्शनी लगाई। अनंत ज्ञान

## मनाली से जगतसुख तक सड़क बदहाल

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली से जगतसुख तक वाम तट मार्ग की हालत खस्ता हो गई है। वामतट मार्ग पर सफर करने वालों की दिक्कत बढ़ गई है। सड़क की हालत खस्ता होने से वाहन चालक मार्ग पर सफर करने से कतराने लगे हैं। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जल शक्ति विभाग इस मार्ग पर सीवरेज पाइप बिछा रहा है। इस कारण भी सड़क की हालत खस्ता हुई है। ग्रामीण विवेक, जगदीश, दिले राम व रोशन ने बताया कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क है। उन्होंने बताया कि हर रोज किसी न किसी वाहन के कलपुर्जे टूट रहे हैं। सड़क की बदहाली को देखते हुए स्थानीय पर्यटन कारोबारियों व ग्रामीणों ने सड़क जल्द सुधारने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि मनाली से जगतसुख तक सड़क की हालत जल्द सुधारी जाए। उन्होंने बताया कि अगस्त 2025 में हुई भारी बारिश और बाढ़ से बिजली बोर्ड के कार्यालय के पास सड़क को भारी नुकसान हुआ था। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता अनूप शर्मा ने बताया कि मौसम खुलते ही सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू के दिया जाएगा।

**परेशानी** वाहन चालकों की मुश्किलें बढ़ीं, बारिश और धूल ने किया जीवन दुश्वार

# फोरलेन पुल से अलेउ तक सड़क बनी जानलेवा

अनंत ज्ञान

- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने जताई चिंता, जल्द दौरे का दिया आश्वासन

**मनाली।** ब्यास नदी पर फोरलेन पुल से अलेउ तक सड़क की हालत वाहन चालकों और पर्यटकों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि अब यहां गाड़ी चलना ही मुश्किल हो गया है। खास कर टू व्हीलर चलाना तो भगवान के भरोसे ही है। ब्यास नदी पर बने पुल से पंजाब नेशनल बैंक तक सड़क इतनी खराब है कि महज दो किलोमीटर की दूरी तय करने में घंटों का समय लग रहा है। समझ नहीं आता है कि सड़क में गड्ढें हैं या गड्ढों में सड़क बनी है। हर रोज कोई ना कोई गाड़ी का एक्सल टूट रहा है । सोशल मीडिया में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य ने भी इस सड़क की हालत पर चिंता ज़ाहिर की है और उन्होंने शीघ्र स्वयं निरीक्षण करने का आश्वासन दिया है । बारिश के दिनों में कीचड़ और धूप के दौरान धूल से इस मार्ग के आसपास रहने वालों का जीना दुशवार हो गया है। सड़क की बदहाली को देखते हुए स्थानीय पर्यटन कारोबारियों और ग्रामीणों ने यह सड़क सीमा सड़क संगठन के सुपुर्द करने की मांग की है।



फोरलेन पुल से अलेउ तक सड़क की खस्ताहालत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

पर्यटन कारोबारी एवं स्थानीय निवासी अमर सिंह, प्रेम लाल, बीर सिंह, दोरजे और श्याम लाल ने बताया कि इस मार्ग पर प्रतिदिन हजारों गाड़ियो चलती हैं। सड़क तंग होने के कारण लगातार जाम लग रहा है। जिससे पर्यटकों के साथ साथ स्थानीय लोगों को भी आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल के बच्चे न ही सुबह समय पर स्कूल पहुंच पर रहे हैं और न ही शाम को समय पर घर पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी ये सड़क लोक निर्माण विभाग के अधीन है। अगस्त माह में हुई भारी बारिश और बाढ से बिजली बोर्ड के कार्यालय के पास भारी नुकसान हुआ था। लोक निर्माण विभाग ने जैसे तैसे सड़क तो बहाल कर दिया, लेकिन पांच महीने गुजर जाने के बाद भी अभी तक टायरिंग नहीं हो पाई। ऊबड़ खाबड़ सड़क होने से खास कर दोपहिया वाहनों चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क की दुर्दशा को देखते हुए स्थानीय लोगों ने इस सड़क को फोरलेन पुल से अलेउ में स्थित बीआरओ के कार्यालय तक बीआरओ के हवाले करने की मांग की है।

# नाहन के पास बिजली की तार की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत



अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** नाहन के शंभुवाला क्षेत्र में ट्रक पर कार्य के दौरान करंट लगने से एक व्यक्ति की मृत्यु का मामला सामने आया है, जहां देर रात यह घटना उस समय हुई जब वह ट्रक पर तिरपाल डाल रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज किया, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

## ट्रक पर कार्य के दौरान करंट लगने की घटना

**नाहन** के समीप शंभुवाला क्षेत्र में एक व्यक्ति की करंट लगने से मृत्यु होने की घटना दर्ज की गई है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह घटना बुधवार देर रात लगभग 1:30 बजे की है, जब शुमटी निवासी गांव पीर भोली, जिला बिलासपुर यमुनानगर अपने ट्रक पर तिरपाल डालने के लिए छत पर चढ़ा हुआ था। इसी दौरान वह ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों के संपर्क में आ गया, जिससे उसे करंट लगा। घटना के समय वह कार्य कर रहा था और करंट लगने के बाद उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

## पुलिस की कार्रवाई और जांच प्रक्रिया जारी

**घटना** की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा है, ताकि मृत्यु के कारणों की पुष्टि की जा सके। एसपी सिरमौर निश्चिन्त सिंह नेगी ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है और घटनाक्रम के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जिला मुख्यालयों के मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

अनंत ज्ञान

◆ **चैत्र नवरात्र सोलन में अष्टमी पर मंदिरों में लगे भंडारे**

**सोलन ।** चैत्र नवरात्र की अष्टमी और रामनवमी के मौके पर जिला मुख्यालयों के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। माता शूलिनी के मंदिर में श्रद्धालुओं ने नवरात्र की अष्टमी को मां कालरात्रि की पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया गया। तड़के से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला देखा गया। इस दौरान भीड़ को व्यवस्थित करने को मंदिर में सुरक्षा के इंतजाम रहे। मंदिर में दिनभर भजन कीर्तन का दौर रहा। वहीं नवरात्रों में व्रत रखने वाले भक्तों ने घरों पर कन्या पूजन कर उन्हें उपहार देकर अपने व्रत खोले। गंज बाजार स्थित शक्ति पीठम, मॉल रोड स्थित दुर्गा माता मंदिर, काली माता मंदिर शामती में भी अष्टमी पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। महिलाओं ने मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर देवी के आठवें स्वरूप मां कालरात्रि की उपासना की। वहीं श्रद्धालुओं ने अपने घरों में कन्याएं जिमाने के बाद उपवास तोड़ा। इस अवसर पर खासकर मां दुर्गा व मां काली की विशेष पूजा अर्चना की गई देवी स्वरूप कन्याओं को भोग लगाया गया। बाइपास मार्ग स्थित चामुंडा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा-अर्चना को उमड़ पड़ी। पुलिस लाइन स्थित देवी मंदिर में सुबह चार बजे से श्रद्धालुओं की हजारी भरनी शुरू कर दी थी। मंदिर में देवी के दर्शन व पूजा-अर्चना को महिलाओं में खासा उत्साह दिखाई पड़ा। शहर के अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना का सिलसिला जारी रहा। वहीं हाउसिंग कॉलोनी स्थित महाकालेश्वर मंदिर में भी अष्टमी और रामनवमी पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस बार नवरात्रि पर माता शूलिनी मंदिर में सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती रही। मंदिर में सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालुओं ने मंदिरों में आने का सिलसिला देखा गया।



अष्टमी और रामनवमी पर मंदिर पहुंचे श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम व विभिन्न अधिनियमों पर जिला स्तरीय बैठक आयोजित



बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त सोलन। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तर पर विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत गठित समितियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989, प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 तथा राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बताया कि अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय का सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान सुनिश्चित करना है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में अब तक 82 मामले दर्ज हुए, जिनमें 47 न्यायालयों में लंबित हैं। 74 मामलों में 91 पीड़ितों को लगभग 78.95 लाख रुपये की सहायता दी गई है। अधिकारियों को शेष मामलों के शीघ्र निपटारे और जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत स्कूल निरीक्षण, अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति से जोड़ने और कौशल विकास योजनाओं के प्रचार पर जोर दिया गया। वर्ष 2025-26 में 12 लाभार्थियों को 73 लाख रुपये ऋण प्रदान किया गया। बैठक में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने, उर्दू शिक्षा संसाधन बढ़ाने, स्वरोजगार, ग्रामीण आवास और कौशल उन्नयन जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

### नौणी विश्वविद्यालय के शोधार्थी को पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. वाई.एस. परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के शोधार्थी डॉ. अंशुल कुमार को राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान सर्वश्रेष्ठ पीएचडी शोध डिसर्टेशन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. अंशुल ने विश्वविद्यालय के पुष्प विज्ञान एवं परिदृश्य विभाग से डॉ. भारती कश्यप के मार्गदर्शन में अपना पीएचडी शोध कार्य पूर्ण किया है। उनका शोध विषय 'ताजे एवं सूखे गेंदे के फूलों से तैयार गुलाल के भंडारण, भौतिक-रासायनिक एवं संवेदी गुणों का अध्ययन' था। यह पुरस्कार भारतीय सजावटी बागवानी सोसायटी द्वारा फ्लोरीकल्चर एवं लैंडस्केपिंग 2047 विकसित भारत विषय पर केलाड़ी शिवप्पा नायक कृषि एवं उद्यानिकी विज्ञान विश्वविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया। यह शोध कार्य सीएसआईआर-हिमालयी जैव संसाधन प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से किया गया, जिसके परिणामस्वरूप एक व्यावसायिक रूप से उपयोगी तकनीक विकसित हुई है। इस कार्य के माध्यम से विभाग द्वारा हर्बल गुलाल की बिक्री से आय भी अर्जित की जा रही है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने डॉ. अंशुल कुमार को इस उपलब्धि पर बधाई दी। पुष्प विज्ञान एवं परिदृश्य विभाग के संकाय सदस्यों एवं छात्रों ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### पांवटा साहिब के वार्ड नं. 10 में घर के सदस्यों पर हमला, 15 से 20 लोगों पर आरोप

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** जिला सिरमौर के पांवटा साहिब के देवी नगर वार्ड नंबर 10 में एक परिवार पर घर में घुसकर जानलेवा हमले का मामला सामने आया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जावेद अली पुत्र स्वर्गीय खुर्शीद के घर पर लगभग 15 से 20 लोग कथित तौर पर डंडों, तलवारों और लोहे की रॉड लेकर पहुंचे और घर में घुसकर हमला कर दिया। पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया। बताया जा रहा है कि इस घटना में तीन लोगों की पहचान हो चुकी है। इनमें अभिषेक तथा आशिक उर्फ काका (पुत्र रमजान) और साहिदा का नाम सामने आया है। आरोप है कि इन लोगों द्वारा इस पूरे विवाद और हिंसक संघर्ष की योजना बनाई गई और घटना को अंजाम दिया गया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और पुलिस से मामले की गंभीर जांच करने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### नाहन-कुमारहट्टी हाईवे पर पेट्रोल से भरा एक टैंकर हाईवे किनारे पलटा, बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन-कुमारहट्टी एनएच पर पच्छाद क्षेत्र में 2 अलग-अलग सड़क हादसे पेश आए हैं। पहले हादसे में पेट्रोल से भरा एक टैंकर हाईवे किनारे पलट गया। वहीं, अन्य हादसे में एक बोलेरो वाहन भी दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दोनों दुर्घटनाएं मंगलवार देर शाम सामने आईं। सराहां पुलिस ने दोनों हादसों की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पेट्रोल से भरा एक टैंकर सराहां की तरफ से किन्नौर जा रहा था। जैसे ही टैंकर चरानी घाट के समीप पहुंचा तो अचानक सड़क किनारे पलट गया। गनीमत ये रही कि हादसे के दौरान अति ज्वलनशील पदार्थ से भरे टैंकर ने आग नहीं पकड़ी। हालांकि, चालक ने बेकाबू हुए टैंकर को काबू करने के भरपूर प्रयास किए, लेकिन मोड़ गहरा होने के कारण चालक का वाहन से संतुलन बिगड़ गया। बड़ी बात ये है कि इस हादसे में चालक की जान बच गई। एक अन्य हादसे में चरावग के समीप एक बोलेरो जीप अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। पुलिस के अनुसार हादसे के वक्त वाहन में एक महिला सहित तीन लोग सवार थे। इस दुर्घटना में महिला को काफी चोटें आई हैं, जबकि दो अन्य लोगों को मामूली चोटें लगीं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने राहत व बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### कांग्रेस सरकार का ऐतिहासिक 'मज़ाक' एक पैसे की 'भारी-भरकम' राहत से जनता गदगद: अरुष गुप्ता

**अनंत ज्ञान, नाहन ।** भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के आईटी विभाग के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुष गुप्ता ने आज एक प्रेस वक्तव्य जारी करते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा तंज कसा है। उन्होंने बिजली की दरों में की गई '01 पैसे' प्रति यूनिट की कटौती को प्रदेश की जनता के साथ एक भद्दा मजाक और कांग्रेस की 'रेवड़ी राजनीति' का असली चेहरा करार दिया है। अरुष गुप्ता ने व्यंग्यात्मक लहज़े में कहा कि सुक्खू सरकार की दरियादिली देखकर आज प्रदेश का हर उपभोक्ता भावुक है। सरकार ने एक पैसा घटाकर जनता पर इतना बड़ा 'एहसान' किया है कि शायद लोग अब समझ नहीं पा रहे हैं कि इस बचत से वे शिमला में ज़मीन खरीदें या कोई नया उद्योग शुरू करें। 30 पैसे का हक मारा, 1 पैसा थमाया: अरुष गुप्ता ने कहा कि अगर सरकार सतलुज जल विद्युत निगम से मिलने वाली निशुल्क बिजली को स्वयं बेचने के बजाय बिजली बोर्ड को देती, तो आज प्रदेश की जनता को 30 पैसे प्रति यूनिट की वास्तविक राहत मिलती।

# 5.34 करोड़ की लागत से ठोडो ग्राउंड के पास बनेंगी दो नई पार्किंग

## बैडमिंटन हॉल के पास छह मंजिला पार्किंग का निर्माण शुरू, 70 वाहनों की होगी क्षमता

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** सोलन शहर में बढ़ती पार्किंग समस्या से राहत देने के लिए नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। करीब 5 करोड़ 34 लाख से अधिक की लागत से ठोडो ग्राउंड के नजदीक दो नए पार्किंग स्थलों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए नगर निगम ने लोक निर्माण विभाग को 2 करोड़ 80 लाख रुपये जारी कर दिए हैं और इनमें से एक पार्किंग स्थल का निर्माण भी शुरू कर दिया है । नगर निगम द्वारा लंबे समय से प्रस्तावित इन पार्किंग परियोजनाओं में से एक का कार्य अब जमीन पर शुरू हो चुका है। शहर के व्यस्त क्षेत्रों में पार्किंग की कमी को देखते हुए यह परियोजना काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों और शहर आने वाले वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।बैडमिंटन हॉल के साथ बनने वाली बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह पार्किंग छह मंजिला होगी। इसके पहले तल पर एक बड़ा हॉल बनाया जाएगा, जबकि ऊपरी पांच मंजिलों में वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। इस पार्किंग में लगभग 70 वाहनों को खड़ा करने की क्षमता होगी। वाहनों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए यहां वाहन लिफ्ट की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे गाड़ियों को आसानी से अलग-अलग मंजिलों तक पहुंचाया जा सकेगा।

नगर निगम के अनुसार ठेकेदार को निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण कार्य को समयबद्ध तरीके से जल्द पूरा किया जाए ताकि शहर को जल्द पार्किंग सुविधा मिल सके। ठोडो ग्राउंड क्षेत्र में ही फायर ब्रिगेड कार्यालय के पास दूसरी पार्किंग भी बनाई जाएगी। यह पार्किंग तीन मंजिल से अधिक ऊंची होगी और इसमें भी लगभग 60 से 70 वाहनों के खड़े होने की व्यवस्था की जाएगी। नगर निगम का कहना है कि इस पार्किंग के निर्माण की प्रक्रिया भी जल्द शुरू कर दी जाएगी। फिलहाल जिस स्थान पर यह पार्किंग प्रस्तावित है, वहां कुछ पेड़ मौजूद हैं। उनके हटने के बाद यहां निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। नगर निगम का मानना है कि इन दोनों पार्किंग स्थलों के बनने से ठोडो ग्राउंड और आसपास के बाजार क्षेत्रों में पार्किंग की समस्या काफी हद तक कम होगी। शहर में लगातार बढ़ते वाहनों को देखते हुए बहुमंजिला पार्किंग की यह परियोजना भविष्य के लिहाज से भी अहम मानी जा रही है।

> **सोलन** नगर निगम के पास बनने वाली दो पार्किंग स्थलों में से एक पार्किंग स्थल का काम शुरू कर दिया गया है, दूसरे पार्किंग स्थल का काम भी जल्द शुरू कर दिया जाएगा, पार्किंग स्थल बने से जहां लोगों को सुविधा मिलेगी वहीं ठोड़ो ग्राउंड और आसपास के क्षेत्रों में पार्किंग की समस्या काफी हद तक कम होगी।
>
> **ऊषा शर्मा, मेयर सोलन नगर निगम**



ठोडो ग्राउंड के नजदीक निर्माणाधीन पार्किंग। अनंत ज्ञान

# आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए कार्यकर्ता और सहायिका के पद हेतु इंटरव्यू 6 अप्रैल को

अनंत ज्ञान

**राजगढ़ ।** बाल विकास परियोजना अधिकारी, राजगढ़ के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों तथा मिशन शक्ति पालना योजना के तहत क्रेच केंद्र बड़ू साहिब-1 के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। यह साक्षात्कार 6 अप्रैल को उपमंडलाधिकारी (ना.), राजगढ़ के कार्यालय में प्रातः 10:30 बजे से आयोजित होगा। इस संदर्भ में संबंधित क्षेत्रों की सामान्य निवासी इच्छुक महिला उम्मीदवारों (विवाहित/अविवाहित) से सादे कागज पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का एक पद जोन मियोग आंगनवाड़ी केंद्र, ग्राम पंचायत कोठिया जाजर, पर्यवेक्षक वृत्त राजगढ़-1 में भरा जाएगा। इसके अतिरिक्त आंगनवाड़ी सहायिका के दो पदों में बड़ू साहिब-1 (ग्राम पंचायत लाना भल्टा, वृत्त रेहड़ी गुसान) तथा सेर मनोन (ग्राम पंचायत भाणत) शामिल हैं। मिशन शक्ति पालना योजना के अंतर्गत क्रेच केंद्र बड़ू साहिब-1 के लिए भी एक-एक पद क्रेच कार्यकर्ता एवं क्रेच सहायिका के भरे जाएंगे। इन पदों के लिए आवेदन करने वाली अभ्यर्थी संबंधित फीडर क्षेत्र की सामान्य निवासी होना अनिवार्य है। बाल विकास परियोजना अधिकारी, राजगढ़ श्री सुरेन्द्र ठाकुर के अनुसार सभी पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10+2 या समकक्ष निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा परिवार की वार्षिक आय 50,000 रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए, जिसका प्रमाण सक्षम अधिकारी द्वारा जारी होना आवश्यक है।

उच्च शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थियों को अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन 2 अप्रैल 2026 सायं 5 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी, राजगढ़ के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। आवेदन के साथ सभी आवश्यक दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल दस्तावेज चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत करने होंगे, अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। साक्षात्कार के लिए अलग से कोई सूचना नहीं दी जाएगी। अधिक जानकारी हेतु अभ्यर्थी बाल विकास परियोजना अधिकारी, राजगढ़ के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर सकते हैं।

# शूलिनी विश्वविद्यालय ने वंदना शर्मा मेमोरियल पुरस्कार 2026 से सम्मानित की उत्कृष्ट महिलाएं

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने वंदना शर्मा मेमोरियल पुरस्कार 2026 के दौरान अपने संकाय और छात्र समुदाय की उत्कृष्ट महिला उपलब्धि धारकों को सम्मानित किया, उनकी दृढ़ता, संकल्प और उत्कृष्टता को मान्यता दी। फार्मास्युटिकल साइंसेज स्कूल की सहायक प्रोफेसर डॉ. मोनिका प्रकाश सिंह और बीटेक बायोटेक्नोलॉजी की छात्रा रीत साहनी को क्रमश: संकाय और छात्र श्रेणियों में विजेता घोषित किया गया। वुमेन ऑफ सब्सटेंस कार्यक्रम में उन महिलाओं की प्रेरणादायक यात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने व्यक्तिगत और व्यावसायिक चुनौतियों पर काबू पाने में साहस और प्रतिबद्धता दिखाई है। बायोटेक्नोलॉजी स्कूल की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नितिका ठाकुर ने संकाय श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि शेनाया शर्मा (बीबीए एलएलबी) को छात्रों में दूसरा स्थान मिला। अपनी भावुक यात्रा साझा करते हुए, डॉ. मोनिका पी. सिंह ने मातृत्व और शैक्षणिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने की चुनौतियों के बारे में बताया। उन्होंने सामाजिक अपेक्षाओं और पारिवारिक दबावों का सामना करने के बावजूद, पीएचडी और शोध करते हुए अपनी छोटी बेटी से दूर रहने के अपराधबोध को उजागर किया। उन्होंने यह पुरस्कार अपनी बेटी तियाना प्रकाश सिंह को समर्पित किया और उन्हें अपनी शक्ति का स्रोत बताया। डॉ. नितिका ठाकुर ने महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने और सामाजिक मानदंडों से बंधे न रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपने लक्ष्यों और जुनून के प्रति प्रतिबद्धता बनाए रखने के महत्व पर बल दिया। छात्र विजेता रीत साहनी ने खुद को 'उत्तरजीवी' के बजाय 'योद्धा' बताया और दूसरों को भी अपने संघर्षों का सामना शक्ति और साहस के साथ करने के लिए प्रेरित किया। उपविजेता शेनाया शर्मा ने बताया कि उनकी यात्रा ने उन्हें आत्मनिर्भरता का महत्व सिखाया, एक ऐसा संदेश जो साथी छात्रों को गहराई से प्रभावित किया। सस्टेनेबिलिटी और कम्युनिटी एंगेजमेंट की निदेशक श्रीमती पूनम नंदा ने कहा, वंदना शर्मा मेमोरियल अवार्ड के माध्यम से, हमारा उद्देश्य उन महिलाओं को सम्मानित और प्रोत्साहित करना है जो अपनी यात्रा में असाधारण शक्ति, और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करती हैं। आज साझा की गई प्रत्येक कहानी एक सशक्त संदेश है कि साहस और आत्मविश्वास से चुनौतियों को अवसरों में बदला जा सकता है।

# पांवटा प्रशासन बेलगाम ट्रकों पर लगाम लगाने में नाकाम, आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

अनंत ज्ञान

**पावंटा साहिब।** गुरु की नगरी पांवटा साहिब में बेलगाम ट्रक चालकों की लापरवाही पर प्रशासन लगाम नहीं कस पा रहा है। इससे आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाएं दुर्घटनाओं को हर किसी का मन विचलित हो उठता है। ट्रक चालकों की तेज रफ़्तारी सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। इस गंभीर स्थिति ने पांवटा साहिब जैसे धार्मिक और औधौगिक क्षेत्र में एक बड़ी चुनौती और समस्या खड़ी कर दी है। तेज रफ्तार ट्रकों की बजह से जनता को सड़कों पर चलना दुभर हो गया है जिसमें हमेशा डर लगा रहता है कि ना जाने बेलगाम ट्रकों की चपेट में कब कोन आ जाएं,तो वहीं पांवटा साहिब के साथ लगते अनेकों क्षेत्रों में तेज रफ्तार ट्रकों के कारण अभी तक अनेकों



अनमोल जाने जा चुकी है। जिन सड़क दुर्घटनाओं को देखकर और सुनकर कहीं न कहीं पांवटा प्रशासन,पुलिस प्रशासन और दोनों ही दलों के स्थानीय राजनेताओं पर भी जबावदेही बनती है। सवाल है कि आखिर तेज रफ्तार ट्रकों पर रोक लगाने में क्यों बेवश नजर आते हैं। यह समस्या वर्षों से देखने को मिलती हैं,जिस प्रकार हाल ही में पांवटा साहिब के धौलाकुआं क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक ने चालीस वर्षीय एक युवक को कुचल दिया जिसके कारण युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी। तो वहीं दूसरे ही दिन शिवपुर क्षेत्र में फिर एक तेज रफ्तार ट्रक बिजली के खम्भों से टकराकर बिजली बोर्ड के लाखो रुपए का नुक़सान किया जिसके कारण अनेकों घंटों तक जनता को बिजली की समस्या से जूझना पड़ा। बिजली के खम्भों से तेज़ रफ़्तार ट्रकों के टकराने का ये क्रम पांवटा साहिब के अधिकतर भुगरनी क्षेत्र में आए दिन देखने एवं सुनने को मिलता है जो गंभीर समस्या बिजली बोर्ड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई है। स्थानीय जनता ने प्रशासन से इस समस्या का जल्द से जल्द स्थाई निदान करने की मांग की. साथ ही सभी तेज़ रफ़्तार ट्रक चालकों पर सख्त से सख्त कार्रवाई और जुर्माना लगाया जाए,अन्यथा पांवटा साहिब में फिर किसी युवा और जनता को अपने अनमोल जीवन को खोना पड़ेगा।

**उद्घाटन** — प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत: डॉ. शांडिल

# ममलीग में स्वास्थ्य केंद्र भवन की रखी आधारशिला

अनंत ज्ञान

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। डॉ. शांडिल आज यहां सोलन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत ममलीग के बशील ग्राम में आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर बशील में स्वास्थ्य केन्द्र भवन का शिलान्यास किया। इस कार्य को आरंभ करने के लिए लोक निर्माण विभाग के पास 50 लाख रुपए की राशि जमा करवा दी गई है तथा भविष्य में प्राक्कलन अनुसार उचित राशि उपलब्ध करवा दी जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने इससे पूर्व बशील स्थित माता के मंदिर में पूजा अर्चना की तथा प्रदेश के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य तथा सुख एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर सभी को चैत्र नवरात्रि की अष्टमी और रामनवमी की शुभकामनाएं भी दी। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए एक ऐतिहासिक वेतन वृद्धि की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह घोषणा राज्य की प्रगति और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम सिद्ध होगा। यह घोषणा हिमाचल प्रदेश वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्ताव में है। उन्होंने प्रदेश सरकार के इस निर्णय को राज्य के विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारी (आयुष) का वेतन 50,260 रुपए से बढ़ाकर 60,780 रुपए, स्वास्थ्य अधिकारी डेंटल का वेतन 49,800 रुपए से बढ़ाकर 61,200 रुपए, फार्मासिस्ट वेतन 30,500 रुपए से बढ़ाकर 46,500 रुपए, ए.एन.एम. का वेतन 26,650 रुपए से बढ़ाकर 38,500 रुपए, आशा को-ऑर्डिनेटर का वेतन 30,775 से बढ़ाकर 45,750 रुपए, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर का वेतन 41,550 से बढ़ाकर 62,650 रुपए, डेंटल हाइजीनिस्ट का वेतन 29,000 से बढ़ाकर 42,650 रुपए,



शिलान्यास करते मंत्री कर्नल शांडिल।

अकाउंटेंट का वेतन 39,650 से बढ़ाकर 59,750 रुपए तथा आशा वर्कर का वेतन 1000 रुपए प्रतिमाह बढ़ाया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अस्पतालों में चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्सों और कर्मचारियों की नियुक्ति से स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है। सरकार के यह प्रयास लोगों को बेहतर उपचार प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में व्यवस्था परिवर्तन के माध्यम से स्थाई विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश में नशे के खिलाफ निर्णायक जंग में अब प्रत्येक नागरिक की भूमिका अहम हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को नशा मुक्त बनाने में सभी को अहम भूमिका निभानी होगी तभी हम एक स्वस्थ समाज की परिकल्पना कर सकते हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं भी सुनी तथा सम्बन्धित अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत ममलीग के पूर्व प्रधान हरिचंद ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजीव ठाकुर, हिमाचल प्रदेश राज्य स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. गोपाल बेरी, उपमंडलाधिकारी कंडाघाट गोपाल चंद शर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी सोलन डॉ. अमित रंजन तलवार, खंड स्वास्थ्य अधिकारी सायरी डॉ. अजय सिंह, लोक निर्माण विभाग कंडाघाट के सहायक अभियंता शुभम अग्रवाल, डॉ. शांडिल की सुपुत्री डॉ. रुपाली, ग्राम पंचायत ममलीग की पूर्व प्रधान द्रोपदी राठौर, रामचंद्र, रविंदर परिहार, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में वॉलीबॉल सिटी लीग का आगाज



प्रतियोगिता के शुभारंभ पर पहाड़ी नाटी डालते छात्र।

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल (किपस) सनवारा द्वारा 27 से 28 मार्च 2026 तक स्कूल परिसर में साई अस्मिता खेलो इंडिया : एम्पावरिंग वीमेन थ्रू वॉलीबॉल सिटी लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाना और वॉलीबॉल में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कोई प्रवेश शुल्क नहीं रखा गया है और न ही आयु की कोई सीमा निर्धारित की गई है। सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। इस आयोजन में क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों को आमंत्रित किया गया है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी संस्थानों से अपील की है कि वे अपनी छात्राओं को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करें, ताकि महिलाओं के खेलों में सहभागिता को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि इसमें महिलाओं की 16 टीमें भाग लेंगी।

# सीजफायर खत्म होते ही अफगानिस्तान और पाकिस्तान में फिर झड़प, 3 की मौत

**एजेंसी, काबुल**

**अफगानिस्तान** और पाकिस्तान की सीमा पर फिर से लड़ाई शुरू हो गई। अफगान तालिबान अधिकारियों के मुताबिक, इस हमले में 2 आम नागरिकों की मौत हो गई और 8 घायल हो गए। वहीं, पाकिस्तान का भी एक नागरिक मारा गया।

अफगानिस्तान और पाकिस्तान ने मिलकर ईद को लेकर 5 दिनों का अस्थायी युद्धविराम घोषित किया था। 25 मार्च को सीजफायर खत्म होने के बाद दोनों देशों में फिर से झड़प शुरू हो गई। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक, एक अफगान अधिकारी ने बताया कि युद्धविराम खत्म होते ही पाकिस्तानी सेना ने नरई और सरकानो इलाकों में दर्जनों तोप के गोले दागे। उन्होंने कहा कि जवाब में अफगान सीमा बलों ने भी गोलीबारी की और तीन पाकिस्तानी सैन्य चौकियों को तबाह कर दिया, इस हमले में 1 व्यक्ति मारा गया। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 17 मार्च को हिंसक झड़प हुई थी। इसके बाद पाकिस्तानी एयर फोर्स ने काबुल के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए थे। पाकिस्तान के हमले में 400 लोगों की मौत हुई थी यह हिंसा उस समझौते के करीब एक हफ्ते बाद हुई है, जिसमें दोनों देशों ने लड़ाई रोकने पर सहमति जताई थी। यह समझौता सऊदी अरब, तुर्किये और कतर के कहने पर हुआ था। इससे पहले पाकिस्तान ने 17 मार्च की रात अफगानिस्तान में हवाई हमले किए थे। अफगान तालिबान सरकार का दावा है कि इन हमलों में काबुल के एक नशा मुक्ति अस्पताल को निशाना बनाया गया, जिसमें 400 से ज्यादा लोग मारे गए थे। हालांकि पाकिस्तान ने नागरिकों को निशाना बनाने से इनकार किया है और कहा कि उसने एक गोला-बारूद के भंडार पर हमला किया था। मीडिया और संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में नशा मुक्ति केंद्र पर हमले की बात सामने आई, लेकिन पाकिस्तान की सेना ने किसी नागरिक के मारे जाने की बात स्वीकार नहीं की। इसके बजाय पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने आरोप लगाया कि तालिबान नशे के आदी लोगों को आत्मघाती हमलों के लिए इस्तेमाल करता है। (अनंत ज्ञान)



## टीटीपी ने भी 3 दिनों का सीजफायर तोड़ा

**पाकिस्तान** तालिबान यानी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने भी कहा कि उसने ईद के 3 दिन के अपने युद्धविराम के बाद पाकिस्तान के अंदर हमले फिर से शुरू कर दिए हैं। टीटीपी अफगान तालिबान से अलग है, लेकिन उसके साथ जुड़ा हुआ है। 2021 में अफगान तालिबान के सत्ता में आने के बाद से टीटीपी ने पाकिस्तान में अपने हमले बढ़ा दिए हैं। अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र ने टीटीपी को आतंकवादी संगठन घोषित कर रखा है। पाकिस्तान का आरोप है कि काबुल ज्ज्ज्क्क के नेताओं और हजारों लड़ाकों को पनाह दे रहा है, जो सीमा पार से हमले करते हैं। हालांकि अफगानिस्तान इस आरोप को खारिज करता है।

## दिल्ली-लंदन एयर इंडिया फ्लाइट में खराबी, बीच रास्ते से लौटी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नई दिल्ली से लंदन जा रहा एयर इंडिया का ए 350 विमान वीरवार को तकनीकी खराबी के कारण वापस दिल्ली लौट आया। यह विमान करीब सात घंटे तक हवा में रहा। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के अनुसार, विमान ने गुरुवार सुबह करीब 6 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी। करीब चार घंटे बाद, जब वह सऊदी अरब के एयरस्पेस में था, तब उसे वापस लौटाने का फैसला लिया गया। कुल मिलाकर विमान करीब सात घंटे तक हवा में रहने के बाद दोपहर करीब 12:30 बजे दिल्ली वापस पहुंचा। सूत्रों के अनुसार, विमान में उड़ान के दौरान कुछ अजीब आवाजें सुनी गईं। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि विमान को एहतियातन वापस लौटाने का फैसला किया गया था। दिल्ली में विमान की जांच की जा रही है। एयरलाइन ने यात्रियों को हुई असुविधा पर खेद जताया और कहा कि उन्हें जल्द से जल्द लंदन पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, एअर इंडिया के इसी ए 350-900 विमान में 15 मार्च को भी तकनीकी खराबी आई थी। तब न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रही फ्लाइट को आयरलैंड के शैनन शहर की ओर डायवर्ट करना पड़ा था। (अनंत ज्ञान)

# कश्मीर में ईरान के लिए 18 करोड़ रुपए चंदा जुटाया, बड़गाम जिला सबसे आगे

## सुरक्षा एजेंसियों को आतंकी फंडिंग में इस्तेमाल की आशंका

**एजेंसी, श्रीनगर**

कश्मीर घाटी में ईरान के समर्थन में करोड़ों रुपए का चंदा जुटाया गया है। इससे देश की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। आशंका है कि इन पैसों का इस्तेमाल आतंकी फंडिंग में हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, अब तक 17.91 करोड़ रुपए चंदा जुटाया गया है। इनमें से 85% राशि शिया समुदाय ने दान की है।

कश्मीर का बड़गाम शिया बहुल इलाका है। यहां से करीब 9.5 करोड़ रुपए जुटाए गए हैं। यह फंडरेजिंग अभियान जकात और सदका के जरिए लिया जा रहा है। इसका उद्देश्य मौजूदा संघर्ष से प्रभावित ईरानी नागरिकों की मदद करना बताया गया है। खुफिया एजेंसियां फंड की निगरानी कर रही हैं। उनका कहना है कि चंदे का कुछ हिस्सा गलत हाथों में जा सकता है या उसका गलत इस्तेमाल हो सकता है। अधिकारियों ने माना कि लोगों की भावना सही हो सकती है, लेकिन बिचौलिये और बिना सत्यापन वाले संगठन पारदर्शिता को प्रभावित कर सकते हैं। जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि कुछ शिया धार्मिक नेता और संगठन विभिन्न गतिविधियों के लिए ईरान से



आर्थिक सहायता प्राप्त करते हैं। अधिकारियों का कहना है कि पर्याप्त निगरानी न होने पर इस तरह के फंड का इस्तेमाल राजनीतिक या अन्य गतिविधियों को प्रभावित करने के लिए किया जा सकता है।

**ईरानी दूतावास ने बैंक अकाउंट और क्यूआर कोड शेयर किया:** सूत्रों के मुताबिक भारत में ईरानी दूतावास ने सीधे पैसे ट्रांसफर करने के लिए एक विशेष बैंक अकाउंट भी खोला है, जिसमें यूपीआई के जरिए भुगतान की सुविधा दी गई है। अधिकारियों का मानना है कि चंदे की राशि और बढ़ सकती है। प्रशासन ने लोगों को सलाह दी है कि वे सीधे दूतावास के आधिकारिक माध्यमों से ही पैसा भेजें, ताकि जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। (अनंत ज्ञान)

## नाइजीरिया में आतंकियों ने की 10 सुरक्षाकर्मियों समेत 11 लोगों की हत्या

**एजेंसी, अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर पश्चिमी प्रांत केब्बी में सशस्त्र आतंकवादियों ने आपातकालीन सूचना पर कार्रवाई कर रहे सुरक्षा बलों पर घातक हमला कर दिया, जिसमें 10 सुरक्षाकर्मियों सहित 11 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि की। केब्बी की प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता याह्या सरकी ने बताया कि आतंकवादियों ने मंगलवार देर रात शांगा परिषद क्षेत्र में सुरक्षाबलों को निशाना बनाया। सुरक्षाबल उस समय संभावित हमले की चेतावनी पर कार्रवाई के लिए तैनात किए जा रहे थे। सरकी के अनुसार मरने वालों में नौ सैनिक, एक पुलिसकर्मी और एक स्थानीय निवासी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा की गंभीर स्थिति को उजागर किया है। प्रांतीय प्रशासन ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ाने के लिए अतिरिक्त कदम उठाए हैं। (अनंत ज्ञान)

# कैरेबियाई सागर में अमेरिकी सेना ने किया नौका पर हमला, चार की मौत

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**कैरेबियाई** सागर में मादक पदार्थ की तस्करी कर रही नौका पर अमेरिकी सेना ने हमले किए, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। अमेरिका की सेना ने यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने लातिन अमेरिका में कथित मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ महीने भर से जारी अभियान को और तेज कर दिया है।

ट्रंप प्रशासन मादक पदार्थ तस्करों को 'नार्कोटेररिस्ट' कहता है और पिछले साल सितंबर में उसने इस तरह की गतिविधि में लिप्त लोगों को निशाना बनाना शुरू किया था, जिसके तहत अमेरिकी सेना तस्करी में इस्तेमाल नौकाओं को निशाना बनाती है। इस तरह के हमलों में मारे गए लोगों की संख्या 163 हो गई है।

अमेरिकी दक्षिणी कमान ने कहा कि उसने ज्ञात तस्करी मार्गों पर कथित मादक पदार्थों के तस्करों को निशाना बनाया। सेना ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया कि पोत में मादक पदार्थ ले जाया जा रहा था या नहीं। सेना द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में एक नौका समुद्र में जाती दिख रही है और तभी उसमें तेज धमाका होता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका लातिन अमेरिका में मादक पदार्थों के गिरोहों के साथ 'सशस्त्र संघर्ष' कर रहा है और उन्होंने इन हमलों को अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए एक आवश्यक कदम बताया है। (अनंत ज्ञान)

## लेबनान को फ्रांस का पूरा समर्थन, हर संभव मदद जारी रहेगी: मैक्रों

**एजेंसी, पेरिस/बेरूत।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने लेबनान को पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि फ्रांस हर स्तर पर लेबनान के साथ खड़ा रहेगा और हर संभव मदद जारी रखेगा। मैक्रों ने यह बयान लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन से बातचीत के बाद दिया। उन्होंने लेबनानी सरकार द्वारा मौजूदा हालात को संभालने के लिए उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए कहा कि ये प्रयास देश की संप्रभुता को मजबूत करेंगे। इसराइल और हिज्बुल्लाह के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच फ्रांस ने यह भी स्पष्ट किया कि वह विस्थापित लोगों को मानवीय सहायता देता रहेगा। फ्रांस ने लेबनान की सेना और आंतरिक सुरक्षाबलों को भी लगातार समर्थन देने की बात कही है। मैक्रों ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में फ्रांस लेबनानी सेना को बख्तरबंद वाहन भी उपलब्ध कराएगा, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि फ्रांस का यह समर्थन क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और लेबनान की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा सकता है। (अनंत ज्ञान)

## अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी मॉड्यूल मामले में तीन जिलों में छापेमारी

**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की 'काउंटर इंटेलिजेंस' शाखा ने पाकिस्तान और बांग्लादेश से संचालित लश्कर-ए-तैयबा के एक अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी मॉड्यूल की जांच के तहत घाटी में कई स्थानों पर वीरवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 'काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर' (सीआईके) ने घाटी के तीन जिलों में 10 स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने कहा कि श्रीनगर, शोपियां और गांदरबल जिलों में छापेमारी जारी है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई सीआईके द्वारा हाल में दर्ज किए गए आतंकवाद के एक मामले की जांच के तहत की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि हाल में सीआईके थाने में दर्ज आतंकवाद संबंधी एक मामले की जांच के तहत अदालत द्वारा जारी तलाशी वारंट के आधार पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सीआईके की जांच उस आतंकवादी मॉड्यूल से संबंधित है जिसका संचालन बांग्लादेश में रह रहा कश्मीरी मूल का लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी शब्बीर अहमद लोन कर रहा है। उन्होंने कहा कि लोन मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के कंगन इलाके का रहने वाला है और फिलहाल बांग्लादेश से मॉड्यूल को संचालित कर रहा है। अधिकारियों ने कहा कि यह जांच पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय आतंकी मॉड्यूल मामले से संबंधित है, क्योंकि ऐसी जानकारी है कि इस मॉड्यूल को बांग्लादेश और पाकिस्तान में स्थित लश्कर के आकाओं से निर्देश मिल रहे थे। (अनंत ज्ञान)

## छत्तीसगढ़ के कांकेर में एसीएम कैडर के 6 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**एजेंसी, कांकेर।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव-कांकेर बॉर्डर डिवीजन के 5 नक्सली कैडर एवं मिलिट्री कंपनी नंबर-5 की एक महिला नक्सली सहित कुल 6 नक्सलियों ने आज गुरूवार को अपने साथ एक एसएलआर रायफल, दो 303 रायफल के साथ कांकेर एसपी कार्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। कांकेर एसपी निखिल राखेचा ने बताया कि कांकेर जिला अंतर्गत एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में आज राजनांदगांव-कांकेर बॉर्डर डिवीजन के 5 नक्सली कैडर में एसीएम मंगेश पोडियमी, एसीएम गणेश उइके, एसीएम राजे, एसीएम हिडमे मरकाम उर्फ सुनीता, एसीएम मंगती जुर्री और मिलिट्री कंपनी-5 की महिला नक्सली स्वरूपा उसेंडी ने हिंसा का मार्ग त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया है। पुनर्वास के लिए आगे आए इन नक्सली कैडरों ने कुल 3 हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया गया है, जिसमें 1 नग एसएलआर तथा 2 नग .303 राइफल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उक्त 6 नक्सली कैडर जिन्होंने पुनर्वास का मार्ग चुना है, उनके सामाजिक मुख्यधारा में पुन: एकीकरण तथा हथियारों की औपचारिक सुपुर्दगी आदि की कार्रवाई संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर पिछले 26 महीनों में 2700 से अधिक नक्सली कैडर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। इस बाबत बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने एक बार पुन: शेष बचे कुछ माओवादी कैडरों से हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील दोहराई है। उन्होंने कहा कि जो कैडर शांतिपूर्ण एवं सम्मानजनक जीवन जीने के लिए आगे आएंगे, उन्हें पुनर्वास नीति के अंतर्गत सभी प्रकार की सहायता प्रदान की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# समय रहते ही लोगों की समस्याओं का समाधान करना सरकार की पहली प्राथमिकता: कुलवंत

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** हलका विधायक कुलवंत सिंह ने 60.93 लाख की लागत से फ्रेंको होटल से डी-प्लास्ट चौक तक नई सीवरेज लाइन बिछाने के प्रोजेक्ट की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से खराब चल रही सीवर लाइन को बदलने से क्षेत्र के निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और समस्या का स्थायी समाधान होगा।

उन्होंने कहा कि भले ही मोहाली में सीवरेज से संबंधित बुनियादी ढांचा सुचारु रूप से कार्य कर रहा है, लेकिन जहां भी कोई खराबी या सड़क से जुड़ी समस्या सामने आती है, उसका तुरंत समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी है और यह एक निरंतर प्रक्रिया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सरकार की हमेशा यह कोशिश रही है कि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और उनके मुद्दों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। विधायक ने बताया कि फ्रेंको होटल से डी-प्लास्ट चौक तक सीवरेज पाइपलाइन कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने के कारण फेज-1 और फेज-2 के कई क्षेत्रों में सीवर ब्लॉकेज की समस्या बनी हुई थी। इसके अलावा फेज-1 में बरसाती पानी की निकासी भी प्रभावित हो रही थी।

उन्होंने जानकारी दी कि इस परियोजना के तहत 540 मीटर लंबाई में 450 मिमी आरसीसी पाइप तथा एचडीपीई लाइनिंग बिछाई जाएगी, जबकि वर्षा जल निकासी के लिए 400 मिमी डायमीटर की 150 मीटर लंबी आरसीसी पाइप भी डाली जाएगी। यह दोनों कार्य पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा करवाए जा रहे हैं और इन्हें दो महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा राज्य के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। नए प्रोजेक्ट लगातार शुरू किए जा रहे हैं और शहरों के सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि पंजाब को फिर से 'रंगला पंजाब' बनाया जा सके। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार के कार्यों और लोगों के मुद्दों के समाधान से विपक्ष असहज है और बेबुनियाद आरोप लगा रहा है, लेकिन राज्य के लोग अब सच्चाई को समझ चुके हैं। इस अवसर पर पार्षद गुरमीत कौर, हरविंदर सिंह (ब्लॉक अध्यक्ष), शरणजीत कौर (ब्लॉक अध्यक्ष), रेणु सूद (ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, महिला विंग), हरमीत सिंह (यूथ कोऑर्डिनेटर), एक्सईएन गुरप्रकाश सिंह तथा एसडीओ रमनदीप सिंह भी उपस्थित थे।



विधायक कुलवंत सिंह सीवरेज लाइन प्रोजेक्ट की शुरुआत करते हुए।

## खरड़ में गूंजे 'जय श्रीराम' के जयकारे

**अनंत ज्ञान, खरड़।** खरड़ में श्री राम मंदिर में प्रभु श्री राम की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। प्रात: काल से ही मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन, हवन और प्राण प्रतिष्ठा के सभी अनुष्ठान विधिवत पूरे किए गए। इस ऐतिहासिक अवसर पर हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति का अद्भुत माहौल बना रहा। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसके अलावा सांसद मालविंदर सिंह कंग और राज्यसभा सदस्य सतनाम सिंह संधू सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन को एकता, समरसता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बताया। दोपहर से दर्शन शुरू होते ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भजन संध्या में प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। संध्या समय 51 हजार दीपों से दीप उत्सव, आकर्षक आतिशबाज़ी और अन्य कार्यक्रमों ने माहौल को अलौकिक बना दिया। यह आयोजन सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का अद्भुत उदाहरण बनकर सामने आया।

# सांसद सतनाम ने पंजाब के अहम मुद्दों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सौंपी रिपोर्ट

अनंत ज्ञान



**नई दिल्ली।** पंजाब वर्तमान में कई चुनौतियों से गुज़र रहा है। ऐसे में राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की तथा पंजाब से जुड़े कई अहम मुद्दों को उजागर करते हुए 17 मुद्दों की विस्तृत रिपोर्ट उन्हें सौंपी। इसके अलावा, उन्होंने नदी प्रदूषण, भूजल स्तर में गिरावट, बार-बार बाढ़ की समस्या और सहकारी सुधारों से संबंधित तीन अलग-अलग रिपोर्टें भी केंद्रीय गृह मंत्री को सौंपी। सांसद सतनाम सिंह संधू ने केंद्रीय गृह मंत्री के साथ पंजाब के उद्योग, किसानों की समस्याओं, बार-बार आने वाली बाढ़, नशीले पदार्थों की तस्करी, युवाओं और जल संकट जैसे राज्य से जुड़े अन्य प्रमुख मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की।

गौरतलब है कि 17 मुद्दों से जुडी यह रिपोर्ट अपनी तरह के पहले इंटरैक्टिव सत्र ''पंजाब के लिए चुनौतियाँ, अवसर और आगे का मार्ग' विषय पर आयोजन के दौरान व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार की गई थी। जिसमें प्रतिष्ठित राजनीतिक नेताओं, पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों, विचारकों और जाने-माने थिंक टैंक के प्रमुख नीति विशेषज्ञों ने पंजाब की प्रमुख चुनौतियों जैसे कृषि, आर्थिक विकास, नशीले पदार्थों की समस्या, बढ़ती बेरोज़गारी, युवाओं का पलायन और बढ़ता कर्ज़, पर्यावरणीय गिरावट, भूजल की कमी के कारण गहराता जल संकट और औद्योगिक विकास के लिए कारोबारी माहौल से जुड़े रणनीतिक सुझाव दिए थे। मार्च के पहले सप्ताह में आयोजित इस सत्र में विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता और विभिन्न बुद्धिजीवी, शिक्षाविद, नीति विशेषज्ञ, उद्योग जगत के नेता और पूर्व प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे। सांसद ने केंद्रीय गृह मंत्री को राज्य में सहकारी क्षेत्र, गहराते भूजल संकट, और नदी जल प्रदूषण व बाढ़ के मुद्दों पर 3 अलग-अलग विस्तृत रिपोर्ट भी सौंपीं। पंजाब में सहकारी क्षेत्र को मज़बूत करने के विषय पर केंद्रीय गृह मंत्री को सौंपी गई विस्तृत रिपोर्ट में सांसद संधू ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जहां ऐतिहासिक रूप से सहकारी क्षेत्र पंजाब की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नींव मानी जाती है, वहीं वर्तमान में यह गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है।

## आरबीयू में विशेषज्ञों ने यूपीएससी अभ्यर्थियों से साझा किए सफलता मंत्र

**अनंत ज्ञान, मोहाली।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी (आरबीयू) द्वारा अपने अल्फा स्कूल के माध्यम से कैंपस में 'यूपीएससी तैयारी रणनीति: बुनियाद से सफलता तक' विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और फैकल्टी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस सत्र में नेक्स्ट आईएएस के प्रतिष्ठित वक्ता शामिल थे, जिनमें विकास सिंह पंवार (एआईआर 159, सिविल सेवा परीक्षा), नीरज सिंह (प्रमुख - मानव संसाधन) और मयंक सिंह (सहायक फैकल्टी) शामिल थे। उन्होंने प्रभावी तैयारी रणनीतियों और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के सही दृष्टिकोण पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। सभा को संबोधित करते हुए, विकास सिंह पंवार ने अपनी प्रेरणादायक यात्रा साझा करते हुए छात्रों को उत्साहित किया। उन्होंने प्रसिद्ध क्विज़ शो कौन बनेगा करोड़पति के विजेता के रूप में अपनी उपलब्धि का उल्लेख किया, जहां उन्होंने □50 लाख जीते थे। उन्होंने यूपीएससी में सफलता के लिए निरंतरता, आत्म-अनुशासन और एक सुव्यवस्थित अध्ययन योजना के महत्व पर जोर दिया। साथ ही, उन्होंने छात्रों को चुनौतियों के बावजूद केंद्रित, दृढ़ और आत्मविश्वासी बने रहने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) संजय कुमार और अल्फा स्कूल की निदेशक प्रो. (डॉ.) पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समापन एक प्रेरणादायक नोट के साथ हुआ, जिसमें छात्रों को समर्पण और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

**जायजा** मीत हेयर और दीपक बाली ने पंजाब किंग्स-गुजरात टाइटन्स मैच की तैयारियों का लिया जायजा

# स्टेडियम सुरक्षा, पार्किंग व भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान

अनंत ज्ञान

**इंदर पाल कपूर, मोहाली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएम) - 2026 के तहत 31 मार्च को पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स के बीच होने वाले मैच के लिए पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के मकसद से पीसीए के नवनिर्वाचित सचिव और लोकसभा सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर और पीसीए के उपाध्यक्ष दीपक बाली ने न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर स्थित क्रिकेट स्टेडियम का दौरा किया। इन गणमान्य व्यक्तियों के साथ मोहाली की डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल और एसएसपी हरमनदीप सिंह हंस भी मौजूद थे। उन्होंने स्टेडियम के अलग-अलग सीटिंग ब्लॉक, स्टेडियम तक पहुंचने वाले रास्ते, पार्किंग की सुविधाएं और सुरक्षा उपायों का जायजा लिया। साथ ही, उन्होंने भीड़ प्रबंधन के अहम मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लोगों को बिना किसी परेशानी के क्रिकेट का एक बेहतरीन अनुभव मिल सके।

हर पहलू में बेहतरीन इंतज़ाम सुनिश्चित करने पर ज़ोर देते हुए, मीत हेयर ने कहा कि मैचों का सुचारू रूप से आयोजन पंजाब को अहम मैचों के मेज़बान के तौर पर एक बड़ा नाम दिलाने में अहम भूमिका निभाता है। इससे भविष्य में भी राज्य को प्रतिष्ठित टूर्नामेंटों की मेज़बानी मिलने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने इस बात का भी खास जिक्र किया कि इस साल के आखिर में होने वाले एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट की मेज़बानी के लिए पंजाब को चुना गया है।

नागरिक और पुलिस प्रशासन के बीच पूर्ण तालमेल की वकालत करते हुए, पीसीए के उपाध्यक्ष दीपक बाली ने कहा कि 31 मार्च को होने वाले मैच के अलावा, इस स्टेडियम में 3 और मैच भी खेले जाने हैं, जो पंजाब सरकार के लिए गर्व की बात है। दीपक बाली ने कहा कि समय के साथ यह स्टेडियम प्रतिष्ठित टूर्नामेंटों के केंद्र के तौर पर दुनिया के नक्शे पर अपनी पहचान बना रहा है।



पंजाब किंग्स-गुजरात टाइटन्स मैच की तैयारियों को लेकर बैठक करते हुए। अनंत ज्ञान

◆ **सुचारु आयोजन से पंजाब को मिलेगी प्रतिष्ठा और भविष्य के बड़े टूर्नामेंट**

# सामाजिक कार्यकर्ताओं ने फरीदकोट शहर को 2 अप्रैल को बंद करने का किया आह्वान

अनंत ज्ञान

**इंदर पाल कपूर, मोहाली।** पंजाब में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने 2 अप्रैल को फरीदकोट शहर में बंद का आह्वान किया है। यह कदम बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज में कथित भ्रष्टाचार और गैर-कानूनी गतिविधियों के विरोध में उठाया गया। मोहाली प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सामाजिक कार्यकर्ता सिमरनजीत सिंह मान, बलविंदर सिंह कुंभडा (एस-बीसी महापंचायत पंजाब), सांझा एक्शन फ्रंट मोर्चा के प्रतिनिधि और एडवोकेट ललिता ने यूनिवर्सिटी में 100 करोड़ रुपये के गैर-कानूनी बिल स्कैम और अनधिकृत भर्तियों का मुद्दा उठाया।

सोशल एक्टिविस्ट्स का आरोप है कि वाइस चांसलर डॉ. राजीव सूद के संरक्षण में अधिकारी कथित तौर पर अपने निजी फायदे के लिए नोट जमा कर रहे हैं, जबकि मरीजों को मूलभूत सुविधाएं और दवाएं नहीं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल पंजाब तक सीमित नहीं है, बल्कि दिल्ली में मेडिकल कम्युनिटी में भी वाइस चांसलर की करप्ट इमेज उजागर हो चुकी है। हाल ही में दिल्ली में मेडिकल एसोसिएशन के चुनावों में उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा।

सिमरनजीत सिंह मान और अन्य नेताओं ने कहा कि जॉइंट एक्शन फ्रंट ने यूनिवर्सिटी अधिकारियों के खिलाफ चेतावनी भरे आंदोलन की शुरुआत की है। यदि अगले कुछ दिनों में पंजाब सरकार दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करती, तो किसान संगठनों के समर्थन से 2 अप्रैल को व्यापक पंजाब स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

सोशल एक्टिविस्ट्स ने पंजाब सरकार से अपील की है कि बाबा फरीद जी के नाम पर चल रही इस संस्था की गरिमा और जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए तुरंत और निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में चेयरमैन अवतार सिंह नगला, हरनेक सिंह मलोआ और सतपाल नगला सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।



## स्पोर्ट्स विंडो

### बेंगलुरु 10के में गुलवीर सिंह करेंगे भारतीय एलीट टीम की अगुवाई

**एजेंसी, बेंगलुरु।** मौजूदा एशियाई चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह रविवार को बेंगलुरु में होने वाली टीसीएस वर्ल्ड 10के (10 किमी) दौड़ में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। प्रतियोगिता को वर्ल्ड एथलेटिक्स से गोल्ड लेवल का दर्जा हासिल है। गुलवीर इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने इसी महीने की शुरुआत में न्यूयॉर्क सिटी हाफ मैराथन में तीसरा स्थान हासिल किया था, जहां उन्होंने 59:42 का समय लिया था, जो किसी भी भारतीय हाफ मैराथन धावक का सर्वश्रेष्ठ समय है। टीसीएस वर्ल्ड 10के की कुल पुरस्कार राशि 210,000 अमेरिकी डॉलर है। इसमें पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं को 26,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। गुलबीर ने यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'इस प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलती है और मैं इस साल इसमें भाग लेने को लेकर उत्साहित हूं। बेंगलुरु की सड़कों पर खुद को फिर से परखने का यह एक शानदार अवसर होगा।' (अनंत ज्ञान)

### कोलकाता नाइट राइडर्स में तेज गेंदबाज नवदीप सैनी की हुई एंट्री

**एजेंसी कोलकाता।** आईपीएल-2026 से पहले कोलकाता नाइट



राइडर्स (केकेआर) ने तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को टीम में शामिल किया है। वे चोटिल हर्षित राणा की जगह खेलेंगे। हर्षित टी-20 वर्ल्ड कप के प्रैक्टिस मैच में साउथ अफ्रीका के खिलाफ चोटिल हो गए थे। वहीं, भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे हैं। यहां वे स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग पर काम कर रहे हैं। कोलकाता अपना पहला मैच मुंबई के खिलाफ 29 मई को वानखेड़े में खेलेगी। वहीं, हर्षित राणा आईपीएल से पूरी तरीके से बाहर हो गए हैं। इससे पहले राणा चोट की वजह से टी-20 वर्ल्ड कप भी नहीं खेल पाए थे। टीम मैनेजमेंट ने विकल्पों पर चर्चा के बाद सैनी को चुना। इससे पहले केकेआर आकाश दीप की जगह सौरभ दुबे को भी टीम में शामिल कर चुका है। (अनंत ज्ञान)

### बेंगलुरु एफसी ने स्पेन के पेप मुनोज को बनाया मुख्य कोच

**एजेंसी, बेंगलुरु।** बेंगलुरु एफसी ने स्पेन के पेप मुनोज को 2026-27 के सत्र के अंत तक के लिए नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। इस फुटबॉल क्लब ने वीरवार को यह घोषणा की। मुनोज़ ने इससे पहले एफसी बार्सिलोना के युवा सेटअप में बारका अंडर-19 और बार्सिलोना बी के साथ काम किया है। इसके अलावा वह चीन की राष्ट्रीय टीम और वहां के दो क्लबों किंगदाओ हुआंगहाई और शेडोंग लुनेन्ग के साथ भी कोच के रूप में काम कर चुके हैं। बेंगलुरु एफसी का मुख्य कोच बनने से पहले वह कंबोडिया में प्रेह खान रीच स्वे रींग के साथ यह भूमिका निभा रहे थे। कंबोडिया के क्लब के साथ उन्होंने दो साल का सफल कार्यकाल बिताया, जिसमें क्लब ने दो बार लीग और एक बार लीग कप जीता और इसके साथ ही एएफसी चैलेंज लीग के फाइनल में भी पहुंचा। मुनोज के साथ फेरान बोर्रास भी बेंगलुरु की टीम के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)

### क्रिकेटर सारा टेलर का अलग अंदाज

**सारा** टेलर इंग्लैंड की पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं, जिन्हें महिला क्रिकेट इतिहास के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में गिना जाता है। उन्होंने 2009 और 2017 विश्व कप सहित तीन विश्व खिताब जीते। वह अपने बहतरीन खेल के साथ खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं।



# इस बार नहीं होगी आईपीएल की ओपनिंग सेरेमनी : बीसीसीआई

## पिछले साल आरसीबी विक्ट्री परेड में भगदड़ मचने के चलते लिया फैसला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईपीएल-2026 की ओपनिंग सेरेमनी नहीं होगी। बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने इसकी पुष्टि की है। सीजन का पहला मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच 28 मार्च को होगा।

टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए देवजीत सैकिया ने कहा, पिछले साल 4 जून को हुई दुखद घटना की वजह से आईपीएल के शुरू होने वाले दिन कोई फॉर्मल फंक्शन यानी ओपनिंग सेरेमनी नहीं होगी। बीसीसीआई कोई कल्चरल इवेंट ऑर्गनाइज नहीं कर रहा है। सैकिया ने आगे बताया, 'बीसीसीआई आईपीएल के फाइनल वाले दिन ग्रैंड क्लोजिंग सेरेमनी की प्लानिंग कर रहा है।' आईपीएल का फाइनल 31 मई को खेला जाएगा।

अप्रैल-मई के दौरान पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसमें मैच होस्ट करने वाले राज्य बंगाल, तमिलनाडु और असम भी शामिल हैं। इसी वजह से फिलहाल 28 मार्च से 12 अप्रैल तक होने वाले 20 मैचों का ही शेड्यूल जारी किया गया। (अनंत ज्ञान)




### पिछले बार शाहरुख, श्रेया ने किया था परफॉर्म

**आईपीएल-2025** की ओपनिंग सेरेमनी ईडन गार्डन्स में आयोजित हुई थी। इस कार्यक्रम को शाहरुख खान ने होस्ट किया, जबकि दिशा पाटनी, श्रेया घोषाल और करण औजला ने शानदार परफॉर्मेंस दी। इसके अलावा शाहरुख खान, विराट कोहली और रिंकू सिंह ने भी स्टेज पर डांस किया था। सेरेमनी के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच टूर्नामेंट का पहला मुकाबला खेला गया था।

### मैच से पहले दी जाएगी श्रद्धांजलि : आरसीबी

**भगदड़** वाली घटना की याद में आरसीबी और केएससीए ने स्टेडियम में एक स्मारक पट्टिका (मेमोरियल प्लाक) लगाने और 11 सीटों को हमेशा खाली रखने का फैसला किया है। ये सीटें इंटरनेशनल मैच में भी उन 11 लोगों की याद में कभी बेची नहीं जाएंगी। वहीं, स्मारक पट्टिका को स्टेडियम के एंट्री गेट के पास लगाया जाएगा, ताकि यह जगह हमेशा श्रद्धांजलि का प्रतीक बनी रहे। इसके अलावा, आईपीएल मैच से पहले पीड़ितों के नाम प्रदर्शित किए जाएंगे और एक मिनट का मौन भी रखा जाएगा।

### भगदड़ मचने से चली गई थी 11 लोगों की जान

4 जून 2025 को आरसीबी ने पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। इसके बाद टीम ने एक विक्ट्री परेड निकाली थी। इस जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी।

# टीम इंडिया इस साल भारत में खेलेगी 22 अंतरराष्ट्रीय मैच

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के घरेलू अंतरराष्ट्रीय सत्र 2026-27 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इस सत्र में भारत वेस्टइंडीज, श्रीलंका, जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा। पूरे सत्र में 17 शहरों में कुल 22 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जाएंगे, जिससे देशभर के दर्शकों को उच्च स्तरीय क्रिकेट देखने का अवसर मिलेगा।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ शृंखला से होगी शुरुआत

घरेलू सत्र की शुरुआत 27 सितंबर 2026 से वेस्टइंडीज के खिलाफ होगी। इस दौरे में तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जाएंगे। एकदिवसीय मैच तिरुवनंतपुरम, गुवाहाटी और न्यू चंडीगढ़ में होंगे, जबकि टी-20 मुकाबले लखनऊ, रांची, इंदौर, हैदराबाद और बेंगलुरु में आयोजित किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)




### दिसंबर में श्रीलंका के साथ होंगे वनडे व टी-20 मैच

दिसंबर 2026 में श्रीलंका की टीम भारत दौरे पर आएगी। इस दौरान तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मुकाबले खेले जाएंगे। एकदिवसीय मैच दिल्ली, बेंगलुरु और अहमदाबाद में होंगे, जबकि टी-20 मैच राजकोट, कटक और पुणे में खेले जाएंगे। नए वर्ष 2027 की शुरुआत में जिम्बाब्वे की टीम भारत दौरे पर आएगी। इस दौरान तीन एकदिवसीय मुकाबले खेले जाएंगे, जो कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई में आयोजित होंगे।

**◆ जिम्बाब्वे के खिलाफ होगी वनडे सीरीज**

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से समापन

**घरेलू** सत्र का समापन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से होगा, जिसकी शुरुआत 21 जनवरी, 2027 से नागपुर में होगी। इसके बाद चेन्नई, गुवाहाटी, रांची और अहमदाबाद में मुकाबले खेले जाएंगे। यह शृंखला विश्व क्रिकेट की दो मजबूत टीमों के बीच कड़ी टक्कर का गवाह बनेगी।

# मियामी ओपन : सबालेंका और रिबाकिना के बीच सेमीफाइनल

**एजेंसी, मियामी**



मियामी में खेले जा रहे प्रतिष्ठित मियामी ओपन 2026 में महिला एकल वर्ग में वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका और दुनिया की नंबर-2 खिलाड़ी एलेना रिबाकिना के बीच एक और हाई-वोल्टेज मुकाबला देखने को मिलेगा। दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। डिफेंडिंग चैंपियन सबालेंका ने अमेरिका की हैली बैपटिस्ट को 6-4, 6-4 से हराया। वहीं रिबाकिना ने पांचवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 2-6, 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। पेगुला पिछले साल इसी टूर्नामेंट में सबालेंका से फाइनल हार चुकी थीं।

दोनों स्टार खिलाड़ी वीरवार रात हार्ड रॉक स्टेडियम में फाइनल में जगह बनाने के लिए आमने-सामने होंगी। सबालेंका और रिबाकिना के बीच हाल के मुकाबले बेहद रोमांचक रहे हैं। इस साल जनवरी में खेले गए ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में रिबाकिना ने सबालेंका को हराया था, जो 2026 में सबालेंका की एकमात्र हार रही। हालांकि, सबालेंका ने इंडियन वेल्स ओपन के फाइनल में जीत दर्ज कर उसका बदला चुका लिया। मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि रिबाकिना के खिलाफ मुकाबले हमेशा कड़े और रोमांचक होते हैं और वह इस भिड़ंत को लेकर काफी उत्साहित हैं। सबालेंका अब 'सनशाइन डबल' (इंडियन वेल्स और मियामी ओपन जीतने) से सिर्फ दो जीत दूर हैं। क्वार्टर फाइनल में सबालेंका को बैपटिस्ट से कड़ी चुनौती मिली, लेकिन अहम मौकों पर उन्होंने दबाव संभालते हुए जीत दर्ज की।

दूसरी ओर, रिबाकिना ने पेगुला के खिलाफ खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी की। पहला सेट गंवाने के बाद उन्होंने लय पकड़ी और लगातार पांचवीं बार पेगुला को हराया। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल शुरू होने से जबरदस्त फॉर्म में नजर आ रहे आरसीबी के स्टार बल्लेबाज

# कोहली ने 19 गेंदों में बनाए 45 रन

**एजेंसी, बेंगलुरु**

आईपीएल शुरू होने से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली जबरदस्त फॉर्म में नजर आ रहे हैं। बेंगलुरु में आरसीबी के दूसरे इंट्रा स्क्वाड मैच में विराट कोहली ने तेज पारी खेलते हुए 19 गेंद में 45 रन बनाए। टीम के मेंटर और बैटिंग कोच दिनेश कार्तिक ने उनकी फॉर्म और इरादे की तारीफ की है। इससे पहले सोमवार को खेले गए पहले इंट्रा-स्क्वाड मैच में भी विराट ने 12 गेंदों पर 29 रन बनाए थे।

मुश्किल दौर से गुजर रहे फिल साल्ट को कोहली का साथ

वीडियो में विराट कोहली अपने ओपनिंग पार्टनर फिल साल्ट को गेंदबाजी करते हुए भी दिखे। साल्ट फिलहाल टी-20 क्रिकेट में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में उन्होंने 8 पारियों में सिर्फ 130 रन बनाए थे। ऐसे में कोहली अनुभवी सीनियर खिलाड़ी के तौर पर साल्ट का हौसला बढ़ाते और उन्हें सपोर्ट करते नजर आए।




### कार्तिक बोले- वे खुद को बेहतर बना रहे



**मैच** के बाद आरसीबी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें दिनेश कार्तिक ने कहा,'आज का गेम अच्छा रहा। विराट की क्लास शुरुआत में ही दिख गई थी, उन्होंने कुछ बेहतरीन शॉट्स खेले। विराट की महानता यह है कि वे हर साल एक खास प्लान और इरादे के साथ आते हैं। आपने देखा कि उन्होंने अपनी बल्लेबाजी को किस स्तर पर पहुंचाया है। मुझे लगता है कि इस साल वे और भी बेहतर करने की कोशिश करेंगे।'

### पिछले प्रैक्टिस मैच में भी दिखा था पाटीदार व जितेश का जलवा

**सोमवार** को हुए पहले इंट्रा स्क्वाड मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज जीतेश शर्मा ने 37 गेंद में 81 रन बनाए थे। कप्तान रजत पाटीदार ने 25 गेंद में 74 रन ठोके। कोहली ने वहां 12 गेंद में 29 रन बनाए थे। उस मैच में वेंकटेश अय्यर की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 234/7 बनाए। जवाब में कुणाल पंड्या की टीम ने 247 रन बनाकर मैच जीता।

### विश्व कप फुटबॉल के लिए एक अप्रैल से आरंभ होगी अतिरिक्त टिकटों की बिक्री

**एजेंसी, लंदन।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बुधवार को घोषणा की कि विश्व कप टिकटों के अंतिम दौर की बिक्री एक अप्रैल से शुरू होगी। फीफा ने कहा कि दिसंबर और फरवरी के बीच पिछली बिक्री के अंत तक दस लाख से अधिक टिकट बिक चुके थे और अतिरिक्त टिकट एक अप्रैल से टूर्नामेंट के अंत तक आम बिक्री के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा। फीफा को टिकटों की कीमत को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दिसंबर में टिकटों की बिक्री आम जनता के लिए शुरू की गई थी और तब फुटबॉल प्रेमियों ने फीफा पर विश्वासघात का आरोप लगाया था क्योंकि ग्रुप चरण का सबसे कम कीमत वाला टिकट 140 डॉलर का था जबकि फाइनल के टिकटों की कीमत 8680 डॉलर तक थी। (अनंत ज्ञान)

# बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 6-2 से हराया

**एजेंसी, मैड्रिड**

मैड्रिड यूईएफए महिला चैंपियंस लीग के क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में बार्सिलोना महिला फुटबॉल टीम ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड महिला फुटबॉल टीम को 6-2 से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिया है। यह मुकाबला प्रतिष्ठित 'एल क्लासिको' के रूप में खेला गया, जिसमें बार्सिलोना का पूरी तरह दबदबा देखने को मिला।



मैड्रिड में खेले गए इस मुकाबले में ईवा पाजोर ने दो गोल दागे, जबकि एज्मी ब्रुग्ट्स, आइरीन परेडेस, विकी लोपेज और एलेक्सिया पुटेलास ने एक-एक गोल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। रियल मैड्रिड की ओर से लिंडा कैइसेडो ने दोनों गोल किए, लेकिन वह टीम को हार से नहीं बचा सकीं।

बार्सिलोना ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और पहले हाफ में 2-0 की बढ़त बना ली। हालांकि 30वें मिनट में कैइसेडो ने गोल कर रियल को मैच में वापसी दिलाने की कोशिश की। इसके बाद बार्सिलोना ने लगातार गोल कर स्कोर 5-1 कर दिया और मैच पर पूरी तरह कब्जा जमा लिया।

दूसरे हाफ में कैइसेडो ने एक और गोल कर अंतर कम किया, लेकिन अंत में पुटेलास ने 89वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 6-2 कर दिया। तीन बार की चैंपियन बार्सिलोना लगातार आठवीं बार सेमीफाइनल में पहुंचने के बेहद करीब है। (अनंत ज्ञान)

### आईएसएसएफ शॉटगन वर्ल्ड कप स्पर्धा के लिए भारतीय निशानेबाज पूरी तरह से तैयार

**एजेंसी, मोरक्को।** आईएसएसएफ शॉटगन वर्ल्ड कप टांगीयर के तहत भारतीय स्कीट टीम 27 मार्च से शुरू हो रही प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार है। पहला टूर्नामेंट क्लब टांजेरोआ द तिर, टांगीयर में आयोजित होगा, जहां दुनिया के कई शीर्ष निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष और महिला वर्ग में 75-75 टारगेट होंगे। इसके बाद 50 टारगेट और रविवार को फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। मुकाबले भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे (स्थानीय समय सुबह 9 बजे) शुरू होंगे। महिला फाइनल रात 8:30 बजे और पुरुष फाइनल रात 10:00 बजे आयोजित होंगे। भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में अधिकतम छह-छह खिलाड़ियों की एंट्री दी है, जबकि दो-दो खिलाड़ी रैंकिंग पॉइंट्स के लिए भाग लेंगे। महिला वर्ग में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन फ्रांसिस्का क्रोवेटो चादीद मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करके प्रमुख आकर्षण होंगी। (अनंत ज्ञान)

### यथार्थ व उस्मान मैन ऑफ द मैच

**एजेंसी, मुरादाबाद।** अवस्थी मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में एमपीएस के मैदान पर पहला मुकाबला सैंट पाल क्रिकेट अकादमी और द आर्यांश क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया और दूसरा मैच रुक्मणी क्रिकेट अकादमी और एमपीएस क्रिकेट अकादमी के बीच हुआ। पहला मैच सेंट पॉल क्रिकेट अकादमी ने 93 रन से जीता। इसमें मैन ऑफ़ द मैच यथार्थ व्यस्त को चुना गया। दूसरा मैच रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ने 26 रन से जीत लिया। इसमें मैन ऑफ द मैच मोहम्मद उस्मान को चुना गया। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता एडवोकेट ने बताया डीएसए मुरादाबाद एवं अवस्थी मेमोरियल कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अवस्थी मेमोरियल प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन ग्रुप ए के दो मुकाबले खेले गए। (अनंत ज्ञान)

## वेट लिफ्टिंग | जापान के नागोया में होने वाली एशियन गेम्स में 49 किलोग्राम वर्ग में उतरेंगी चानू

# एशियन गेम्स में पदक जीतना मेरा अधूरा सपना: मीराबाई

**एजेंसी, रायपुर**

पिछले एक दशक से सैखोम मीराबाई चानू भारतीय वेट लिफ्टिंग का बड़ा नाम रही हैं। इस दौरान उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक, तीन विश्व चैंपियनशिप पदक और तीन कॉमनवेल्थ गेम्स पदक जीते हैं, लेकिन एक उपलब्धि अब भी उनसे दूर है और वह है एशियाई खेलों का पदक।

मीराबाई ने कहा, 'एशियन गेम्स मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि वहां मेरा अधूरा सपना है। वहां प्रतियोगिता का स्तर बहुत ऊंचा होता है, जो इसे और चुनौतीपूर्ण बनाता है। उनके लिए एक बड़ी चुनौती वेट कैटेगरी बदलना भी है।

वह आमतौर पर 49 किलोग्राम वर्ग में खेलती हैं, लेकिन नियमों में बदलाव के कारण अब उन्हें 48 और 49 किलोग्राम के बीच बदलाव करना होगा। वह 23 जुलाई से 2 अगस्त तक ग्लासगो में होने वाले 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स में 48 किलोग्राम वर्ग में खेलेंगी। इसके बाद 19 सितंबर से 4 अक्तूबर तक जापान के नागोया में होने वाले एशियन गेम्स में 49 किलोग्राम वर्ग में उतरेंगी।

उन्होंने साई मीडिया से कहा, 'कॉमनवेल्थ गेम्स तक मैं अपना वजन 48 किलोग्राम में रखूंगी, लेकिन उसके दो महीने बाद एशियन गेम्स 49 किलोग्राम में हैं, इसलिए मुझे फिर से बदलना होगा।'

मीराबाई ने 2026 सीजन की शुरुआत फरवरी में राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप से की, जहां उन्होंने 48 किलोग्राम वर्ग में तीन नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए। उन्होंने स्नैच में 89 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 116 किलोग्राम वजन उठाया। कुल 205 किलोग्राम के साथ उन्होंने स्वर्ण पदक जीता। यह उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। मीराबाई ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की शुरुआत की सराहना करते हुए कहा कि यह दूर-दराज के खिलाड़ियों के लिए बड़ा मंच है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देना गर्व की बात है। इससे दूर-दराज के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। खासकर उत्तर-पूर्व और जनजातीय क्षेत्रों में बहुत प्रतिभा है, लेकिन उन्हें सही मंच नहीं मिल पाता।

उन्होंने नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और साई ट्रेनिंग सेंटर की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, 'इन केंद्रों में खिलाड़ियों को बेहतरीन ट्रेनिंग, पोषण और सुविधाएं मिलती हैं। यहां कई युवा खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे हैं। ये केंद्र भारतीय खेलों को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।' (अनंत ज्ञान)

### 19 साल की उम्र में एशियन गेम्स में लिया था भाग



**मीराबाई** चानू ने पहली बार 19 साल की उम्र में 2014 इंचियोन एशियन गेम्स में हिस्सा लिया था, जहां वह नौवें स्थान पर रहीं। 2018 जकार्ता एशियन गेम्स से उन्हें पीठ की चोट के कारण हटना पड़ा। 2022 हांगझोउ एशियन गेम्स में वह पदक के बहुत करीब पहुंचीं, लेकिन कूल्हे की चोट के कारण उनका सपना टूट गया। इस चोट के कारण वह लगभग पांच महीने तक खेल से बाहर रहीं। 31 वर्षीय मीराबाई ने इसके बाद शानदार वापसी की और 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया, जहां वह लगातार दूसरा ओलंपिक पदक जीतने से थोड़ा चूक गईं। अब उनका पूरा ध्यान एशियन गेम्स में पदक जीतने पर है।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
'अनंत ज्ञान' की प्रति प्राप्त करने
समाचार, विज्ञापन, शुभकामना संदेश
एवं निविदा प्रकाशित करने के लिए संपर्क करें।
''अनंत ज्ञान – आपकी आवाज, आपका समाचार पत्र''
शिमला > सत्यदेव भारद्वाज, ब्यूरो चीफ, मो. 70181-60595
धर्मशाला > राजेश कुमार, जिला प्रभारी, मो. 98164-48474
सोलन > मोहन चौहान, जिला प्रभारी, मो. 94181-57519
मंडी > अनिल शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 94189-80288
हमीरपुर > विक्रम ढटवालिया, ब्यूरो चीफ, मो. 94180-03422
बिलासपुर > अरुण डोगरा, जिला प्रभारी, मो. 90159-09310
चंबा > राहुल सहगल, वरिष्ठ संवाददाता, मो. 78278-66759
ऊना > राजेश शर्मा, ब्यूरो चीफ, मो. 98163-96500
कुल्लू एवं लाहौल/स्पीति > कमलेश वर्मा, जिला प्रभारी, मो. 86298-97600
पठानकोट > अशोक ठाकुर, विशेष संवाददाता, मो. 94184-85666
चंडीगढ़/मोहाली > गुरनाम सागर, स्टाफ रिपोर्टर, मो. 99153-26615
Head Office:- Plot No.8, Phase-II, Ind. Area
Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H. P.)- 176047
Contact: 01892-299098, 98168-75517
Email: anantgyaanmedia@gmail.com